CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :38°C
न्यूनतम: 21°C

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 16 अप्रैल 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 88 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2083 27 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



महिला आरक्षण में SC,ST और OBC महिलाओं के लिए कोटा सुनिश्चित हो: मायावती पेज 2



धीमी ओवर गति के लिए अजिंक्य रहाणे पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगा खेल टाइम्स



सही समय: महिला आरक्षण से बदलेगी भारतीय लोकतंत्र की तस्वीर सम्पादकीय



इजरायल-लेबनान ने तीन दशक बाद की सीधी बातचीत पेज 12

# CBSE: 10वीं के नतीजों में बेटियां अव्वल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने इस वर्ष देशभर के 22 रीजन में घोषित किए गए हाईस्कूल परिणामों में कुल 93.70 फीसदी छात्र-छात्राएं सफल हुए हैं।

इस बार भी परिणामों में लड़कियों ने बाजी मारी है और बेहतर प्रदर्शन के साथ अपनी बढ़त कायम रखी है। इस साल त्रिवेंद्रम रीजन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 99.79 फीसदी के साथ देश में पहला स्थान हासिल किया। नोएडा रीजन का प्रदर्शन इस बार गिरा है। यहां पास प्रतिशत 87.66 फीसदी रहा, जो पिछले साल के 90.75 फीसदी के मुकाबले 3.09 फीसदी कम है। इसके साथ ही परीक्षा देने वाले 25 लाख से अधिक छात्रों का इंतजार खत्म हो गया। बुधवार शाम 4 बजे उमंग और डिजिलॉकर सहित सभी सरकारी पोर्टल सक्रिय हो गए और एक फ्लैश संदेश के जरिये परिणामों की घोषणा की गई। सीबीएसई की नई द्वि-बोर्ड प्रणाली के तहत, इस बार कक्षा 10वीं के नतीजे अप्रैल के बजाय मई की शुरुआत में आने की उम्मीद थी, लेकिन बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र को सुव्यवस्थित करते हुए परिणाम जारी कर दिए हैं। इस नई



**■ 93.70 प्रतिशत छात्र हुए पास, लड़कियों का पास प्रतिशत 94.99 व लड़कों का 92.69% रहा**

प्रणाली के तहत शैक्षणिक वर्ष को दो अलग-अलग परीक्षा सत्रों में विभाजित किया गया है। पहला सत्र, जो सभी छात्रों के लिए अनिवार्य था, 17 फरवरी से 11 मार्च, 2026 के बीच आयोजित किया गया था। यह परीक्षाएं देश भर के 8,075 परीक्षा केंद्रों पर 83 विषयों के लिए आयोजित की गईं। इस वर्ष कुल 25,08,319 छात्र पंजीकृत थे, जिनमें से 14,08,546 छात्र और 10,99,773 छात्राएं शामिल थीं। बोर्ड परीक्षाओं का दूसरा चरण 15 मई से शुरू होने वाला है। छात्र अब आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से अपनी मार्कशीट और प्रमाणपत्र डिजिटल रूप से प्राप्त कर सकते हैं।

# ईरान के साथ युद्ध खत्म होने के करीब: ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक संभावित कूटनीतिक सफलता का भी दिया संकेत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को घोषणा की कि ईरान के साथ संघर्ष 'समाप्त होने के करीब' है। उन्होंने एक संभावित कूटनीतिक सफलता का संकेत भी दिया है। ट्रम्प ने संकेत दिया कि रुकी हुई बातचीत पाकिस्तान में कुछ ही दिनों में फिर से शुरू हो सकती है, जिससे युद्धविराम समाप्त होने से पहले किसी समझौते की उम्मीद जगी है।

अमेरिका ने ईरान की अर्थव्यवस्था पर अपनी पकड़ काफी सख्त कर दी है। सेना ने पुष्टि की है कि उसने होर्मुज स्ट्रेट के माध्यम से घेराबंदी लागू करते हुए ईरानी समुद्री व्यापार को प्रभावी ढंग से बंद कर दिया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के प्रमुख ब्रैड कूपर ने कहा कि इस अभियान ने 36 घंटों से भी कम समय में ईरान की व्यापारिक जीवन रेखा को पंगु बना दिया है। ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी पूरी तरह से लागू कर दी गई है। ईरान की लगभग 90 प्रतिशत अर्थव्यवस्था समुद्री व्यापार पर निर्भर है, जो अब प्रभावी रूप से ठप हो गई है। शक्ति प्रदर्शन के बावजूद मुख्य गतिरोध अभी भी बने हुए हैं। अमेरिका ईरान के यूरेनियम संवर्धन को तत्काल रोकने और प्रमुख परमाणु केंद्रों को नष्ट करने की मांग कर रहा है। साथ ही होर्मुज को फिर से खोलने की भी मांग कर रहा है। दोनों पक्षों द्वारा समझौते पर सहमति नहीं बन पाने के कारण 10 अप्रैल को हुई पहले दौर की बातचीत के बाद मुख्य मुद्दे अनसुलझे रह गए हैं। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दोनों पक्षों के बीच गहरी अविश्वास की भावना को स्वीकार किया, लेकिन एक सतर्क आशावादी रुख भी अपनाया।

### डोनाल्ड ट्रम्प ने खोला होर्मुज स्ट्रेट का रास्ता

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर बड़ा दावा किया है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर कहा कि उन्होंने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को स्थायी रूप से खोल दिया है। उन्होंने लिखा कि चीन बहुत खुश है कि मैं होर्मुज स्ट्रेट को स्थायी रूप से खोल रहा हूं। मैं यह उनके लिए भी कर रहा हूं और दुनिया के लिए भी। ऐसी स्थिति फिर कभी नहीं होगी। वे ईरान को हथियार न भेजने पर सहमत हो गए हैं। जब मैं कुछ हफ्तों में राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने वहां जाऊंगा तो मुझे जोरदार गले लगाएंगे। डोनाल्ड ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि ईरान से जुड़े संघर्ष के खत्म होने के बाद वैश्विक तेल कीमतों में बहुत बड़ी गिरावट देखने को मिलेगी। ट्रम्प ने कहा कि फिलहाल तेल की कीमतें लगभग 92 डॉलर प्रति बैरल के आसपास हैं, लेकिन हालात सामान्य होते ही इसमें तेज गिरावट आएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### चीनी टैंकर होर्मुज पर अमेरिकी नाकाबंदी तोड़ने में नाकाम

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिकी प्रतिबंध झेल रहा चीनी टैंकर रिच स्टैरी बुधवार को फिर से होर्मुज स्ट्रेट में अमेरिकी नाकाबंदी नहीं तोड़ पाया। यह टैंकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के हमरियाह पोर्ट से चला था। वहां से इसमें करीब 2.5 लाख बैरल मेथेनाल लोड किया था। यह टैंकर खाड़ी से निकलने की कोशिश कर रहा था। लेकिन होर्मुज के आगे अमेरिकी नाकाबंदी की वजह से इसे वापस लौटना पड़ा। इससे पहले भी इस टैंकर ने मंगलवार को होर्मुज स्ट्रेट पार करने की कोशिश की थी।

### राघव चड्ढा को केंद्र ने दी जेड श्रेणी सुरक्षा

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। सूत्रों के अनुसार खुफिया ब्यूरो (आईबी) की खतरे की आशंका को लेकर दी गई रिपोर्ट के आधार पर राघव चड्ढा को यह सुरक्षा प्रदान की गई है। उन्हें दिल्ली और पंजाब में अर्धसैनिक बलों द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाएगी। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि पंजाब सरकार द्वारा राघव चड्ढा को दी गई जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा वापस ले ली गई है। सूत्रों के अनुसार, यह फैसला आप नेता के संसद में पंजाब से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाने में कथित विफलता के चलते उठाया गया है।

### पश्चिम एशिया संकट का असर: अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में 7.9 फीसदी गिरावट

**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे तनाव का असर अप्रैल महीने की हवाई यात्रा पर पड़ा है। अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में व्यवधान देखने को मिला। जबकि वैश्विक व्यापार भी इससे प्रभावित हुआ है, जिससे कई देशों की आर्थिक गतिविधियों पर असर पड़ रहा है। ओएजी के हालिया आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल महीने में देश की कुल विमानन क्षमता जिसमें घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय में हल्की गिरावट दर्ज की गई है। यह कमी करीब 0.2 प्रतिशत रही। इस गिरावट की बड़ी वजह अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की क्षमता में आई तेज कमी है, जो लगभग 7.9 प्रतिशत तक पहुंच गई।

# सम्राट चौधरी ने ली सीएम पद की शपथ

## बिहार में मंत्रियों की सूची से पहले बंटे विभाग

पटना, वार्ता

**भाजपा नेता** सम्राट चौधरी ने बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मुख्यमंत्री बनते ही विभागों के प्रारंभिक बंटवारे की अधिसूचना जारी कर दी है।

अधिसूचना के तहत मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गृह, सामान्य प्रशासन, नगर विकास, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, पथ निर्माण समेत कुल 29 विभाग अपने पास रखे, जबकि दोनों उप मुख्यमंत्री को मिलाकर जनता दल यूनाइटेड को मात्र 18 विभाग दिए गए। गृह विभाग सहित मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन, राजस्व एवं भूमि सुधार, खान एवं भू तत्व, नगर विकास एवं आवास, स्वास्थ्य, विधि, उद्योग, पथ निर्माण, कृषि, लघु जल संसाधन, श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण, युवा रोजगार एवं कौशल विकास, पर्यटन, कला एवं संस्कृति,



**मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गृह समेत 29 विभाग रखे दोनों उप मुख्यमंत्री को मिलाकर जदयू को मात्र 18 विभाग दिए गए**

डेयरी मत्स्य एवं पशु संसाधन, आपदा प्रबंधन, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण, सूचना प्रावैधिकी, खेल, सहकारिता, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन, गन्ना उद्योग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण एवं पंचायती राज विभाग -शेष पृष्ठ दो पर

# LPG लेकर गुजरात के बंदरगाह पहुंचा 'जग विक्रम'

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। भारतीय ध्वज वाला जहाज जग विक्रम करीब 20,400 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर गुजरात के कांडला स्थित दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी पर पहुंच गया है।

पोर्ट अथॉरिटी के अनुसार यह जहाज दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण कांडला में मंगलवार रात ऑयल जेटी-1 पर सुरक्षित रूप से लंगर डाल चुका है। अधिकारियों ने बताया कि यह टैंकर 11 अप्रैल को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पार कर आगे बढ़ा था। यह हाल के दिनों में क्षेत्र में घोषित दो सप्ताह के युद्धविराम के बाद इस मार्ग से गुजरने वाला पहला भारतीय जहाज है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, यह जहाज मार्च की शुरुआत के बाद फारस की खाड़ी से बाहर निकलने वाला नौवां भारतीय जहाज है। हालांकि अभी भी करीब 15 भारतीय ध्वज वाले जहाज क्षेत्र में

**■ हाल के दिनों में क्षेत्र में घोषित दो सप्ताह के युद्धविराम के बाद होर्मुज मार्ग से गुजरने वाला पहला भारतीय जहाज**

मौजूद हैं और आगे के मार्ग के लिए इंतजार कर रहे हैं। रूस ने एक बार फिर संकेत दिया है कि वह ईरान के समृद्ध यूरेनियम से जुड़े विवाद को सुलझाने में सहयोग देने के लिए तैयार है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बुधवार को बीजिंग में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि मास्को इस समस्या के समाधान में विभिन्न तरीकों से योगदान दे सकता है। इसमें उच्च स्तर पर संवर्धित यूरेनियम को ईंधन-ग्रेड यूरेनियम में बदलना या उसका एक हिस्सा रूस में सुरक्षित रखना जैसे विकल्प शामिल हो सकते हैं। लावरोव ने यह भी स्पष्ट किया कि कोई भी कदम ईरान की सहमति से और उसके अधिकारों का सम्मान करते हुए ही उठाया जाएगा।

### विपक्ष करेगा महिला आरक्षण बिल का विरोध

**नई दिल्ली।** देश में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विपक्षी दलों की बैठक के बाद केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि तमाम विपक्षी दल महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन सरकार जिस तरह से इसे लागू करने की योजना बना रही है, वह पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित और जनता को गुमराह करने वाला कदम है। खड़गे ने विपक्षी दलों की बैठक के बाद कहा कि हम सभी महिला आरक्षण बिल के पक्ष में हैं, लेकिन सरकार जिस तरह से इसे लेकर आई है, वह राजनीति से प्रेरित है। हमने हमेशा इस बिल का समर्थन किया है, लेकिन हमारा आग्रह है कि पुराने संशोधनों को लागू किया जाए। सरकार परिसीमन और जनगणना के नाम पर चालें चल रही है। कार्यपालिका के जरिये संविधान की उन शक्तियों को हथिया रही है, जो संसद और संस्थाओं के पास होनी चाहिए, इन्होंने पहले भी असम और जम्मू-कश्मीर के परिसीमन में हमें धोखा दिया है।

# पवन खेड़ा को लगा सुप्रीम कोर्ट से झटका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को दी गई एक हफ्ते की अग्रिम जमानत पर रोक लगा दी है।

यह मामला असम में दर्ज उस एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें खेड़ा पर आरोप है कि उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी के खिलाफ कई पासपोर्ट रखने के आरोप लगाए थे। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरीऔर अतुल एस. चंदुरकर की पीठ ने इस मामले में खेड़ा को नोटिस जारी करते हुए तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है। यह नोटिस असम सरकार की उस याचिका पर जारी किया गया, जिसमें तेलंगाना हाईकोर्ट द्वारा दी गई ट्रांजिट बेल पर रोक लगाने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि फिलहाल संबंधित आदेश (ट्रांजिट बेल) पर रोक लगाई जाती है।

मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज, ओपीडी सेंटर, सदर बाजार, मुजफ्फरनगर

मुजफ्फरनगर में अत्याधुनिक OPD सेंटर का शुभारंभ अब शहर में ही मिलेंगी वरिष्ठ विशेषज्ञों की सेवाएं :-

मुजफ्फरनगर। शहर एवं आसपास के क्षेत्रों के लिए एक बड़ी सौगात I मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के अथक प्रयासों से सदर बाजार, मुजफ्फरनगर में एक अत्याधुनिक OPD सेंटर का शुभारंभ किया जा रहा है।

इस OPD सेंटर की विशेषता यह है कि यहां विभिन्न विभागों के वरिष्ठ एवं अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सक नियमित रूप से उपलब्ध रहेंगे, जिससे मरीजों को एक ही स्थान पर उच्च स्तरीय, सटीक एवं विश्वसनीय चिकित्सा सेवाएं प्राप्त होंगी।

उद्घाटन

1. द्रारा:- माननीय डॉ. सुनील तेवतिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (CMO), मुजफ्फरनगर
2. स्थान- सदर बाजार मुज़फ्फरनगर
3. दिनांक:- 20 अप्रैल 2026
4. समय:- अपराह्न 12:15 बजे

Doctor Name Qualification Department

1. डॉ. सज्जाद मंसूर MBBS, DNB कार्डियोलॉजी
2. डॉ. गौरव निरवाल MBBS, MS सर्जरी
3. डॉ. राहुल गोयल MBBS, MS, MCH यूरोलॉजी
4. डॉ. सुमित कंसल MBBS, MS, MCH न्यूरोसर्जरी
5. डॉ. तरंग गोयल MBBS, MD त्वचा रोग विभाग
6. डॉ. संदीप परमार MBBS, MS कान, नाक, गला विभाग
7. डॉ. मनीष अग्रवाल MBBS, MD बाल शिशु विभाग
8. डॉ. भारती महेश्वरी MBBS, MS स्त्री एवं प्रसूति
9. डॉ. विक्की MBBS, MD मेडिसिन
10. डॉ. अम्बर तिवारी MBBS.MD साइकेट्रिस्ट (मनोचिकित्सक)
11. पैथोलॉजी की सुविधा उपलब्ध है

इस पहल का मुख्य उद्देश्य शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को समय पर उचित परामर्श, सटीक जांच तथा प्रभावी उपचार उपलब्ध कराना है, जिससे गंभीर बीमारियों की रोकथाम के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें।

स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में यह मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज का एक सराहनीय एवं महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्लास्टिक अपशिष्ट गोदाम में आग लगने से तीन लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के बुध विहार इलाके में प्लास्टिक अपशिष्ट गोदाम में भीषण आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बुधवार को दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित एक ऐसे परिवार के सदस्य थे जो बुध विहार के मांगे राम पार्क इलाके में स्थित गोदाम में बनी एक अस्थाई झोपड़ी में रहते थे। यह घटना मध्यरात्रि के दौरान घटी जब साइट पर रखे अपशिष्ट में आग लग गई और वह तेजी से झुग्गी में पफैल गई। दमकल कर्मियों की सात गाड़ियां मौके पर पहुंची और घंटों की मशक्कत के बाद बुधवार सुबह आग पर काबू पा लिया गया। शव बुरी तरह जले हुए थे, जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। आग लगने के सटीक कारण का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

### अनंत स्वरूप बने फिक्की के नए महासचिव

**नई दिल्ली।** उद्योग मंडल पिफक्की ने भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा (आईआरपीएस) के पूर्व अधिकारी अनंत स्वरूप को अपना नया महासचिव नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति बुधवार 15 अप्रैल से प्रभावी हो गई है। पिफक्की ने मीडिया को दी जानकारी में कहा है कि 1992 बैच के आईआरपीएस अधिकारी स्वरूप की नियुक्ति देश के उद्योग जगत के लिए एक महत्वपूर्ण समय पर संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व को और सशक्त बनाती है। उनके पास लोक नीति, लॉजिस्टिक्स, विनियामक सुधार और अंतर्राष्ट्रीय वार्ताओं का तीन दशक से भी अधिक का अनुभव है।

# महिला आरक्षण विधेयक शीघ्र लागू किया जाए:मायावती

## महिला आरक्षण में एससी, एसटी और ओबीसी महिलाओं के लिए कोटा सुनिश्चित किया जाए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम में 33 प्रतिशत आरक्षण में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की महिलाओं के लिए अलग से कोटा सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसा प्रावधान नहीं किया गया, तो इस कदम का वास्तविक उद्देश्य कापफी हद तक निष्प्रभावी हो जाएगा।

सुश्री मााायावती ने लखनऊ में मीडिया से बातचीत करते हुए केंद्र सरकार द्वारा महिला आरक्षण के मुद्दे पर संसद का विशेष सत्र बुलाने के पफैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लंबित इस 33 प्रतिशत आरक्षण को लागू करने की पहल 'उचित और स्वागतयोग्य' है, भले ही इसमें देरी हुई हो। पूर्व मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि समाज, राजनीति और अर्थव्यवस्था में लगातार हाशिए



पर रही एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग की महिलाओं के लिए अलग आरक्षण का प्रावधान किया जाना ऐतिहासिक और न्यायसंगत कदम होगा। उन्होंने कहा कि केवल सामान्य महिला आरक्षण से इन वर्गों की वास्तविक भागीदारी सुनिश्चित नहीं हो पाएगी। यह बयान ऐसे समय आया है जब संसद में महिला आरक्षण लागू करने को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। केंद्र सरकार द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 में संशोधनों पर 16 अप्रैल को चर्चा प्रस्तावित है, साथ ही परिसीमन से जुड़े बिल पर भी विचार किया जाएगा। सरकार 2029 के आम चुनाव से लोकसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने के लिए संवैधानिक संशोधन लाने की तैयारी में है। प्रस्तावित योजना के तहत लोकसभा की कुल सीटें 543 से बढ़ाकर 816 की जा सकती हैं, जिनमें से 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने महिला आरक्षण विधेयक का स्वागत करते हुए इसे जल्द से जल्द लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों को दलगत भावना से ऊपर उठकर इस महत्वपूर्ण विधेयक को लागू कराने के लिए एकजुट होना चाहिए। उन्होंने अपने बयान में कहा कि महिला आरक्षण विधेयक के लागू होने से महिलाओं को राजनीति में उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा, जिससे लोकतंत्र और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश की आधी आबादी को उनके अधिकारों के अनुरूप भागीदारी देना समय की मांग है। बसपा प्रमुख ने केंद्र सरकार से अपील की कि इस विधेयक को लागू करने में किसी प्रकार की देरी न की जाए, ताकि महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाया जा सके।

# नोएडा में श्रमिकों के उग्र प्रदर्शन के बाद केंद्र ने मांगी रिपोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के उग्र विरोध-प्रदर्शनों के बाद केंद्र सरकार सतर्क हो गई है। श्रम मंत्रालय के तहत मुख्य श्रम आयुक्त ने हालात की विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।

अधिकारियों के अनुसार अचानक भड़की हड़तालों और हिंसक घटनाओं ने प्रशासन को भी चौंका दिया है। दरअसल विरोध की शुरुआत सात अप्रैल को हरियाणा के मानेसर औद्योगिक क्षेत्र से हुई, जहां ऑटोमोबाइल सेक्टर के श्रमिकों ने वेतन वृद्धि और बेहतर कार्य-शिफ्ट की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद मंगलवार को नोएडा के सेक्टर-62 में भी श्रमिकों का गुस्सा पफूट पड़ा, जहां बड़ी संख्या में मध्यम उद्योग स्थित हैं और स्थिति हिंसक हो गई। केंद्र

**■ अचानक भड़की हड़तालों और हिंसक घटनाओं ने प्रशासन को भी चौंका दिया**

सरकार इस पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है। सूत्रों के अनुसार सरकार इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं श्रम संहिताओं को लेकर गलत जानकारी पफैलाकर श्रमिकों को भड़काया तो नहीं जा रहा। हालांकि इस पर श्रम मंत्रालय की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। श्रमिकों का आरोप है कि महंगाई तेजी से बढ़ी है, खासकर पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के चलते, लेकिन उनके वेतन में उसके अनुरूप बढ़ोतरी नहीं हुई। नई श्रम संहिताओं के बाद वेतन संरचना में बदलाव से भी उनकी आय पर असर पड़ा है, जो बढ़ते खर्चों के सामने अपर्याप्त साबित हो रही है। भारतीय ट्रेड यूनियन के एक पदाधिकारी ने कहा कि वेतन और शिफ्ट जैसे मुद्दे प्रमुख हैं और इस समय सरकार के साथ बातचीत जारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने कई श्रमिक नेताओं को नजरबंद कर रखा है। नोएडा में यूनियन के जिला सचिव गंगेश्वर दत्त शर्मा को भी नजरबंद किए जाने की बात सामने आई थी। प्रशासन ने श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों और पफैक्ट्री प्रबंधन के साथ वार्ता शुरू कर दी है। उद्योगपतियों का कहना है कि कच्चे माल की लागत बढ़ने से उत्पादन पर असर पड़ा है, जिससे वेतन बढ़ाना उनके लिए चुनौतीपूर्ण हो गया है। विवाद की जड़ न्यूनतम वेतन में नियमित संशोधन को लेकर बताई जा रही है, जो उपभोक्ता मूल्य सूचकांक से जुड़ा होता है और आमतौर पर साल में दो बार अप्रैल और अक्टूबर में संशोधित किया जाता है।

# शाहतूश कारोबारी वन्यजीव अपराध में दोषी करार

नई दिल्ली, वार्ता

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की एक अदालत ने लुप्तप्राय तिब्बती मृग चिरू के बालों से बने शाहतूश शॉल के अवैध निर्यात के आरोप में जयपुर स्थित मेसर्स इंडियन आर्ट गैलरी के मालिक सैयद शाहिद अहमद काशानी को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत दोषी करार दिया है।

दिल्ली के राउज एवेन्यू जिला न्यायालय के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने हाल ही में काशानी के खिलापफ दिसम्बर 2008 में दर्ज मामले में यह पफैसला सुनाया है। उसे लुप्तप्राय तिब्बती मृग (पैंथोलोप्स हॉजसोनी) के बालों से बने शाहतूश शॉल के कारोबार के गंभीर आरोप में दोषी ठहराया गया है। स्थानीय रूप से चिरू के नाम से प्रसिद्ध यह तिब्बती मृग वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची में सूचीबद्ध है और कानूनी रूप से इसका व्यापार प्रतिबंधित है। पिछले 51 साल से शाहतूश शॉल के व्यापार पर वैश्विक स्तर पर प्रतिबंध है। एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार इस मामले की अनूठी विशेषता वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो (डब्ल्यूसीसीबी), केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), सीमा शुल्क और भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्लूआईआई) के बीच लगभग 17 वर्षों तक चले निरंतर समन्वय का परिणाम बताया जा रहा है। डब्ल्यूसीसीबी को यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर निर्यात खेप में 1,290 शाहतूश शॉल होने का पता चला और पफरवरी 2009 में सीबीआई में शिकायत दर्ज की गई। यह पहली बार था, जब वन्यजीव अपराध के मामले में सीबीआई के माध्यम से मुकदमा चलाया गया।

## प्रधानमंत्री ने परिसीमन मुद्दे पर राष्ट्र के साथ जानबूझकर छल किया

# कांग्रेस ने परिसीमन को लेकर मोदी पर बोला हमला

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोला और सरकार पर जानबूझकर धोखा देने और संसदीय प्रतिनिधित्व पर पहले दिए गए आश्वासनों को कमजोर करने का आरोप लगाया। सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर लिखे एक तीखे पोस्ट में, रमेश ने आरोप लगाया कि परिसीमन पर प्रधानमंत्री के दावों का आगामी संसद के विशेष सत्र के लिए प्रसारित विधेयकों में खंडन किया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एक तथाकथित नेता हैं, जिनकी एकमात्र विशिष्ट विशेषता उनकी बेजोड़ भ्रामक नेतृत्व क्षमता है। उन्होंने परिसीमन मुद्दे पर राष्ट्र के साथ जानबूझकर छल किया है।



**■ संसदीय प्रतिनिधित्व पर पहले दिए गए आश्वासनों को कमजोर करने का आरोप लगाया**

प्रस्तावित परिवर्तनों के संभावित प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए, कांग्रेस नेता ने दावा किया कि कई क्षेत्रों के लोकसभा में सापेक्ष प्रतिनिधित्व में कमी आ सकती है। उन्होंने कहा कि दक्षिणी राज्यों के सदस्यों की लोकसभा में संख्या कम हो जाएगी और इसी तरह की स्थिति उत्तर-पश्चिम भारत के छोटे राज्यों और पूर्वी राज्यों की भी है। उन्होंने सरकार की विपफलता पर सवाल उठाया, जो सभी राज्यों में सीटों में एक समान एवं आनुपा. तिक वृद्धि करने की अपनी पिछली प्रतिबद्धता का सम्मान करने में विपफल रही। रमेश ने कहा कि सभी राज्यों के लिए लोकसभा में समानुपातिक संख्या में वृद्धि का जो वादा प्रधानमंत्री और उनके कुछ सहयोगियों ने किया था, उसका क्या हुआ? ऐसा नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री के आश्वा. सनों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। उन्होंने सरकार पर संवैधानिक सिद्धांतों के बजाय राजनीतिक लाभ को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। रमेश ने कहा कि वह सत्ता हथियाने की अपनी अशिष्ट प्रवृत्ति से ऊपर उठकर एक राजनेता बनने में असमर्थ हैं यहां तक कि परिसीमन जैसे संवेदनशील मुद्दे पर भी।

### महिला आरक्षण चर्चा का नहीं, तत्काल क्रियान्वयन का मामला है: डा. अनिल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन डा. अनिल जय हिंद ने कहा है कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिला आरक्षण चर्चा का नहीं, बल्कि उसके तत्काल क्रियान्वयन का मामला है। उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी सरकार 16 अप्रैल से संसद का विशेष सत्र बुला रही है, जिसमें संविधान संशोधन लाने की तैयारी है। जय हिंद के अनुसार पहले सरकार ने 2027 में जातिगत जनगणना, उसके बाद परिसीमन और पिफर महिला आरक्षण लागू करने का रोडमैप बनाया था, लेकिन अब 2011 की जनगणना के आधार पर इसे लागू करने की बात कही जा रही है, जो मौजूदा जनसंख्या बदलावों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जातिगत जनगणना से बचना चाहती है। इस संदर्भ में 2021 में संसद दिए गए आश्वासन और उच्चतम न्यायालय में दिए गए हलपफनामों का हवाला दिया गया।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

सेंसेक्स 78111.24
निफ्टी 24231.30
सोना 15299 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 239934 प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लौटी तेजी सेंसेक्स 1264 अंक चढ़ा

मुंबई, वार्ता

अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता पिफर शुरू होने की उम्मीद में घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी लौट आई और बीएसई का सेंसेक्स 1,263.67 अंक (1.64 प्रतिशत) चढ़कर 78,111.24 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 388.65 अंक यानी 1.63 प्रतिशत की बढ़त में 24,231.30 अंक पर पहुंच गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ पाकिस्तान में शांति वार्ता दो दिन में पिफर शुरू हो सकती है। इससे निवेशकों में उत्साह देखा गया। उत्साहित निवेशकों की



लिवाली से सभी सूचकांकों और सभी सेक्टरों में तेजी रही। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.29 प्रतिशत और छोटी कंपनियों का निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.35 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ।

टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, आईटी, रियलटी, तेल एवं गैस, रसायन और मीडिया समूहों के सूचकांक दो से तीन प्रतिशत के बीच चढ़े। ऑटो, वित्त, एपफएमसीजी, धातु, पफार्मा, बैंकिंग और स्वास्थ्य समूहों के सूचकांक एक से दो प्रतिशत तक मजबूत हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में इंडिगो का शेयर साढ़े चार प्रतिशत से अधिक की बढ़त में रहा। इटरनल और पावरग्रिड में भी चार प्रतिशत से अधिक तेजी रही। अडानी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा, टीसीएस, एलएंडटी और एशियन पेंट्स के शेयर तीन से चार प्रतिशत तक ऊपर रहे। ट्रेंट, सनपफार्मा, कोटक महिंद्रा बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंपफोसिस और बजाज पिफनसर्व के शेयर दो से तीन प्रतिशत मजबूत बंद हुए। टाइटन, एचीडीएपफसी बैंक, मारुति सुजुकी, बजाज पफाइनेंस, एनटीपीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनीलि. वर, बीईएल, आईटीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा स्टील के शेयर एक से दो प्रतिशत ऊपर रहे। भारतीय स्टेट बैंक भी हरे निशान में बंद हुआ, जबकि भारती एयरटेल में गिरावट रही।

# चावल, गेहूं के भाव बढ़े, चीनी नरम दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। गेहूं में भी तेजी देखी गई, जबकि चीनी का भाव टूट गया। वहीं दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 33 रुपये बढ़कर 3,811 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं आठ रुपये महंगा हुआ और 2,778 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत 21 रुपये घट गई। दाल-दलहनों में मिश्रित रुख देखा गया। चना दाल औसतन 12 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ, जबकि अन्य दालों में नरमी रही। उड़द दाल 67 रुपये और मसूर दाल 41 रुपये सस्ती



हुई। मूंग दाल की कीमत 40 रुपये और तुअर दाल की छह रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा आठ रिंगिट चढ़कर 4,474 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0. 69 प्रतिशत की बढ़त में 66.90 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में ज्यादातर खाद्य तेलों में नरमी देखी गई। पाम ऑयल औसतन 204 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। मूंगफली तेल 128 रुपये और सूरजमुखी तेल 93 रुपये सस्ता हुआ। वनस्पति की 82 रुपये और सरसों तेल की 34 रुपये फिसल गया। सोया तेल की कीमत 40 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 76 रुपये प्रति क्विंटल घट गया। चीनी 26 भी 35 रुपये सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7659.32 रुपये, मसूर काली 8040.86 रुपये, मूंग दाल 10137.03 रुपये, उड़द दाल 10764.82 रुपये, तुअर दाल 11227.98 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2778.13 रुपये और चावल 3811.05 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3262.84 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# योगी ने टाटा मोटर्स लखनऊ संयंत्रा से बनी 10 लाखवीं गाड़ी को हरी झंडी दिखाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को टाटा मोटर्स के लखनऊ संयंत्र में बनी 10 लाखवीं गाड़ी को हरी झंडी दिखाई और इसे प्रदेश की औद्योगिक प्रगति का ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि राज्य को ग्लोबल मैन्युपफैक्चरिग हब बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि किसी भी संस्था या समूह की मजबूती के लिए बाहरी तत्वों के हस्तक्षेप से बचना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि बिगाड़ने वाले बहुत मिलते हैं, लेकिन बनाने वाले बहुत कम होते हैं, इसलिए हर कार्मिक का दायित्व है कि वह संगठन को परिवार की तरह समझे और उसकी एकता व विश्वास को बनाए रखे। मुख्यमंत्री ने कार्यसंस्कृति पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी संस्थान की सफलता टीमवर्क, ईमानदारी और कृतज्ञता पर आधारित होती है। हर कर्मचारी को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी प्रतिबद्धता के साथ करना चाहिए, क्योंकि यही भाव दीर्घकालिक प्रगति सुनिश्चित करता है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सम्राट ने...** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने फिलहाल अपने पास रखे हैं। जनता दल यूनाइटेड के खाते में फिलहाल 18 विभाग ही आए हैं, जिसमें उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी को जल संसाधन, संसदीय कार्य, सूचना एवं जन-संपर्क, भवन निर्माण, अल्पसंख्यक कल्याण, शिक्षा, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा, ग्रामीण विकास, परिवहन और उच्च शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं दूसरे उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव को ग्रामीण विकास, परिवहन, उच्च शिक्षा, ऊर्जा, योजना एवं विकास, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन, वित्त, वाणिज्य-कर, समाज कल्याण, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण और ग्रामीण कार्य विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष अजय राय सहयोग करें: योगी

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को पत्र लिखकर सहयोग की अपील की है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि नारी शक्ति वंदन भारतीय लोकतंत्र को अधिक समावेशी, संतुलित और संवेदनशील बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और युगांतकारी पहल है।

योगी ने अपने पत्र में कहा कि आजादी के अमृतकाल में 'नया भारत' समावेशी और न्यायपूर्ण राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जिसमें हर वर्ग की समान भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति इस संकल्प का एक महत्वपूर्ण आधार है और महिला आरक्षण कानून इसी दिशा में एक मजबूत कदम है। योगी ने कहा कि दशकों से संसद और



विधानसभाओं में महिला आरक्षण पर व्यापक विमर्श होता रहा है, लेकिन वर्ष 2023 में इस कानून का लागू होना भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता और सामाजिक न्याय के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। 16 अप्रैल से संसद के दोनों सदनों में इस कानून पर चर्चा प्रस्तावित है, जो 2029 के लोकसभा चुनाव से इसके प्रभावी क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त करेगी। इससे न केवल महिलाओं की राजनी. तिक भागीदारी को संस्थागत मजबूती मिलेगी, बल्कि शासन- व्यवस्था में नया दृष्टिकोण, अधिक संवेदनशीलता और व्यापक प्रतिनिधित्व भी सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि महिला आरक्षण का मुद्दा किसी एक दल या विचारधारा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश की आधी आबादी के अधिकारों और भविष्य से जुड़ा विषय है। उन्होंने इसे सभी राजनीतिक दलों के लिए एक महत्वपूर्ण कसौटी बताते हुए कहा कि इससे यह तय होगा कि हम आने वाली पीढ़ियों को कैसा लोकतंत्र सौंपना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने महिला आरक्षण कानून को लेकर सभी राजनी. तिक दलों से सकारात्मक और रचनात्मक सहयोग की अपील की है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए संसद में व्यापक और सार्थक चर्चा आवश्यक है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को संबोधित करते हुए आग्रह किया कि उनकी पार्टी इस महत्वपूर्ण विषय पर गहन विचार- विमर्श करते हुए संसद के दोनों सदनों में प्रस्तावित संशोधनों के समर्थन में रचनात्मक भूमिका निभाए।

# पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर हमले के मामले में विधायक अभय सिंह समेत सभी छह आरोपी बरी

वाराणसी, वार्ता

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में विशेष न्यायालय (एमपी/एमएलए) के न्यायाधीश यजुवेंद्र विक्रम सिंह की अदालत ने बुधवार को लगभग 24 वर्ष पुराने मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर हुए जानलेवा हमले के सभी छह आरो. पियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया।

धनंजय सिंह ने आरोप लगाया था कि चार अक्टूबर 2002 को वाराणसी से जौनपुर लौटते समय उन पर नदेसर स्थित टकसाल सिनेमा हाल के पास अत्याधुनिक हथियारों से प्राणघातक हमला किया गया था। हमले में धनंजय सिंह, उनके चालक, गनर समेत अन्य लोग घायल हो गए थे। हमलावर मौके से पफरार हो गए थे। इस मामले में गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, संदीप सिंह, संजय सिंह, विनीत सिंह (एमएलसी), विनोद सिंह और सतेन्द्र सिंह को आरोपी बनाया गया था। विधायक अभय सिंह ने पफैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज सच्चाई की जीत हुई है। हम सभी को न्यायपालिका पर पूरा भरोसा था। 24 वर्षों से हम सभी को पफर्जी मामले में पफंसाया गया था। आज इंसापफ का दिन है। एमएलसी विनीत सिंह ने कहा कि न्यायालय पर हम सभी को पूर्ण विश्वास था कि एक दिन सत्य सामने आ जाएगा। मेरे खिलापफ कोई साक्ष्य नहीं था। गलत तरीके से मेरा नाम शामिल किया गया था। यह न्याय और सत्य की जीत है। झूठ बेनकाब हो गया है। पफैसले को लेकर न्यायालय और आसपास के इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। करीब ढाई दशक तक चले इस हाईप्रोपफाइल मामले के पफैसले के बाद पूर्वांचल की राजनीति में हलचल मच गई है।

# वहलना में ग्रामीण की रहस्मय मौत, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

## बिजेन्द्र का शव मिला पशुपालन के स्थान पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंगलवार की रात थाना खालापार क्षेत्र के समीपवर्ती गांव वहलना में एक व्यक्ति की रहस्मय मे मौत हो गई। इस समय गांव के लोग जयंती में शामिल थे और मृतक घटना स्थल पर अकेला था। ग्रामीणों की सूचना पर जिस समय पुलिस मौके पर पहुंची तो शव गांव के एक पशु पालन के स्थान पर पड़ा हुआ था ग्रामीणों ने पीएम कराने से इंकार किया, लेकिन घटना की तह तक जाने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

खालापार कोतवाली क्षेत्र के गांव वहलना निवासी 45 वर्षीय बिजेन्द्र पुत्र महीपाल पांच बिघा कृषि भूमि का किसान था। और वह एक फैक्ट्री में भी काम करता था बिजेन्द्र एक बच्चे का पिता था। बता दे कि मंगलवार को डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की जयंती और गांव के लोग जयंती में शामिल होने के लिए गए हुए थे जैसा की ग्रामीणों का कहना है कि गावं में ही एक पशुपालन का स्थान है और बिजेन्द्र वहां पर गया था। ग्रामीणों ने देखा कि बिजेन्द्र मृत अवस्था में पड़ा हुआ है इसकी सूचना पुलिस को दी गई तो वहलना चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की। बिजेन्द्र की मौत को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चा है, लेकिन मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका गांव के लोग तरह-तरह के अनुमान लगाते रहे। मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार किया, लेकिन पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जीएसटी टीम का होटल वेलविस्टा पर छापा, बिना चालान के लेनदेन मिला

■ देर रात तक टीम ने खंगाले होटल के दस्तावेज, होटल प्रबंधन अपना तर्क रखने से बचता रहा

**मुजफ्फरनगर।** दिल्ली देहरादून नेशनल हाईवे पर स्थित होटल वेल विस्टा में राज्य वस्तु एवं सेवाकर (एसजीएसटी) की विशेष जांच शाखा (एसआईबी) ने जीएसटी चोरी के एक बड़े सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। प्रारंभिक जांच में विभाग ने 3 करोड़ रुपये के अघोषित कारोबार पर 54 लाख रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी है। अधिकारियों का मानना है कि विस्तृत जांच के बाद यह आंकड़ा करोड़ों के पार जा सकता है।

### 15 घंटे चला सर्च ऑपरेशन

**शाह टाइम्स संवादादाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसजीएसटी के संयुक्त आयुक्त सिद्धेशचंद दीक्षित ने बताया कि होटल में जीएसटी संबंधी गड़बड़ियों की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद उपायुक्त मनोज कुमार शुक्ला के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने होटल में लगभग 15 घंटे से अधिक समय तक सघन जांच की, जिसमें होटल के वित्तीय रिकॉर्ड और विभागीय पोर्टल पर दर्ज डेटा में भारी अंतर पाया गया। संयुक्त आयुक्त (एसजीएसटी) सिद्धेश. चंद दीक्षित का कहना है कि होटल संचालकों ने सरकारी राजस्व को भारी क्षति पहुंचाई है। दस्तावेजों की गहन जांच जारी है और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# महिला आरक्षण अधिनियम के समर्थन में आई छात्राएं

## नवाब अज़मत कॉलेज में जागरूकता की अलख



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला आरक्षण अधि. नियम-2023 नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में स्थानीय महाविद्यालय में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं एवं स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए समाज में महिलाओं की भागीदारी को मजबूत करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में मानव श्रृंखला बनाकर एकजुटता का प्रदर्शन किया गया। चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिनमें छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से नारी सशक्तिकरण और समान अधिकारों के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति समर्थन व्यक्त करने के लिए कॉलेज प्रबंधन द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर समस्त स्टाफ एवं छात्राओं ने मिस्ड कॉल कर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। प्राचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक सिद्ध होते हैं।

# पालिका भूमि से हटा पूर्व सभासद का कब्जा

## मंत्री कपिल देव के हस्तक्षेप से हटा कब्जा, बच्चों के लिए बनेगा अस्थाई विद्यालय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगरपालिका की भूमि पर लंबे समय से चले आ रहे कब्जे को प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद खाली करा दिया गया अब इस भूमि का उपयोग मलिन बस्ती के बच्चों की शिक्षा के लिए अस्थायी विद्यालय बनाने में किया जाएगा।

दरअसल इस भूमि पर पूर्व में शिवभक्त कांवड़ यात्रियों की सुविधा और आसपास की बस्ती में निवास कर रहे परिवारों के लिए नगरपालिका द्वारा सरकार के खुले में शौच मुक्त अभियान के तहत सरकारी भूमि पर शौचालय का निर्माण कराया गया था। आरोप है कि वर्तमान सभासद सुनीता के पति सलेक चंद, जो खुद भी पूर्व में इस क्षेत्र से पालिका सभासद निर्वाचित रहे हैं, उन्होंने इस सरकारी संपत्ति पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था और इसे अपने कार्यालय के रूप में उपयोग कर रहे थे। इस मामले को लेकर कई बार स्थानीय स्तर पर विवाद और शिकायतें भी सामने आई थीं। पूर्व में कब्जाधारी सभासद पति को नोटिस भी जारी किया गया था, लेकिन कब्जा नहीं हटाया गया। राज्य मंत्री कपिल देव के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट की निगरानी में नगरपालिका की भूमि से अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि शहर के रुड़की रोड स्थित वार्ड 32 जनकपुरी क्षेत्र में यह कार्रवाई इसके बाद मामला न्यायालय तक पहुंचा, जहां कब्जाधारी ने नगरपालिका के द्वारा कब्जा हटवाने के लिए की जा रही कार्रवाई को गलत करार देकर अपील दायर की, हालांकि न्यायालय की ओर से यथास्थिति बनाए रखने का कोई आदेश जारी नहीं किया गया था और कोर्ट में मामला विचाराधीन है। कोर्ट में अपील होने पर नगरपालिका परिषद् की ओर से कोई भी कदम आगे नहीं बढ़ाया गया। अब नगर विधायक और मंत्री के निर्देश के बाद प्रशासन हरकत में आया और सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। कब्जाधारी से संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि भूमि पर उनका कोई वैध अधिकार नहीं है। सहायक अभियंता निर्माण नैपाल सिंह ने बताया कि बस्ती के निवासियों ने बच्चों के लिए विद्यालय की मांग उठाई थी।

# अधिवक्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

## एसएसपी से दो पुलिसकर्मियों की शिकायत, कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अधिवक्ता के मकान में जबरन घुसने, मारपीट व गाली गलौच के आरोप में कार्यवाही की मांग को लेकर आज अधिवक्ताओं ने पुलिस कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस मामले का एक शिकायती पत्र जनपद के पुलिस मुखिया संजय कुमार वर्मा को दिया गया। अधिवक्ताओं ने दो पुलिसकर्मियों के खिलाफ कुछ सबुत पेश करने की बात कहते हुए कार्यवाही की मांग की।

बुधवार को अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधि मण्डल पुलिस कप्तान के दरबार में पहुंचा और अधिवक्ता दिल नवाज पुत्र रमजान निवासी मिमलाना रोड की ओर से एक तहरीर दी गई। तहरीर में बताया गया कि दस अप्रैल की रात्रि आठ बजे सिपाही अभिषेक कुमार और अरविंद कुमार जो रामलीला टिल्ला की चौकी पर तैनात है बिना किसी कारण जबरन घर में घुस आए। अधिवक्ताओं का कहना था कि अचानक पुलिसकर्मियों के घर में घुसने का विरोध किया तो उन्होने गाली गलौच और मारपीट की है। अधिवक्ताओं ने कहा कि पुलिसकर्मियों से जब सर्च वारंट की बात कही तो उन्होने यहां पर हंगामा किया और गंदी-गंदी गालियां दी। उन्होने बताया कि यह मामला सीसीटीवी कैमरों में कैद है। और घटना के समय ही इस मामले की जानकारी अधिकारियों और शहर कोतवाली पुलिस को दी गई थी।

इस दौरान अधिवक्ता चन्द्रवीर निर्वाल, नवाब चौधरी, मशरूर आलम, जुनैद राणा, महताब, अफताब आलम, हाजी मुनव्वर, ताजिम, अमित भारद्वाज, सतेन्द्र त्यागी, भीष्म पाल, विशाल नसीम तनवीर, सुमीत शर्मा, शावेज आदि शामिल रहे।

# आखिर बेटियों को क्यों नहीं मिल पा रहा इंसाफ, पीड़िता बैठी धरने पर

## बसपा के पूर्व सांसद की भतीजी को तीन तलाक देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वैसे तो सरकार का यह नारा है कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, इतना ही नहीं महिलाओ के सम्मान के लिए शासन प्रशासन हर जत्न प्रयास कर रहा है, लेकिन बहु-बेटियों को अभी भी इंसाफ से वंचित होना पड रहा है। यह बात अलग है कि कही ऐसा भी होता है कि मामुली बात पर ससुरालियों के खिलाफ दहेज उत्पीडन व अन्य गंभीर मामलो में मुकदमा दर्ज कराया जाता है यह बात हम नहीं कह रहे, यह तो कई बार पुलिस जांच में साबित हो चुका है, लेकिन इस हकीकत को भी समझना होका अधिकतर बहु बेटियों का उत्पीडन हो रहा है। कही विवाहिता पति के उत्पीडन से परेशान है तो कही ससुराल के लोग उन पर अत्यचार कर रहे है, हालांकि हाल ही में हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि दहेज उत्पीडन संबंधी मामलो में सीधी रिपोर्ट दर्ज न की जाए, बल्कि इसमें कोर्ट की प्रमीशन भी हो। यह आदेश इसलिए हुआ कि कई मामलों में कुछ विवाहिताएं ससुराल के लोगों पर तरह-तरह के आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज करा देती है, लेकिन हम इसको भी झुठला नहीं सकते कि विवाहिताओं पर अत्याचार नहीं हो रहा है। ऐसे में सवाल यह है कि जिन विवाहिताओं का उत्पीडन हो रहा है उनके मुकदमों को भी संदेह की नजर से देखा जाता है। ऐसे में उत्पीडन की शिकार विवाहिताएं



किससे न्याय मांगे। हाल में भी एक ऐसा ही मामला खालापार में देखने को मिला जहां मेरठ की एक विवाहिता मेरठ से न्याय मांगते-मांगते मुजफ्फरनगर के थाना खालापार क्षेत्र तक पहुंच गई। महिला का आरोप है कि उत्पीडन के साथ उसको घर में न तो प्रवेश दिया जा रहा है और न ही बेटियों से मिलने दिया गया। हम बात कर रहे है जनपद मेरठ की रहने वाली जैबा प्रवीन पुत्री इरफान कुरैशी की। जैबा प्रवीन की शादी 2020 में जनपद मुजफ्फरनगर के खालापार निवासी हाजी फराज के साथ हुई थी। काफी समय तक पति-पत्नी साथ रहे, लेकिन जैसा की विवाि. हता का आरोप है कि कुछ दिन बाद ही उत्पीडन शुरू हुआ। जनपद मुजफ्फरनगर पहुंची जैबा प्रवीन ने बताया कि एक वर्ष पूर्व फराज ने कारोबार के नाम पर फराज ने उसके भाई से चार करोड रूपये उधार लिए थे, लेकिन पैसे मांगने के बाद विवाद शुरू हो गया। कुछ दिन पहले पति ने उसको मेरठ भेज दिया। और जब फराज से पैसे की बात की गई तो आरोप है कि फराज ने तीन तलाक देकर उससे संबंध खत्म करने की बात कह दी। मंगलवार को विवाहिता अपनी ससुराल खालापार पहुंची, लेकिन उसको घर मे घुसने नहीं दिया गया ऐसा आरोप विवाहिता ने लगाया है। विवाहिता इंसाफ के लिए घर के बाहर बैठ गई। पीडिता का कहना है कि उसकी दो मासूम बेटिया है और उसकी बेटी से भी मिलने नहीं दिया जा रहा है। अब पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। सच्चाई क्या है यह तो पुलिस जांच का विषय है और जेबा के पति ने इन आरोपों को निराधार बताया है।

# आरजू ने यश कुमार के साथ लिए सात फेरे

## प्रेमी को पाने के लिए रिश्ते के भाई पर लगाए आरोप, कप्तान से मांगी सुरक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कुछ समय से देखने और सुनने को मिल रहा है कि कुछ युवतियां व युवक परिवार से अलग होकर अपने रिश्ते खुद चुन रहे है इसको यूं भी कहा जा सकता है कि कुछ लडके लडकिया अपने जीवनसाथी खुद ही तलाश कर उनको खुद ही अपना रहे है माता-पिता को खबर उस वक्त लगती है जब बेटा या बेटी जीवनसाथी चुनकर आ जाता है।

आखिर कुछ समय से बेटा बेटी ऐसा रास्ता क्यो चुन रहे है। क्या इसमें मां-बाप की परवरिश मे कमी है या यूं कहा जाए कि माता पिता का इस ओर ध्यान ही नहीं होता। इस मामले को इस तरह से भी देखा जा सकता है कि लडका लडकी को जोडने के लिए मोबाइल की भूमिका भी है। माता पिता की गैर मौजूदगी में इस तरह का कदम उठाने वाले बेटे कहीं-कहीं संगीन घटना का शिकार हो जाते है और बेटियों को भी कही-कहीं शादियों के बाद पछतावा होता है लेकिन उस वक्त तक बहुत देर हो चुकी होती है।

हाल में भी ऐसे कई मामले सामने आ चुके है जहां बेटी या बेटी ने अपना जीवन साथी खुद चुना। गंभीर सवाल तो यह है कि बेटी अपने माता पिता पर गंभीर इलाज लगाने से भी नही चुकती जिस मां ने नौ माह तक अपने पेट में रखा और जिस बाप ने बच्चे के पालन पोषण के लिए रात और दिन नहीं देखा और उनके लिए मेहनत मजदूरी की, लेकिन एक जरा से झूठे प्यार की खातिर मां, बाप, रिश्तेदारों को दर किनार कर दिया जाता है।

बस कुछ बेटियों के लिए दो दिन की मुलाकात वाला प्रेमी ही सब कुछ हो जाता है। हाल में भी बुधवारको एक ऐसा ही मामला देखने को मिला जहां हाईकोर्ट में पेश होने के बाद पुलिस कप्तान के दरबार में पहुंचे प्रेमी युगल ने सुरक्षा की गुहार लगाई। यहां तो बात ठीक है कि प्रेमी युगल ने सुरक्षा मांगी, लेकिन यह बात गंभीर है कि लडकी ने अपने परिजनों पर गंभीर आरोप लगाते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है।

यह मामला कोई पहला नहीं है इससे पहले भी दो दिन के प्यार में खोई प्रेमी की खातिर लडकी ने अपने परिवार पर ही न जाने कैसे-कैसे इलाज लगाए? पुलिस कप्तान के दरबारमें पहुंची लडकी ने बताया कि उसका नाम आरजू है और उसकी मुलाकात यश कुमार से नौकरी करते समय हुई थी। यशकुमार रामपुरी गेट का रहने वाला है, जबकि युवती खालापार की रहने वाली आरजू है।

# रंगदारी के आरोप में बसपा नेता ने पुलिस को सौंपे कागजात

**मुजफ्फरनगर।** बैंकट हाल मालिक विपिन बालियान से 50 लाख कर रंगदारी के मामले में नया मोड आया है। आज आरोपी पक्ष बसपा नेताने भीइस संबंध में कुछ दस्तावेज शपथ पत्रों के साथ पुलिस कार्यालय में भेजे है। जिसमें किसी मामले का हिसाब किताब दर्ज बताया जा रहा है। आरोपी पक्ष ने सभी आरोपो को निराधार बताया है कहा कि उन पर झुठे आरोप लगाया जा रहा है। उन्होने इस मामले को एक विवाद बताया। बसपा नेता ने स्पष्ट कहा कि यदि पुलिस सत्यता के आधार पर कार्यवाही करे तो सच सामने आ जाएगा, क्योकि मामला रंगदारी का नहीं है मामला हिसाब किताब का है। सच्चाई क्या है यह पुलिस जांच का विषय है?

# सिविल लाइन क्षेत्र में पटाखा बुलेट पर कार्रवाई

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन क्षेत्र में पटाखा छोडने वाली बुलेट के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। सिविल लाइन पुलिस पटाखा छोडने वाली बुलेट पर चार पहिया वाले वाहन पर स्टण्ट बाजी करने वाले युवकों के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रही है।

बुधवार को भी सिविल लाइन थाना प्रभारी ने पटाखा छोडने वाली बुलेट पर कडी कार्यवाही की है। अब तक पुलिस कई दर्जन बुलेट सील कर चुकी है तो कई पर बड़ा जुर्माना हुआ है इतना हीं नहीं सिलेंसर बेचने वालों पर कार्यवाही हो रही है।

किसान आई हॉस्पिटल
डॉ. गालिब हसन
M.B.B.S., D.O., M.S.
नेत्र रोग विशेषज्ञ व फेको सर्जन
(भूतपूर्व नेत्र सर्जन नेहरू हॉस्पिटल, टाउन हॉल, मुजफ्फरनगर)
M: 9897190592
फीस 100/- रूपये मात्र



सुविधाएं- मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि द्वारा विदेशी लैन्स के साथ, शुगर व बी.पी. के मरीजों की पर्दे की जाँच व इलाज, आँखों के समस्त ऑपरेशन सस्ते दामों पर किए जाते हैं।
हमारे यहाँ जॉनसन एण्ड जॉनसन और एल्कोन के लैंस उपलब्ध है।
मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि (लेजर) द्वारा विदेशी लेंस के साथ आधुनिक मशीनों द्वारा बिना इंजेक्शन, बिना दर्द और बिना टांके किया जाता हैं।
मोतियाबिन्द ऑपरेशन मात्र 7500/- से शुरु
पताः चरथावल-थानाभवन बस स्टैण्ड, मेन रोड, भारत पैट्रोल पम्प के सामने, मुजफ्फरनगर मो. 9045591662

आवश्यकता है
जामिया इस्लामिया अरबिया मुरादिया स्कूल, चरथावल रोड
(English Medium - कक्षा 1 से 5 तक)
विद्यालय हेतु एक योग्य एवं अनुभवी प्रधानाचार्य (Principal) तथा प्रशिक्षित अध्यापकों (Teachers) की आवश्यकता है।
प्रधानाचार्य के लिए योग्यता: स्नातक/स्नातकोत्तर (शिक्षा में वरीयता) B.Ed
अध्यापक के लिए योग्यता: स्नातक/स्नातकोत्तर (संबंधित विषय में) B.Ed/BTC
आकर्षक वेतन (योग्यता एवं अनुभव के अनुसार), अनुशासित एवं शैक्षणिक वातावरण
प्रवेश संबंधित सूचना: प्रवेश प्रारंभ (Admissions Open)
मासिक शुल्क: 50 रु. मात्र, प्रवेश निःशुल्क (Free Admission)
स्थान: चरथावल रोड: इच्छुक अभ्यर्थी अपना Resume शीघ्र भेजें या संपर्क करें।
M. : 9368215210

जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी क़ीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!
ESTD. 1995
Unique COACHING CENTRE
UNIQUE SUCCESS POINT
पहले देखे! फिर विश्वास करें!
FREE 10 DAYS DEMO
आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!
BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X
+91 7505612792
+91 9412507193
DIR- LOKESH CHAUHAN
M.Sc (Phy.), B.Ed.

# रिजल्ट घोषित होते ही विद्यार्थियों के खिल उठे चेहरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा में सुजडू की खालसा पट्टी निवासी कामरान अहमद ने 97.8 प्रतिशत अंक हासिल किए। उन्होने अपनी मेहनत के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है जिससे उनका परिवार ही नहीं बल्कि पूरा गांव उन पर गर्व महसूस कर रहा है। आफताब राणा एडवोकेट के सुपुत्र कामरान राणा ने 97.8 प्रतिशत अंक हासिल कर सिद्ध कर दिया कि लक्ष्य स्पष्ट हो तो निश्चित रूप से सफलता मिलती है। काम. रान माउंट लिट्रा स्कूल के होनहार छात्र रहे है। इसके अलावा सभासद योगेश मित्तल की भतीजी भव्य मित्तल ने भी 97.6 प्रतिशत अंक हासिल कर परिवार का गौरव बढ़ाया है। द्वारिका सिटी निवासी दीपक गोयल के पुत्र बादल ने भी परीक्षा का प्रचम लहराया है। शारदेन स्कूल की छात्रा राधिका मित्तल ने 92.8 प्रतिशत अंक हासिल किए है। राधिका मित्तल भाजपा नेता अंचित मित्तल की पुत्री है उन्होने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के साथ अपने अध्यापकों को दिया है। राधिका ने कहा कि इंसान के लिए कुछ भी मुश्किल नहीं है। यदि मन में सफलता पाने की इच्छा हो तो मेहनत के बल पर हासिल किया जा सकता है। उधर मुज़फ्फरनगर मे कई मेधावी बच्चो ने अपनी प्रतिभा की धाक जमाई। हनुमान चौक स्थित गर्बी स्कूल के प्रधान अध्यापक दानिश निसार के बेटे आबान दानिश ने शारदेन स्कूल मे 95 प्रतिशत मार्क्स लाकर मेरिट लिस्ट मे स्थान बनाया है।एम जी पब्लिक स्कूल की छात्र अजीहा ןातिमा ने 96.4 प्रतिशत अंक के साथ टॉप किया है। उनके पिता ब्लाक् चरथावल मे प्रधान सहायक व माता सनव्वर् जहाँ उद्यान विभाग् मे कार्यरत है।







# नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप

**बुढ़ाना।** सफीपुर पटी से एक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 16 वर्षीय बेटी बीती 13 अप्रैल की शाम करीब 6 बजे घर से लापता हो गई थी। परिजनों के अनुसार एक अज्ञात युवक उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था।देर रात तलाश के दौरान किशोरी ग्राम हबीबपुर सीकरी में बदहवाश हालत में मिली। पिता का कहना है कि उस समय बेटी की हालत ऐसी नहीं थी कि वह कुछ बता सके। परिजन उसे तत्काल घर ले आए और अगले दिन कोतवाली पहुंचे। पीड़ित पिता ने तहरीर में कहा है कि आरोपी ने नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर ले जाकर गंभीर अपराध किया है। किशोरी का मेडिकल कराया जा रहा है और बयान दर्ज किए जाएंगे। आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है।

## हुसैनपुर कलां में मनाई आंबेडकर जयंती

**बुढ़ाना।** ग्राम हुसैनपुर कलां में पूर्व प्रधान नन्हे सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में वार्ड नंबर 20 से जिला पंचायत के भावी प्रत्याशी मुरसलीन कस्सार हुसैनपुरी ने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से सभी जातियों के लोगों को एकजुट होकर समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के साथ जीने का अधिकार दिलाया। उन्होंने छुआछूत, भेदभाव और असमानता के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया, जिसे यह देश कभी भुला नहीं सकता। इस अवसर पर बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से प्रमोद सलोनिया, साबिर मलिक, ब्रजेश कुमार, संजय सलोनिया, हाशिम मलिक, मेहरबान कस्सार और सचिन सलोनिया आदि लोग मौजूद रहे।

# जनकपुरी के बच्चों को स्कूल भिजवाने टीम सहित पहुंचे मंत्री कपिल देव



**मुजफ्फरनगर।** नगर विधायक एवं प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने आज पुन: जनकपुरी (निकट बिजलीघर) पहुंचकर बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं प्राथमिक विद्यालय जनकपुरी के शिक्षकों को मौके पर बुलाया तथा बच्चों एवं उनके अभिभावकों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया और स्कूल भेजने के प्रति जागरूक किया। इस दौरान मंत्री कपिल देव अग्रवाल जी ने कहा कि हजब मैंने इन छोटे-छोटे बच्चों की आंखों में सपने देखे और यह समझा कि वे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। वहीं बेसिक शिक्षा अधिकारी और प्राथमिक विद्यालय जनकपुरी के शिक्षकों को बुलाकर बच्चों के एडमिशन कराए। हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार है, और यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि कोई भी बच्चा इससे वंचित न रहे। उन्होंने आगे कहा मेरा प्रयास रहेगा कि इन बच्चों के सपनों को साकार करने में कोई कमी न रहे। साथ ही क्षेत्र में शिक्षा की बेहतर व्यवस्था के लिए पास में स्थित एक खाली भूमि पर विद्यालय निर्माण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए, ताकि भविष्य में भी उस क्षेत्र का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। मंत्री कपिल देव अग्रवाल जी ने कहा कि हशिक्षा ही वह सबसे मजबूत माध्यम है, जो एक बच्चे का भविष्य संवारती है और समाज को नई दिशा देती है। हमारा संकल्प है कि हर बच्चा पढ़े, आगे बढ़े और अपने सपनों को पूरा करे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नंद किशोर पाल, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष अजय सागर, बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप एवं उनकी टीम, सिटी मजिस्ट्रेट पंकज , देशबंधु तोमर, मनोज लेमन जी, प्रवीण वर्मा, जगदीश पांचाल, सभासद सलेक चंद , सचिन प्रजापति, नमीष चंदेल सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल का परिणाम रहा शत प्रतिशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा ।** सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल का इस वर्ष परिणाम विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा, क्योंकि अधिकांश विद्यार्थियों ने 80: से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों में काशिश ने 91: अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अक्षिता ,तनिष्क मालियान 90: अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान अक्षिता और उर्वशी व मोक्षी ने 85: अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य विद्यार्थियों का प्रदर्शन भी अत्यंत सराहनीय रहा। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्राचार्य ने अपने संदेश में कहा कि यह सफलता सभी के सामूहिक प्रयास, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर विद्यालय परिसर में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। पूरे विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल रहा। विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इज़हार किया।

# एक थाली में खाएं का संदेश लेकर गांवों में पहुंचे सपा नेता डॉ. सत्येंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बाबा आंबेडकर की 135वीं जयंती पर बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पाटह ने अनूठे अंदाज में जनसंपर्क अभियान चलाया। समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष व वरिष्ठ सपा नेता डॉक्टर सत्येंद्र पाल ने बीते मंगलवार की देर रात तक दर्जनों गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को बाबा साहेब का फेम किया चित्र भेंट कर जयंती की शुभकामनाएं दी। सपा नेता डॉक्टर सत्येंद्र पाल का कारवां बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के काकड़ा गांव, मुबारिकपुर, पुरबालियान, कमाल. पुर, शिकारपुर, आदमपुर, गोयला, शोरम, उमरपुर, कस्बा बुढ़ाना व चंधेडी समेत एक दर्जन से अधिक गांवों में पहुंचा। इस दौरान उन्होंने गांव के बुजुर्गों, युवाओं, बच्चों व महिलाओं से सीधा संवाद किया और हर घर तक बाबा साहेब की तस्वीर पहुंचाई। ग्रामीणों ने ढोल, फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। यहां डॉक्टर सत्येंद्र पाल ने कहा बाबा साहेब ने हमें दुनिया का सबसे बेहतरीन संविधान दिया जिसने हर व्यक्ति को बराबर का हक दिया। उनकी तस्वीर दीवार पर सजाने के लिए नहीं है बल्कि उनके शिक्षित बनो संगठित रहो व संघर्ष करो के नारे को अपने जिंदगी में उतारने के लिए है। उन्होंने कहा चलो मिलकर हम सब नया देश बनाएं, एक थाली



सजाएं, एक थाली में खाएं। यहां पर सपा कार्यकर्ता भी मोजूद थे।

# बार एसोसिएशन बुढ़ाना में मनाई गई डॉ. आंबेडकर जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बार एसोसिएशन बुढ़ाना के कार्यालय में बुधवार को भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। मंगलवार को सार्वजनिक अवकाश के चलते जयंती नही मनाई जा सकी जिसके चलते अधिवक्ताओं ने बुधवार को एकत्र होकर बाबा साहेब को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बार एसोसिएशन सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया गया। बार एसोसिएशन बुढ़ाना के नये अध्यक्ष सुरेश पाल सिंह वर्मा, महासचिव सुभाष राठी और पूर्व अध्यक्ष अवध बिहारी लाल गर्ग सहित अन्य अधिवक्ताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। यहां बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष सुरेश पाल सिंह वर्मा ने कहा कि डॉक्टर भीम राव केवल दलितों के मसीहा नही थे बल्कि पूरे देश के पथ प्रदर्शक थे। एक अधिवक्ता के रूप में बाबा ने कानून की बारीकियों को समझा। उसी आधार पर दुनिया का संविधान देश को दिया। वकील जिस संविधान की दुहाई देकर लोगों को न्याय दिलाते हैं उसके



निर्माता बाबा हैं। संविधान ही वकीलों का सबसे बड़ा हथियार है। यहां पर अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बाबा साहेब की जयंती की खुशी साझा की।

## प्रतिभावान छात्राओं को पुरुष्कृत कर किया सम्मानित

**मोरना।** मोरना ब्लॉक् क्षेत्र के गांव छछरौली में सम्मान समारोह का आयोजन भारतवीर सिंह राठी के आवास पर किया गया जिसमे गत वर्ष व इस वर्ष उच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। गांव निवासी विज्ञान वर्ग की छात्रा आंशिक राठी द्वारा इंटरमीडिएट परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त करने,अन्नू चौहान द्वारा 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने,व गत वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में छात्रा एंजल राठी द्वारा 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करने,11 वी कक्षा की छात्रा वंशिका राठी द्वारा 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करने 11 वी कक्षा की छात्रा निहारिका राठी द्वारा 88 प्रतिशत अंक प्राप्त करने तथा सीएसआईआर परीक्षा मे राष्ट्रीय स्तर पर 28 वी रैंक हासिल करने वाली छात्रा शिखा राठी को शील्ड डायरी, पैन आदि भेंट कर सम्मानित किया गया।कृषि विशेषज्ञ व समा. जसेवी भारतवीर सिंह ने कहा कि शिक्षा ही विकास का माध्यम है।ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की जरूरत है।सर्वेन्द्र उर्फ मिन्टू प्रधान ने कहा कि इस प्रकार के प्रयासों से अन्य को भी प्रेरणा मिलेगी।रालोद महिला जिलाध्यक्ष बबीता राठी, हरिप्रकाश चौहान,उदयवीर सिंह ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम से मिली सफलता हमेशा फलदायी होती है। इस अवसर पर राजवीर राठी,डॉ.नैपाल सिंह,देवेन्द्र राठी, सोहनवीर सिंह, पुष्पेन्द्र राठी, जितेन्द्र प्रधान आदि मौजूद रहे।

**INFORMATION**

I, Sadhuram S/o Raghuvar R/o Vill+PO-Khaikheri, District Muzaffarnagar, Uttar Pradesh pin-251310, Do hereby declare that Sadhu Ram Tyagi & Sadhuram is one and the same person. Please Consider accordingly for all my future references.

**सूचना**

मेरा एक प्लाट का असल बैनामा जो कि श्रीमती मधु रानी पत्नी श्री विनोद कुमार व बीना रानी पत्नी श्री प्रमोद कुमार के नाम है जिसका बही स. 1, जिल्द स. 3683, पृष्ठ संख्या 291 से 296 तक क्रमांक 7025 दिनांक 29/12/1994 कार्यालय उप निबन्धक मुजफ्फरनगर द्वारा पंजीकृत है। वास्तव में कही खो गया है। किसी अन्य के द्वारा इसका प्रयोग अवैध होगा।

**बीना रानी पत्नी श्री प्रमोद कुमार निवासी- 550, मुनीम कॉलोनी, मुजफ्फरनगर संपर्क- 9837310760**

**नोटिस प्रकाशन सूचना**

न्यायालय अपर आयुक्त (प्रशासन) सहारनपुर मण्डल सहारनपुर, अपील वाद संख्या 461/2024, धारा 331 (3) उ.प्र. ज. वि. भू. व्य. अधिनियम ग्राम शौरों दक्षिणी परगना शिकारपुर तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर, सुरेशपाल बनाम रोहताश आदि, 1- सुरेशपाल पुत्र अतल सिंह निवासी ग्राम शौरों परगना शिकारपुर तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर- अपीलार्थी, प्रस्तुत अपील सुरेशपाल पुत्र अतल सिंह निवासी ग्राम शौरों परगना शिकारपुर तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर की ओर से 1- रोहताश पुत्र हरि सिंह, 2- ब्रजवीर पुत्र मोहकम सिंह, 3- कृष्ण पुत्र मो. हकम सिंह 4- सम्राट पुत्र कर्ण सिंह निवासीगण ग्राम शौरों परगना शिकारपुर तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर, 5- ग्राम सभा शौरों द्वारा प्रधान ग्राम शौरों परगना शिकारपुर तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर, 6- सरकार उ.प्र. द्वारा कलक्टर मुजफ्फरनगर को पक्षकार बनाते हुए उपजिलाधिकारी (तहसील स्तर) न्यायिक बुढाना जिला मुजफ्फरनगर द्वारा वाद संख्या कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या टी202109550304100 सुरेशपाल बनाम, रोहताश आदि अन्तर्गत धारा 229 बी उ.प्र. ज.वि. अधिनियम में पारित आदेश दिनांक 15.03.2024 व के विरुद्ध अपील योजित हुई है जिसमें आपको भी पक्षकार बनाया गया है तथा इस अपील में गजट प्रकाशन की प्रति दाखिल करने हेतु दिनांक 20.04.2026 नियत है। अत: इस नोटिस सूचना के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 20.04.2026 को प्रात: 10:00 बजे अपने अधिवक्ता सहित अपील की पैरवी हेतु न्यायालय में उपस्थित हों। यदि सूचना के बाद आप उपस्थित नहीं होते हैं तो यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है तथा न्यायालय द्वारा आदेश पारित किये जायेंगे। दिनांक 10-4. 2026 आज्ञा से- अपर आयुक्त (प्रशासन) सहारनपुर मण्डल सहारनपुर, प्रकाशन हेतु नहीं, अपीलार्थी को इस निर्देश के साथ कि उक्त नोटिस सूचना का प्रकाशन किसी दैनिक व्यापक प्रचार प्रसार वाले समाचार-पत्र जो उस क्षेत्र में अधिक पढ़ा जाता हो में अपने व्यय पर नियत तिथि से कम से कम 03 दिन पूर्व की तिथियों में गजट करायें। गजट प्रति नियत दिनांक 20.04. 2026 को पेश हो।, दिनांक 10-04-2026 **आज्ञा से- अपर आयुक्त प्रशासन सहारनपुर मंडल सहरानपुर।**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरी पुत्री अलीशा मेरे व परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड़ गई है। इसलिए मैने व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों ने अलीशा से सम्बन्ध विच्छेद कर इसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन की स्वयं जिम्मेदार होगी।

**जैनुल पुत्र श्री जरीफ अहमद निवासी न्याजूपुरा, थाना कोतवाली नगर जिला मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र स0 823/04.11.22 मे गलती से माता का नाम अर्चना उपाध्याय अंकित करा दिया गया जबकि वास्तविक नाम अर्चना है और भविष्य मे भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**जितेंद्र कुमार निवासी- मोहनपुरा हरिद्वार उत्तराखंड**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा बडा पुत्र समीर व उसकी पत्नी इशरत मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड़ गये है। इशरत मुझे व मेरे परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती है इसलिए मैने व मेरे अन्य परिवार वालों ने इन दोनों से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैने अपने पुत्र समीर व उसकी पत्नी इशरत को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है आज के बाद इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य, लेन-देन व वाद-विवाद की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी ये अपने कृत्य, लेन देन व वाद विवाद के स्वंय जिम्मेदार होंगे।

**सलीम पुत्र रशीद अहमद निवासी म.न-331 मुतफर्रिक श्यामपुरी इस्लामनगर कस्बा व थाना खतौली जिला मुजफ्फरनगर**

# नारी शक्ति वंदन स्कूटी रैली का जिला संयोजक ममता अग्रवाल ने किया शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर।** आज गांधी कॉलोनी के गांधी वाटिका से मंत्री कपिल देव अग्रवाल व जिला संयोजक ममता अग्रवाल ने नारी शक्ति वंदन स्कूटी रैली का हरि झंडी दिखाकर शुभारंभ किया यह नारी शक्ति वंदन रैली गांधी कॉलोनी नई मंडी द्वारकापुरी होते हुए अंसारी रोड शिव चौक टाउन हॉल चौक होते हुए वापसी गांधी कॉलोनी में संपन्न होगीइस नारी शक्ति वंदन स्कूटी रैली में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं सिर पर पगड़ी बांधकर स्कूटी लेकर स्कूटी वंदन रैली महिलाओं के सम्मान में निकाल रही है मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि महिलाओं




को आरक्षण देने की पहल करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में इस स्कूटी वंदन रैली का आह्वान किया है।

नारी वंदन स्कूटी रैली में मंत्री कपिलदेव अग्रवाल, स्कूटी रैली जिला संयोजक ममता अग्रवाल, जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी,नगरपालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप, समाजसे. विका प्रेरणा मित्तल,समाजसेविका सोनिया लूथरा ,सभासद मनी पटपटिया सहित आयोजक विशाल गोयल, सोसाइटी चेयरमैन पवन छाबड़ा, बीजेपी कार्यालय प्रभारी पिंटू त्यागी, सहित सेकडो महिला व अन्य बीजेपी नेता मौजूद रहे।

# गौ सेवकों ने अन्तिम संस्कार स्थल के लिए दिया धरना

**मुज़फ्फ़रनगर।** मृत पशुओं के अंतिम संस्कार के लिए स्थायी व्यवस्था न होने के विरोध में गौसेवकों ने नगर पालिका परिषद के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। गौसेवकों का आरोप है कि वर्षों से बेसहारा गौवंश की सेवा के बावजूद इस गंभीर मुद्दे पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।प्रदर्शनकारी गौसेवकों ने आरोप लगाया कि शहर में मृत पशुओं के सम्मानजनक अंतिम संस्कार के लिए आज तक कोई निर्धारित स्थान नहीं बनाया गया है। गौसेवक नीशू ने बताया कि नगर पालिका कई बार मांग उठाने के बावजूद इस मुद्दे को लगातार अनदेखा कर रही है।गौसेवक नीशू के अनुसार, जगह की कमी के कारण उन्हें मृत गौवंश का अंतिम संस्कार कहीं भी करना पड़ता है, जो धार्मिक और मानवीय दोनों ख्रष्टियों से अनुचित है। उन्होंने मांग की कि कम से कम पांच बीघा जमीन उपलब्ध कराई जाए, जिसमें चारद. िवारी और अंतिम संस्कार सामग्री रखने के लिए एक कमरा भी हो।गौसेवकों ने अपनी मांगों को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक उनकी बात नहीं मानी जाती, वे नंगे पांव रहकर अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। इस दौरान गौसेवकों ने शहर की अन्य समस्याओं पर भी प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या से लोग परेशान हैं, जिसके समाधान के लिए उनके इलाज और नसबंदी हेतु एक स्थायी केंद्र स्थापित किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, बंदरों के बढ़ते आतंक को देखते हुए उन्हें शहर से हटाकर वन क्षेत्रों में भेजने की मांग भी की गई। उनका मानना है कि इससे आम जनता और बेजुबान जानवरों दोनों को राहत मिलेगी।

## शामली के दानियों ने कॉलेज में दिया फर्नीचर

**बुढ़ाना।** श्री राम प्रसाद कात्यायन इंटर कॉलेज बुढ़ाना में बुधवार को करियर व्हील्स प्राइवेट लिमिटेड शामली के मैनेजिंग डायरेक्टर्स आलोक जैन तथा उनकी धर्मपत्नी मनीषा जैन, तरुण जैन डायरेक्टर करियर व्हील्स प्राइवेट लिमिटेड तथा उनकी धर्मपत्नी मनस्वी जैन ने विद्यालय के एक शिक्षण कक्ष में 60 छात्र छात्राओं के लिए स्थाई फर्नीचर का निर्माण कराकर विद्यालय को लोकार्पित किया। इस अवसर पर लायंस क्लब शामली क्राउन के अध्यक्ष लायन एडवोकेट गौरव मित्तल, सचिव लायन आशीष गोयल और संस्थापक अध्यक्ष लायन संजय संगल सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर नीलेश वशिष्ठ ने कहा कि अपने पास से माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ रहे ग्रामीण अंचल के छात्र छात्राओं की सहायता के लिए धनराशि देकर सहयोग करने वाले आलोक जैन तथा तरुण जैन वास्तव में ईश्वर के वे दूत हैं। भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद सैनी ने कहा कि धन तो बहुत लोगों के पास होता है लेकिन समाज के वंचित वर्ग की सेवा का भाव कुछ विशेष लोगों के पास ही होता है।। करियर व्हील्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर तरुण जैन ने कहा कि विद्यालय में पढ़ रहे छात्र छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर सफलता के नये आयाम प्राप्त करे। क्लब के संस्थापक अध्यक्ष संजय संगल, शामली से आए लायंस क्लब क्राउन से रुपेश गर्ग, विकास गोयल, अंकुश बंसल, निधि गोयल व रितु मित्तल समेत विद्यालय के सब शिक्षक व कर्मचारी मौजूद थे। संचालन शिक्षक दिनेश कुमार ने किया।

# लक्ष्य ने बाबा साहब को किया याद

**मुजफ्फरनगर।** लक्ष्य सामाजिक संस्था के कार्यालय पर संविधान के रचयिता बाबा भीमराव अंबेडकर साहब की जयंती मनाई गईद्य संस्था के अध्यक्ष तज़कीर मुशीर एडवोकेट ने जानकारी देते हुए कहा की भारत संविधान के जनक, चिंतक, समाज सुधारक और दलित वर्गों के लिए आवाज उठाने वाले बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था।

बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर 9 भाषाओं को जानते थे. इन्होंने देश-विदेश के कई बिश्वविद्यालयों से पीएचडी की कई मानक उपाधी प्राप्त की. बाबा साहेब के पास लगभग 32 डिग्रियां थीं ऐसे महापुरुष को हम श्रद्धांजली अर्पित करते हैं।

संस्था के उपाध्यक्ष अमीर अंसारी एड. ने बाबा साहब को याद करते हुए बताया कि वो गरीबों और मजलूमों के मसीहा थे उनके अतुलनीय योगदान को भुलाया नही जा सकता है ऐसे महापुरुष भारत की धरती पर कभी कभी जन्म लेते हैं! सभा में मुख्य रूप से महबूब आलम अंसारी एड., वरिष्ठ समाजसेवी रागिब आलम, समाजसेवी उस्मान राणा, इकराम कुरैशी तेवडा, अमीर अहमद अंसारी एड., काशिफ़ मुशीर एड., मो नवाज़ एड. आदि शामिल रहे।

# आंबेडकर जयंती पर बुढ़ाना में निकली भव्य शोभायात्रा

**बुढ़ाना।** भारत रत्न संविधान शिल्पी बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के पावन अवसर पर बुढ़ाना कस्बे में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। बुढ़ाना नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र त्यागी ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर व हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा का विधिवत उद्घाटन व शुभारंभ किया। उनके द्वारा शुभारंभ किए जाने के बाद पूरा कस्बा बाबा साहेब अमर रहें और जय भीम जय संविधान के नारों से गूंज उठा। अंबेडकर भवन से शुरू हुई शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में युवा, बुजुर्ग और महिलाएं शामिल हुए। यात्रा में बाबा साहेब के जीवन संघर्ष, शिक्षा के महत्व और संविधान निर्माण को दर्शाती आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण



का केंद्र रही। डीजे की धुन पर मेरा बाबा भीम महान जैसे गीतों पर युवा उत्साह के साथ थिरकते नजर आए। शोभायात्रा के शुभारंभ से पूर्व उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र त्यागी ने कहा कि डॉक्टर आंबेडकर सिर्फ एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विच. ारधारा हैं। उन्होंने करोड़ों शोषितों को संविधान के जरिए सम्मान से जीने का अधिकार दिया। आज हम जिस लोकतंत्र में सांस ले रहे हैं उसकी नींव बाबा साहेब ने ही रखी। यहां पर आशीष जैन व नामित सभासद जोगेंद्र जाटव आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पूर्ति विभाग ने जीवित महिला को मृत दर्शाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुज़फ्फ़रनगर में सरकारी रिकॉर्ड की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां एक जीवित महिला को मृत घोषित कर दिया गया, जिसके कारण उसे पिछले दो महीने से राशन नहीं मिल रहा है। अब महिला को अपने आधार कार्ड में खुद को जीवित साबित करने की शर्त रखी गई है।यह मामला सदर तहसील क्षेत्र के मल्लूपुरा मोहल्ले की निवासी सायमा से जुड़ा है। सायमा का राशन कार्ड बना हुआ था और वह नियमित रूप से राशन प्राप्त कर रही थी। हालांकि, 9 फरवरी 2026 को अचानक उसका नाम राशन कार्ड से हटा दिया गया। उसे बताया गया कि सरकारी रिकॉर्ड में उसकी श्मृत्युश हो चुकी है, जिसके बाद कार्ड में मुखिया के रूप में उसके पति का नाम दर्ज कर दिया गया।

**आधार कार्ड में खुद को जीवित दर्ज कराना होगा**

राशन मिलना बंद होने पर सायमा अपनी शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट स्थित जिला पूर्ति कार्यालय पहुंची। वहां उसे बताया गया कि शासन से प्राप्त डेटा में उसे मृत दर्शाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप उसकी यूनिट काट दी गई है। राशन मिलना बंद होने पर सायमा अपनी शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट स्थित जिला पूर्ति कार्यालय पहुंची। वहां उसे बताया गया कि शासन से प्राप्त डेटा में उसे मृत दर्शाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप उसकी यूनिट काट दी गई है। इसके बाद पीड़िता ने जिलाधिकारी कार्यालय में संपर्क किया और अधिकारियों को अपनी जीवित होने की जानकारी देते हुए पूरा मामला समझाया। महिला की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी ने पूर्ति विभाग को तत्काल सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए।हालांकि, इस प्रक्रिया में सायमा के सामने एक नई चुनौती आ गई। पूर्ति विभाग ने स्पष्ट किया कि राशन कार्ड दोबारा बनवाने और राशन प्राप्त करने के लिए सायमा को पहले अपने आधार कार्ड में खुद को जीवित दर्ज कराना होगा।सायमा का कहना है कि वह बेहद गरीब है और पिछले दो महीनों से राशन न मिलने के कारण उसे अपनी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

### ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत

मीरांपुर, 15 अप्रैल। सीबीएसई द्वारा घोषित हाईस्कूल रिजल्ट में ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल, मीरांपुर की छात्रा हरमन कौर ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मीरापुर टॉप किया। साथ ही वाणी ने 96.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय व राघव सिंह ने 96.04 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। बुधवार की दोपहर सीबीएसई द्वारा हाईस्कूल का रिजल्ट घोषित किया गया। ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल मीरापुर 76 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। विद्यालय प्रधानाचार्य दीपक कुमार धीमान ने बताया कि हाईस्कूल का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि छात्रा हरमन कौर ने सर्वाधिक 97.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, वाणी ने 96.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान व राघव सिंह ने 96.04 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। परी ने 95.8 प्रतिशत, अवनि शर्मा 95.2, भव्य गुप्ता 94.6, मानव माहेश्वरी 94, निहारिका 93.8, तनिषा 93.8, स्वना माहेश्वरी 93.2, अलका पंवार 92.8, नविश 92.4, नित्या कपासिया 92, अलिश्बा अंसारी 91.2, कुणाल 90.4, तेजस्वी 90.4 एवं रिया संगल ने 90.2 प्रतिशत अंकों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# देवीदास मौहल्ले में पुलिस कार्रवाई पर बवाल

**खतौली।** नगर के मोहल्ला देवीदास में बुधवार को उस समय तनाव फैल गया, जब कोतवाली पुलिस नशा तस्करी के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी की तलाश में पूर्व सभासद विनोद शेरवान के आवास पर पहुंची। पुलिस की इस कार्रवाई का स्थानीय लोगों ने विरोध किया, जिससे स्थिति अचानक बिगड़ गई और मौके पर हंगामा खड़ा हो गया।

बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो किलो से अधिक गांजा बरामद किया था। इस मामले में कई युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जबकि विनोद शेरवान भी इस प्रकरण में नामजद हैं और तभी से फरार बताए जा रहे हैं।बुधवार को जब पुलिस टीम उनके घर दबिश देने पहुंची, तो आरोपी वहां नहीं मिला। पुलिस की मौजूदगी से नाराज लोगों ने टीम को घेर लिया। महिलाओं और पुरुषों ने मिलकर विरोध जताया और इस दौरान पुलिस के साथ धक्का-मुक्की की भी खबर है। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाना पड़ा। हंगामे के दौरान कुछ युवक मौके से निकल गए, जबकि पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया।

घटना के बाद इलाके में एहतियात के तौर पर पुलिस तैनात कर दी गई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद बघेल के अनुसार, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था में बाधा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और जल्द ही सभी आरो. पियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## रोडवेज रूट पर निजी बसों का कब्जा

**बुढ़ाना।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देशों के बावजूद शाहपुर बुढ़ाना कांधला मार्ग पर बिना ऑल यूपी परमिट के निजी बसों का संचालन धड़ल्ले से जारी है। यह मार्ग परिवहन निगम का अधिकृत रोडवेज रूट है फ़िर भी निजी संचालक नियमों को ताक पर रखकर सवारियां ढो रहे हैं। इससे जहां सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है वहीं यात्रियों की सुरक्षा भी दांव पर लगी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि बिना वैध परमिट के कोई भी यात्री बस या सवारी बस रोडवेज के अधिकृत मार्गों पर नहीं चलनी चाहिए। इसके बावजूद शाहपुर से बुढ़ाना होते हुए कांधला तक जाने वाले मार्ग संख्या 12 पर दर्जनों निजी बसें रोजानार्र्राटा भर रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इनमें से अधिकतर बसों के पास ऑल यूपी परमिट ही नहीं है। परिवहन विभाग के जानकारों के अनुसार ऑल यूपी परमिट विशेष परिस्थितियों जैसे विवाह, तीर्थयात्रा, या टूरिस्ट के लिए दिया जाता है। यह परमिट लखनऊ स्थित राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा जारी किया जाता है और इसकी वैधता 5 वर्ष की होती है। ऑल यूपी परमिट के लिए बस का नया और फ़िट मॉडल होना अनिवार्य है साथ ही समय समय पर बस की फ़िटनेस पास कराना भी जरूरी होता है। यह परमिट रेगुलर सवारी ढोने के लिए नहीं होता। नियमानुसार रोडवेज के अधिकृत मार्गों पर केवल परिवहन निगम की बसें या स्टेज कैरिज परमिट वाली बसें ही सवारी बैठा सकती हैं लेकिन शाहपुर बुढ़ाना कांधला मार्ग पर चल रही निजी बसें ऑल यूपी परमिट की आड़ में रोजाना सवारियां भर रही हैं जो पूरी तरह से नियम विरुद्ध है। कई बसें तो ऐसी हैं जिनकी फिटनेस भी समय से पास नहीं है और वे खटारा हालत में सड़क पर दौड़ रही हैं। इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। परिवहन निगम के अधिकारियों का कहना है कि निजी बसों के अवैध संचालन से निगम को हर माह लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। दूसरी ओर बिना फ़िटनेस व परमिट के चल रही बसों में यात्रियों का बीमा भी कवर नहीं होता। हादसा होने पर यात्री को कोई मुआवजा नहीं मिल पाता। स्थानीय लोगों व रोडवेज कर्मचारियों ने एआरटीओ व जिला प्रशासन से मांग की है कि शाहपुर बुढ़ाना कांधला मार्ग पर अभियान चलाकर बिना परमिट व फ़िटनेस के चल रही बसों को सीज किया जाए और संचालकों पर कड़ी कार्रवाई हो ताकि मुख्यमंत्री के आदेश का पालन हो सके और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### उच्च अंक पाने वाले छात्र छात्राओं ने बांटी मिठाई

**मोरना।** बुधवार की शाम सी बी एस सी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा के परिणाम घोषित होने पर उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं ने विशेष खुशी का इजहार करते हुए मिष्ठान का वितरण किया साथ ही विद्यालय प्रबंधन ने भी बधाई दी है। मोरना में शुक्रताल मार्ग पर स्थित इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल के हाईस्कूल परीक्षा परिणामो में छात्रा अनन्तिका ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा अवन्ति ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा, छात्रा माधवी वर्मा ने 92 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।वहीं क्रिष्टि भारद्वाज ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा व अंशदीप ने 91.1 अंक प्राप्त कर पांचवा स्थान हासिल कियाहै।विद्यालय के डायरेक्टर विराज तोमर प्रधानाचार्य अलका वर्मा ने सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को बधाई दी है।

## अवैध कटान और जंगलों के दोहन से वन्य जीव पर संकट गहराया

**मीरापुर।** क्षेत्र के वन्य जीव संरक्षण क्षेत्र में अज्ञात लोगों द्वारा आग लगाए जाने का मामला सामने आया है, जिससे कई हेक्टेयर वन क्षेत्र जलकर खाक हो गया। इस घटना के चलते वन्य जीवों के प्राकृतिक आवास को भारी नुकसान पहुंचा है और उन्हें खुले में भटकने को मजबूर होना पड़ रहा है। आग लगने के कारण न केवल पेड़-पौधों को नुकसान हुआ है, बल्कि वन्य जीवों के जीवन पर भी गंभीर खतरा मंडराने लगा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी गंग नहर क्षेत्र में अज्ञात लोगों द्वारा जहरीला पदार्थ डालने की घटना सामने आई थी, जिसके चलते हजारों की संख्या में मछलियां मर गई थीं। इस प्रकार की घटनाएं क्षेत्र में लगातार हो रही हैं, जिससे पर्यावरण और वन्य जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस संबंध में ग्राम टिकोला के प्रधान नाहर सिंह एडवोकेट ने जिलाधिकारी को पत्र प्रेषित कर मामले से अवगत कराया है। उन्होंने अपने पत्र में बताया कि वन संरक्षित क्षेत्र में अज्ञात तत्वों द्वारा आग लगाए जाने से वन्य जीवों के रहने और छिपने के स्थान काफी हद तक समाप्त हो गए हैं। इसके चलते वन्य जीव आबादी वाले क्षेत्रों की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे मानव-वन्य जीव संघर्ष की आशंका भी बढ़ गई है। प्रधान ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ लोग अवैध रूप से वन क्षेत्र से हरे-भरे पेड़ों की कटाई कर रहे हैं और लकड़ी का अवैध दोहन कर रहे हैं।

# चार साल से जमीन के लिए भटक रहा किसान

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली क्षेत्र के ग्राम भैंसी में एक किसान का जमीन विवाद लगातार गहराता जा रहा है। प्रशासनिक आदेशों और जांच के बावजूद पीड़ित को अब तक अपनी ही भूमि पर कब्जा नहीं मिल सका है, जिससे वह पिछले चार वर्षों से अधिकारियों के चक्कर काटने को मजबूर है।

गांव निवासी रविन्द्र कुमार पुत्र जयभगवान का कहना है कि खसरा संख्या 127/1 की भूमि पर उनका करीब 50 वर्षों से कब्जा चला आ रहा है। आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने इस जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट और धमकी देने की घटनाएं भी हुईं। पीड़ित के अनुसार, उन्होंने 24 दिसंबर 2022 और 14 जनवरी 2023 को थाना दिवस में शिकायत दी थी। इसके बाद तहसील स्तर पर पटवारी, कानूनगो और तहसीलदार की मौजूदगी में जांच भी हुई, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया। रविन्द्र कुमार ने बताया कि खाता तस्दीक और डोलबंदी के लिए दिए गए आवेदन पर एसडीएम के निर्देश पर जनवरी 2026 में डोलबंदी कराई गई, मगर कुछ ही दिनों में विपक्षी पक्ष ने डोल को तोड़ दिया। शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आगे बताया कि 18 मार्च 2026



को दोबारा डोलबंदी कराई गई, लेकिन अगले ही दिन फिर से डोल तोड़कर खेत में फसल बो दी गई। इससे साफ है कि विपक्षी पक्ष प्रशासनिक आदेशों को नजर. अंदाज कर रहा है। पीड़ित ने पुलिस पर भी उदासीनता का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उनकी शिकायत दर्ज नहीं की जाती, जबकि उल्टा उनके खिलाफ ही मुकदमे दर्ज कर दिए गए।

## शुक्रताल जाट धर्मशाला अध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू

**मोरना।** शुकतीर्थ में स्थित जाट धर्मशाला तथा समाज सुधार सभा जाट धर्मशाला शुक्रताल की प्रबंध समिति अध्यक्ष पद के लिये चुनाव प्रकिर्या आरम्भ हो गयी।बहुप्रतीक्षित चुनाव को लेकर उत्साह का माहौल है। बुधवार को अध्यक्ष पद के लिये दो सदस्यों ने नामांकन फार्म की खरीद की है। चुनाव अधिकारी शेखर सिंह प्रधानाचार्य किसान इंटर कॉलिज ककरौली ने बताया कि प्रबंध समिति के अध्यक्ष पद के लिये बुधवार को दो सदस्यों अथवा प्रत्याशियों चौधरी कल्याण सिंह निवासी गांव मंदौड़,चौधरी धीरसिंह निवासी गांव बेहड़ा थ्रू ने फार्म की खरीद की है।गुरुवार को नामांकन किया जायेगा यदि आवश्यक हुआ तो आगामी 18 अप्रैल को चुनाव होगा।प्रबंधन समिति में 53 सदस्य हैं।बहुप्रतीक्षित अध्यक्ष पद के लिये होने वाले चुनाव को लेकर उत्साह बना हुआ है।प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 सदस्यों के जीवित न होने से वर्तमान में 40 सदस्य चुनाव में भाग ले सकेंगे।

## आयशा ज़ारा ने हिंदुस्तान ओलंपियाड में जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया

**मुजफ्फरनगर।** मिमलाना रोड स्थित सम्राट इंटर कॉलेज की कक्षा 9 की छात्रा आयशा जारा ने हिंदुस्तान ओलंपियाड 2025 की परीक्षा में जिले में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता के साथ विद्यालय का नाम रोशन किया है।आयशा की इस उपलब्धि पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. सम्राट एवं प्रिंसिपल डॉ. अरशद सम्राट ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि आयशा की मेहनत और लगन ने विद्यालय को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी तैयार किया जाता है।आयशा जारा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं विद्यालय के शिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन और माता-पिता के सहयोग से ही यह सफलता मिली है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने आयशा को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। आयशा जारा को हिंदुस्तान ओलंपियाड की तरफ से न्यूमैक्स



सिटी बुढ़ाना रोड में सम्मानित किया गया। - हिंदुस्तान ओलंपियाड चेयरमेन व डॉ. रणवीर सिंह प्रभारी राजकीय लाइब्रेरी मुजफ्फरनगर ने छात्रा को प्रशस्ति पत्र व 1100 रुपए का चेक देकर सम्मानित किया- शिक्षकों इरफाना अंजुम, फरीदा बानो, फातिया नाज, सादिक, काशान, नगमा कशिश ने छात्रा की मेहनत की सराहना की।

## आर्य एकेडमी का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**मुजफ्फरनगर।** हाल ही में घोषित बोर्ड परीक्षा परिणामों में आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की। इस वर्ष विद्यालय के छात्रा ।ीपां ठंसपलंद ने 94: अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया बीपजतंदीं ठींजज ने 90: एवं वदंस बींनकींतल ने 85. 4: अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता



को सिद्ध किया। विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय में हर्ष का वातावरण है।

इस अवसर पर विद्यालय कीप्रधानाचार्या सोनिका आर्या ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।विद्यालय के प्रबन्धक नहीवें ।तलं जी ने भी सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व की बात है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विद्याथह्ल भविष्य में भी इसी प्रकार परिश्रम और लगन से सफलता प्राप्त करते रहेंगे और विद्यालय, समाज एवं देश का नाम रोशन करेंगे।

### शोषण व ईंट मूल्य वृद्धि को लेकर भट्टा संचालकों ने किया एकजुटता का आह्वान

**मोरना।** बढ़ती लागत,श्रमिकों द्वारा अनावश्यक रूप से परेशान करने व मौसम की मार के चलते ईंट मूल्य में वृद्धि की मांग व अन्य समस्याओं को लेकर एक बैठक का आयोजन भटा स्वामियों द्वारा किया गया।जिसमे समस्याओं के समाधान को लेकर रणनीति बनाई गयी। ककरोली में जानसठ- मोरना मार्ग पर स्थित जैदी ईट उद्योग नामक ईंट भटे पर आयोजित मीटिंग के सम्बंध में मुज़फ्फरनगर ईंट निर्माता समिति के महामन्त्री मौ. शमशाद ने बताया कि बुधवार को हुई क्षेत्रीय मीटिंग में क्षेत्र के सभी भटा स्वामी उपस्थित हुए जिसमें भटा व्यवसाय को लेकर चिन्ता प्रकट की गयी।

## बडसू में शिशु वाटिका का शुभारंभ

**खतौली।** क्षेत्र के ग्राम बडसू स्थित सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर में शिशु वाटिका का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जवाहरलाल नेहरू स्मृति इंटर कॉलेज, रवापुरी सठेड़ी के प्रधानाचार्य डॉ. चन्द्रमोहन शर्मा ने फीता काटकर किया। इस मौके पर डॉ. शर्मा ने कहा कि शिशु वाटिका बच्चों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि यहां बच्चों के शारी. रिक, मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप इस पहल को सराहनीय बताते हुए विद्यालय प्रबंधन को बधाई दी। विद्यालय के प्रबंधक अनिरुद्ध सैनी ने जानकारी दी कि शिशु वाटिका में बच्चों को खेल, गीत, कहानियों और नैतिक शिक्षा के माध्यम से सीखने का अवसर दिया जाएगा, जिससे उनमें पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी। उन्होंने यह भी बताया कि बच्चों की जरूरतों के अनुसार सभी आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की जा रही है। शिशु वाटिका को लेकर बच्चों और अभिभावकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीक जी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष आदेश, सदस्य अनुज सैनी, सतीश चंद्र पांडेय, रविंद्र कुमार शर्मा, धर्मेंद्र मलिक, तीर्थराज सहित विद्यालय स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### परीक्षा में उच्च अंक पाकर छात्र छात्राओं में खुशी

**मोरना।** बुधवार की शाम सी बी एस सी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा के परिणाम घोषित होने पर उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं ने विशेष खुशी का इजहार किया है। मोरना में मुज़फ्फरनगर मार्ग पर स्थित जेपीएस पब्लिक स्कूल के हाईस्कूल परीक्षा परिणामो में छात्रा यशिका ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र लक्ष्य ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा, छात्रा ज्ञानवी ने 92 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।विद्यालय के डायरेक्टर ख्रष्णकांत शर्मा प्रधानाचार्य कपिलदेव शर्मा ने सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को बधाई दी है।

### युवक को मारपीट कर किया घायल

**बुढ़ाना।** मोटर साइकिल की साईड लगने का विरोध करने पर युवक के साथ मारपीट की गयी। भूरा पुत्र नजरूद्दीन निवासी गांव विज्ञाना ने बतलाया कि वह बुढाना में रहता है। वह बीती 13 अप्रैल को दोपहर के समय अपने घर से बुढाना जा रहा था। जब वह शमशान घाट रोड पर पहुंचा तो सामने से आ रहे कासिम पुत्र शमशाद ने अपनी मोटर साईकिल से उसे साइड मार दी। उसने जब कासिम को इस हरकत के लिए रोका तो कासिम कासिम के चाचा बीनू और कासिम के पिता शमशाद, कासिम के ताउ का लडका व कासिम का ताउ कलाम भी मौके पर आ गये। इन सभी ने उसके साथ गाली गलौच और मारपीट की। मेरे परिवार के लोगों के भी आ जाने पर इन सभी लोगो ने मुझे जान से मारने की धमकी दी। ये सभी लोग मौका देखकर भाग गये।

# मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना का शानदार प्रदर्शन

**बुढ़ाना।** सीबीएसई द्वारा आज घोषित हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना के छात्रें ने उत्ख्रष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय की छात्र तनुश्री तोमर ने 96.08 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टख्रप किया है वहीं छात्र अभिनव चौहान व जुनैद ने 95.08 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। छात्र श्रेष्ठा राजपूत 95.06 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। विद्यालय प्रबंधन ने स्रूल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल टख्रपर तनुश्री ने अपनी स्रूलता का श्रेय परिजनों व गुरुजनों को दिया। तनुश्री ने बताया स्कूल में पढ़ाए गए हर टख्रपिक को



उसी दिन रिवाइज करती थी। छात्र अभिनव चौहान ने कहा कि स्मार्ट स्टडी व टाइम मैनेजमेंट से स्रूलता मिली। जुनैद ने अपनी कामयाबी के पीछे शिक्षकों की कड़ी मेहनत बताया। तीसरे स्थान पर रही श्रेष्ठा राजपूत ने कहा उन्होंने कभी नंबरों की चिंता नहीं की बस कख्रन्सेप्ट क्लियर करने पर ोकस रखा। प्रधानाचार्य डाक्टर गरिमा वर्मा ने कहा मेपल्स एकेडमी का परीक्षा परिणाम हर वर्ष बेहतर हो रहा है। यह हमारे योग्य शिक्षकों की मेहनत, बच्चों की लगन व अभिभावकों के सहयोग का नतीजा है। अनुशासन व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना ही हमारे विद्यालय की पहचान है। हमें विद्यार्थियों पर गर्व है। विद्यालय प्रबंधक राजीव गर्ग, अनन्या गर्ग व उप प्रधानाचार्य क्षितिज श्रीवास्तव ने भी चारों छात्रें को बधाई दी है।

# 10वीं में प्रणव चौहान ने हासिल किए 88 प्रतिशत अंक

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** ग्राम गांधारी निवासी प्रणव चौहान ने सीबीएसई बोर्ड की 10वीं परीक्षा में 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र और अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है।

प्रणव, अजय कुमार चौहान के पुत्र हैं और उन्होंने अपनी इस सफलता से परिवार के साथ-साथ गांव में भी खुशी का माहौल बना दिया है।

प्रणव की इस उपलब्धि पर उनके परिजनों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। परिवार के लोगों ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। आसपास के लोगों और रिश्तेदारों ने भी छात्र को बधाई



देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रणव चौहान लाल दयाल पब्लिक स्कूल खतौली के छात्र हैं। विद्यालय के शिक्षकों ने भी उनकी मेहनत और लगन की सराहना की। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि प्रणव शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और अनुशासित छात्र रहा है, जिसका परिणाम आज सबके सामने है।प्रणव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। उन्होंने बताया कि नियमित पढ़ाई और समय का सही प्रबंधन उनकी सफलता का मुख्य कारण रहा। भविष्य में वह उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने लक्ष्य को हासिल करना चाहते हैं। क्षेत्र के लोगों ने इस उपलब्धि को गर्व का विषय बताते हुए कहा कि ऐसे मेधावी छात्र अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनते है।

# महंगाई रोकने को टास्क फोर्स गठित करने की मांग

**मुजफ्फरनगर।** क्रांति सेना महिला मोर्चा व क्रांति सेना की सभी इकाइयों की तरफ से एक ज्ञापन जिलाधिकारी पूनम चौधरी जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा क्रांति सेना के नेतृत्व प्रदर्शन करते हुए दिया। देश की वर्तमान आर्थिक स्थिति को लेकर अत्यंत चिंतित हैं। खाने-पीने की वस्तुओं, सब्जियों, दालों, तेल, दूध, पेट्रोल-डीजल, परिवहन, किराया, दवाइयाँ तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। लाखों परिवारों की खुशहाली, बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों के इलाज और युवाओं के सपनों को चूर-चूर कर रही है। अत: महिला मोर्चा क्रांति सेना व क्रांति सेना की सभी इकाइयां आपसे अनुरोध करती है कि तत्काल आवश्यक वस्तुओं पर सख्त नियंत्रण और बफर स्टॉक का प्रभावी उपयोग। पेट्रोल-डीजल, स्प्ळ, ब्छळ पर टैक्स कम किया जाए।

कृषि उत्पादों में बिचौलियों को



हटाकर किसान और उपभोक्ता के बीच सीधा संबंध स्थापित किया जाए। काला बाजारी, जमाखोरी और मुनाफाखोरी पर सख्त कार्रवाई। महंगाई नियंत्रण को राष्ट्रीय प्राथमिकता घोषित कर एक विशेष टास्क फोर्स गठित की जाए।इस अवसर पर आज जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी जिला अध्यक्ष मुकेश त्यागी शरद कपूर मंडल अध्यक्ष पूनम चाहल जिला उपाध्यक्ष शालू चौधरी जिला उपाध्यक्ष राखी प्रजापति नगर अध्यक्ष मोनिका प्रजापति नगर उपाध्यक्ष मिथिलेश गिरी जिला महामंत्री सुमन प्रजापति जिला महामंत्री अनीता प्रजापति संगठन मंत्री रजनी शर्मा वरिष्ठ पदाधिकारी विजयलक्ष्मी वरिष्ठ पदाधिकारी कमलेश सदस्य रानी बहन जी जिला प्रभारी प्रेमलता शर्मा मंडल सचिव मोनिका प्रजापति नगर उपाध्यक्ष निधि शर्मा रानी चौधरी आरती संध्या मलिक कमलेश देवी राखी पाल रेखा पाल मीणा उपाध्यक्ष रूपाली आदि सैकड़ो महिला मौजूद रही।

### टावरों से आरआरयू, बीबीयू, बैट्री चुराने वाले 2 चोर अरेस्ट

**बुढाना।** टावरों से आरआरयू, बीबीयू, बैट्रियां और अन्य सामान चुराने वाले दो चोरों को बुढ़ाना पुलिस ने पकड़ लिया है। पुलिस ने उनके पास से कार, नगदी, बैट्री, चार्जर, कारतूस, तमंचे और सीबीयू भी बरामद किया है। पकडे गये चोरों ने अपने नाम मौहम्मद आरिफ पुत्र नन्हे खां निवासी सी 96 डीडीए फ्लैट थाना शास्त्री पार्क दिल्ली और आजाद पुत्र नूर मौहम्मद निवासी न्यू मदीना कालौनी रियान गार्डन लिसाडी रोड थाना लिसाडी गेट जनपद मेरठ बतलाए हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# समय से हो शिकायतों का निस्तारणःडीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान डीएम ने किसानों की समस्याओं को क्रमवार सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके समयबद्ध निस्तारण के सख्त निर्देश दिए।

शामली। जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। आयोजित किसान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने बारी-2 से किसानों की समस्याओं को सुनते हुए सभी संबंधित अधिकारियो को प्राप्त समस्याओं का समय से समाधान किया जाने के कड़े




निर्देश दिए। डीएम ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। किसान दिवस के अवसर पर शिकायत कैराना ओर कुड़ाना में गौशाला की भूमि पर अवैध कब्जा निस्तारण न करने के संबंध में संबंधित दोनों एसडीएम का वेतन रोकने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक शामली द्वारा किसानो को पूर्व किसान दिवस में प्राप्त किसानो की समस्या के समाधान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। आयोजित किसान दिवस में कृषकों द्वारा गन्ना भुगतान तथा असमायिक ओलावृष्टि में हुये नुकसान के मुद्दे प्रमुखता से उठाये गये। किसान दिवस में डाद्ग ओमकार सिंह, कृषि वैज्ञानिक, केद्गवीद्ग केद्ग जलालपुर द्वारा आम की खेती के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। राजन जावला निवासी डांगरोल द्वारा बताया गया कि ग्राम डांगरोल माईनर में बडे खरपतवार खडे हैं, जिसके कारण पानी नहीं मिल पा रहा है, जिसे कराने की मॉग की गई। कुलदीप पॅवार ग्राम नाला द्वारा मॉग की गई कि गाँव में बिजली के स्मार्ट मीटर लगे हैं, जिसमें किसी भी टाईम बिजली कट जाती है, लोगो को बिजली कट जाने का कारण पता नहीं चल पाता है। बिजली विभाग से स्मार्ट मीटर में बिजली कटने के कारणों से लोगो जागरूक कराने की माँग की गई। कपिल खाटियान निवासी ग्राम पिण्डौरा द्वारा मॉग की गई कि गन्ने के बकाया का भुगतान शीघ्र कराया। विदेश मलिक ग्राम चूनसा द्वारा मॉग की गई कि एनएचआई से कृषको की जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया जाये, जिससे कृषकों की समस्या का समाधान किया जा सके। सान्ता प्रधान अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन शामली के द्वारा मॉग की गई कि कृषको की समस्याओं पर गम्भीरता से विचार करते हुये समय से समाधान किया जायें। सुनील पॅवार निवासी नाला द्वारा मॉग की गई कि यमुना नहर में कांधला डाक बंगला से दो सौ मीटर पहले ओर दो सौ मीटर बाद में रोड के नीचे पानी चल रहा है। जिसे ठीक कराया जाये। किसान दिवस में उक्त सभी सभी समस्याओं के ख्रष्टिगत जिलाधिकारी, द्वारा समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जाये किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसान दिवस में विनय कुमार तिवारी मुख्य विकास अधिकारी, शामली, प्रमोद कुमार उप कृषि निदेशक, शामली प्रदीप कुमार यादव जिला कृषि अधिकारी, शामली आरएस कुशवाहा, जिला गन्ना अधिकारी, शामली, सतेन्द्र मान, जिला उद्यान अधिकारी, तथा सभी विभागो के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा कृषक अजित सिंह ग्राम बनत, राजन जावला, निवासी ड्गरोल, ऋषिपाल सिंह ग्राम कुडाना, श्रीमती कविता चौधरी निवासी पिण्डौरा, योगेन्द्र निवासी तलवा माजरा आदि किसान उपस्थित रहें।

# नवविवाहिता को जहर पिलाकर घर से निकाला

**कैराना।** मोहल्ला इस्लामनगर में दहेज को लेकर एक नवविवाहिता के साथ मारपीट कर उसे कथित रूप से जहर पिलाने और घर से निकालने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

पीड़िता आईसा पुत्र अुजाल निवासी मोहल्ला इस्लामनगर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी करीब डेढ़ वर्ष पूर्व इसी मोहल्ले के दिलशाद पुत्र नाजर के साथ हुई थी। उसके पास दो माह का एक बेटा भी है। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति दिलशाद व ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते आ रहे हैं। पीड़िता के अनुसार, ससुराल पक्ष के लोग उसे ताने देते हुए कहते हैं कि वह हभूखे घरह की है और उसके मायके वालों ने दहेज में कुछ नहीं दिया। विरोध करने पर उसके साथ आए दिन मारपीट की जाती है। तहरीर में आरोप है कि 12 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे पति दिलशाद, सास रकीबा पत्नी नाजर और जुलुान पुत्र नाजर उसके पास आए और उसे अपमानित करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान पति ने उसे तीन तलाक देने की धमकी भी दी। पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने एक गिलास पानी में कथित रूप से चूहे मारने की दवा मिलाकर जबरन पिला दी, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। वह चीखती-चिल्लाती रही, लेकिन आरोपियों ने उसे पीटते हुए घर से धक्का देकर बाहर निकाल दिया और दोबारा घर में घुसने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़िता किसी तरह जान बचाकर अपने मायके पहुंची और 14 अप्रैल को कोतवाली कैराना में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

# तीन दिन बाद भी नहीं मिला सलेंडर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे में गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था चरमराने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि लोग पिछले तीन दिनों से लगातार गैस एजेंसी पर लंबी-लंबी लाइनों में लगने को मजबूर हैं, लेकिन इसके बावजूद भी उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है।




गैस लेने पहुंचे उपभोक्ताओं में अमित शर्मा का कहना है कि वे सुबह से ही लाइन में लग जाते हैं और कई-कई घंटे इंतजार करते हैं, लेकिन जब तक उनकी बारी आती है, तब तक सिलेंडर खत्म होने की बात कहकर उन्हें वापस लौटा दिया जाता है। इससे खासकर व्यापारी तथा बुजुर्गों को अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वितरण में पारदर्शिता की कमी है और कुछ लोगों को पहले ही सिलेंडर उपलब्ध करा दिए जाते हैं, जबकि आम उपभोक्ता घंटों लाइन में लगने के बाद भी खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि गैस वितरण व्यवस्था को सुचारू किया जाए और गैस एजेंसी पर मोजूद सिलेंडरो की जांच की जाएं, ताकि लोगों को इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं, इस संबंध में जब गैस एजेंसी स्वामी अजय कुमार ने बताया कि पिछले दो दिनों से गैस नहीं आ रही थी, जिस कारण उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ी। अब एजेंसी पर गैस आ गई है।

# थानाभवन में स्वकर प्रणाली पर घमासान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत थानाभवन की बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से पास हुआ प्रस्ताव को मीटिंग बाद अधिकारियों के दिए गये बयान दोनों में जमीन-आसमान का फर्क सामने आने के बाद कस्बे में ‘स्वकर प्रणाली’ को लेकर सियासी पारा चढ़ गया है। सवाल उठ रहा है कि आखिर यह गणित की गलती है या फिर जनता की जेब पर सीधा बोझ डालने का खेल हाल ही में हुई बोर्ड बैठक में आवासीय दरों पर 30 पैसे प्रति वर्ग मीटर शुल्क लगाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया था। लेकिन बोर्ड बैठक खत्म होने के बाद अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा द्वारा 30 पैसे प्रति वर्ग फुट की बात कहे जाने से पूरा मामला तूल पकड़ गया है। मीटर से वर्गफुट में इस (बदलाव) ने ना सिर्फ भ्रम पैदा किया बल्कि संभावित रूप से कई गुना अधिक वसूली की आशंका भी खड़ी कर दी है। सभासद अंशुल गर्ग एडवोकेट ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जब बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से वर्ग मीटर के हिसाब से प्रस्ताव पारित हुआ तो फिर बाहर आकर वर्ग फुट की बात करना सीधे तौर पर बोर्ड के फैसले को पलटने जैसा है।

उन्होंने साफ कहा कि यह मामला गंभीर है और जल्द दोबारा बैठक बुलाकर स्थिति स्पष्ट की जाएगी। वहीं स्वकर संघर्ष समिति के संजीव चावला ने इसे हजनता के साथ सीधा अन्याय करार देते



हुए चेतावनी दी कि यदि इस खेल को तुरंत नहीं रोका गया तो बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। उनका कहना है कि अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बयानों में अंतर साफ तौर पर किसी बड़ी गड़बड़ी की ओर इशारा करता है। कस्बे में यह मुद्दा अब पूरी तरह राजनीतिक रंग ले चुका है। एक ओर कुछ सभासद अधिकारी के समर्थन में खड़े दिखाई दिए तो दूसरी ओर कई जनप्रतिनिधि खुलकर जनता के साथ खडे नजर आए। इससे साफ है कि नगर पंचायत के अंदर भी दो खेमे बन चुके हैं।

सूत्रों की मानें तो नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी के बीच तालमेल की कमी का खामियाजा विकास कार्यों पर भी पड़ रहा है। नाम न छापने की शर्त पर कुछ नागरिकों ने आरोप लगाया कि आपसी खींचतान के चलते योजनाएं प्रभावित हो रही हैं और जनता को इसका नुकसान उठाना पड़ रहा है। फिलहाल ‘स्वकर प्रणाली’ के नाम पर चल रहा। यह (मीटर बनाम वर्ग फुट) का विवाद थाना भवन में बड़ा सियासी मुद्दा बन चुका है। अब देखना यह होगा कि आने वाली बैठक में यह मामला साफ होता है या फिर जनता की जेब पर बोझ बढ़ता है।

# परशुराम जन्मोत्सव को लेकर हुई अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** भगवान परशुराम चौक स्थित मंदिर में अक्षय तृतीया के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंगलवार देर शाम क्षेत्र के गांव ऊदपुर में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के नेताओं का ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में रालोद नेता विजय कौशिक, कांग्रेस नेता एवं अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय सचिव अश्वनी शर्मा सींगरा, गोरक्षा सभा के जिलाध्यक्ष वीशू शर्मा और मंडल अध्यक्ष अश्वनी कौशिक हथछोया सहित अन्य नेताओं का गौरक्षक दल के नेता अमन शर्मा के नेतृत्व में अभिनंदन किया गया। बताया गया कि सभी नेता पूर्व में सड़क हादसे में मृतक कादिर के परिजनों को सांत्वना देने गांव



पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से आगामी परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में भाग लेने की अपील भी की। मुख्य अतिथि रालोद के प्रदेश महासचिव विजय कौशिक ने कहा कि भगवान परशुराम अजर-अमर हैं और अप्रैल-मई माह में पूरे देश में उनका जन्मोत्सव श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। कांग्रेस के युवा प्रदेश महासचिव एवं ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय सचिव अश्वनी शर्मा सींगरा ने जानकारी दी कि आगामी 19 अप्रैल को बिडौली के भगवान परशुराम चौक पर प्रतिवर्ष की भांति हवन और विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम सम्पूर्ण समाज के हैं, इसलिए उनके जन्मोत्सव में सभी बिरादरी के लोगों को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। गोरक्षा सभा के जिलाध्यक्ष वीशू शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में गोवंश की स्थिति चिंताजनक है। कई गौशालाएं बंद पड़ी हैं और गोचर भूमि पर अवैध कब्जे हो रहे हैं। वहीं ब्राह्मण महासभा के युवा मंडल अध्यक्ष अश्वनी कौशिक ने गौ एवं ब्राह्मण संरक्षण के लिए समाज से एकजुट होने का आवान किया। कार्यक्रम संयोजक अमन शर्मा ने गांव में विभिन्न विकास कार्य कराए जाने की मांग भी उठाई। इस मौके पर अंशुल कौशिक, मेनपाल ऊदपुर, संजय शर्मा, एडवोकेट सुमित शर्मा, माधव सिंह, तेजपाल, रवि शर्मा, अमित चौधरी, अनिल पासवान, अनिल ठाकुर, परविंदर सिंह, आकाश ठाकुर, अजीत शर्मा, शुभम शर्मा, हरिओम और सुभाष वर्मा सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# जमीन विवाद पर दो पक्षों में तनातनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के नानूपुरी गेट के समीप जमीन के स्वामित्व को लेकर उस समय तनावपूर्ण स्थिति बन गई, जब दो पक्ष आमने-सामने आ गए। सूचना पर तहसीलदार अर्जुन सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन उनकी मौजूदगी में ही दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई।एक पक्ष की ओर से निशांद अहमद, जबकि दूसरे पक्ष से राजीव मालिक समेत अन्य लोग मौके पर पहुंचे और तहसीलदार को अपने-अपने जमीन संबंधी दस्तावेज दिखाए। दोनों पक्ष अपने-अपने दावे को सही साबित करने में जुटे रहे, जिससे माहौल और अधिक संवेदनशील हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार अर्जुन सिंह ने स्पष्ट किया कि विवाद न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए बिना विधिक प्रक्रिया



और नोटिस के प्रशासन किसी भी पक्ष को कब्जा नहीं दिला सकता। उन्होंने दोनों पक्षों को कानून का पालन करने और शांति बनाए रखने के निर्देश दिए।विवाद बढ़ता देख मौके पर मौजूद पुलिस बल को सतर्क रहना पड़ा। काफी देर तक चली बहस के बावजूद कोई ठोस निर्णय नहीं निकल सका। अंततः हालात को देखते हुए प्रशासनिक टीम को बिना किसी निष्कर्ष के ही लौटना पड़ा।इस दौरान तहसीलदार अर्जुन सिंह, लेखपाल मिंटू व पुलिस बल के जवान मौके पर मौजूद रहे और पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए रखी।

# कैराना में वैवाहिक विवाद बना रणक्षेत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मोहल्ला इस्लाम नगर में वैवाहिक विवाद ने उस समय हिंसक रूप ले लिया, जब दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर मारपीट हुई। घटना में एक महिला की पसलियां टूटने का दावा किया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला इस्लामनगर निवासी रकीबा ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसके पुत्र दिलशाद की शादी करीब एक वर्ष पूर्व आइशा के साथ हुई थी। आरोप है कि 12 अप्रैल को घरेलू कामकाज को लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर आइशा ने मायके पक्ष को बुला लिया। आरोप है कि मायके से आए लोगों ने घर में घुसकर दिलशाद और उसकी मां रकीबा के साथ लाठी-डंडों व लात-घूंसों से मारपीट की, जिसमें रकीबा गंभीर रूप से घायल हो गई। मेडिकल परीक्षण में उसकी पसलियों में फैक्चर बताया गया है। वहीं, हन्नुा को भी मारपीट में चोटें आई हैं।

पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आइशा डेढ़ माह के बच्चे को ससुराल में छोड़कर चली गई और अब पति के साथ रहने से इनकार कर रही है। उधर, दूसरे पक्ष ने भी गंभीर आरोप लगाए हैं।कोतवाली पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की गहन जांच की जा रही है, जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जिला अस्पताल गेट पर डिलीवरी विवाद को दबाने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** चिकित्सकों व स्टाफ नर्स की लापरवाही से महिला की जिला अस्पताल गेट पर हुई डिलीवरी के बाद भाकियू पदाधिकारियों ने तय सीमा पांच दिनों के बाद बुधवार को सीएमओ से मुलाकात कर कार्यवाही का ब्योरा मांगा। उन्होने कहा कि पांच दिन बीत गए, लेकिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा न तो स्टाफ नर्स के खिलाफ कार्यवाही हुई है और न ही गलत ऑपरेशन करने वाले चिकित्सकों के खिलाफ कार्यवाही की गई। उन्होने तीन दिनों का समय देते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है।

गत 9 अप्रैल की रात्रि क्षेत्र के



गांव आसारा निवासी गर्भवती महिला कौंसर पत्नी उसमान को जिला अस्पताल में प्रसव पीडा के कारण लाया गया था, लेकिन वहां मौजूद स्टाफ नर्स मोनिका और अन्य कर्मचारियों द्वारा महिला को अस्पताल में भर्ती नही किया गया और अस्पताल से बाहर निकाल दिया गया था। यह अमानवीय घटना के बाद महिला ने जिला अस्पताल गेट पर ही एक बच्चे को जन्म दिया था। जिसके बाद गत शुक्रवार को भाकियू पदाधिकारियों ने सीएमओ का घेराव करते हुए जमकर हंगामा किया था और मामले में जांच कर आरोपी स्टाफ नर्स और चिकित्सकों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की थी। जिसमें सीएमओ डा. अनिल कुमार व कार्यवाहक सीएमएस डा. अशोक ने ऐडी हेल्थ डा. कुमुद के आदेश पर पांच दिवस के अंदर मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया था। बुधवार को समय सीमा पांच दिन बीत जाने के बावजूद भाकियू पदाधिकारी बाबा संजय कालखांडे, बाबा शोकेन्द्र, देवराज पहलवाल आदि सीएमओ से मिले और उन्होने कार्यवाही की जानकारी मांगी। इस दौरान पता चला कि अभी तक स्वास्थ्य विभाग अपनी जांच तक पूरी नही कर पाया है और न ही स्टाफ नर्स के खिलाफ कोई कार्यवाही की गई। जिससे भाकियू पदाधिकारियों में रोष व्यक्त किया। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर गंभीर आरोप लगाया। सीएमओ ने आगामी तीन दिवस में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत कर कार्यवाही का आश्वासन दिया। वही बाबा संजय कालखांडे द्वारा भी प्राईवेट चिकित्सका द्वारा ऑपरेशन में बरती गई लापरवाही के मामले में की गई शिकायत में कार्यवाही न किए जाने पर आन्दोलन की चेतावनी दी गई है।

## एक पीड़ित से लिखवाया गया है फैसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गत 9 अप्रैल को जिला अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के चलते महिला की अस्पताल गेट पर हुई डिलीवरी के मामले में अब जिला अस्पताल की स्टाफ नर्स सहित पूरा प्रशासन मामले को दबाने में लगा हुआ है। बताया जा रहा है कि पीडित महिला और उसके परिजनों पर दबाव बनाया जा रहा है, जिसके चलते अब महिला कार्यवाही से इंकार कर सकती है। इसका खुलासा खुद सीएमओ ने भाकियू पदाधिकारियों से वार्ता के बीच किया। उन्होने कहा कि पीडित महिला कौंसर व उनके सहयोगियों ने जिला अस्पताल को लिखकर दे दिया है कि वह कोई कार्यवाही नही चाहते है। वही जिला अस्पताल में स्टाफ को कार्यवाही से बचाने के लिए कई प्रकार के कागजात भी तैयार करा लिए है। ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा मामले में कोई संज्ञान न लेने पर जिले के लोग भी चिंतित है।

# उधार के रुपए मांगने पर दुकानदार पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ग्राम भूरा में उधार के रुपये मांगना एक दुकानदार को भारी पड़ गया। दबंगों ने दिनदहाड़े दुकान पर धावा बोलकर गाली-गलौज की और विरोध करने पर चाकू व धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बीच-बचाव करने आए उसके भाई को भी नहीं बख्शा गया।

ग्राम भूरा निवासी वसीम पुत्र जमील ने कोतवाली कैराना में तहरीर देकर बताया कि वह गांव में परचून की दुकान चलाता है। करीब दो माह पहले गांव के ही जुनेद, उमेर और सोनू पुत्राण मिन्ना उसकी दुकान से लगभग 18,500 रुपये का सामान उधार ले गए थे।

कई बार तकाजा करने के बावजूद आरोपी रुपये लौटाने में टालमटोल करते रहे। आरोप है कि 14 अप्रैल की सुबह करीब साढ़े आठ बजे तीनों आरोपी एक अज्ञात व्यक्ति के साथ उसकी दुकान पर पहुंचे और आते ही धमकाने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए चाकू व अन्य धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में वसीम की गर्दन, हाथ और पैरों पर गंभीर चोटें आई और वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा।

शोर सुनकर मौके पर पहुंचे नदीम व अन्य ग्रामीणों ने किसी तरह बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई। इसी दौरान वसीम का बड़ा भाई मुबारिक भी मौके पर पहुंचा, जिस पर भी हमलावरों ने हमला कर दिया। घटना के बाद घायल को उपचार के लिए भेजा गया। पीड़ित ने पुलिस से मेडिकल परीक्षण कराकर आरोपियों के खिलाु सख्त कार्रवाई और उधार की रकम दिलाने की मांग की है। कोतवाली कैराना पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर तीनों भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है और जांच के बाद कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# मिट्टी के ढेर में दबे मासूम की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र की नई बस्ती निवासी दो सगे भाइयों के मासूम बच्चों की सहारनपुर के ईंट भटे पर दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। दोनों भाई परिवार सहित ईंट भटे पर मजदूरी करने गए हुए है, जहां खेलते समय मिटी का ढेर सरकने से बच्चे उसके नीचे दब गए। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है परिजनों ने गमगीन माहौल में शव पीएम से आने के बाद सपुर्द ए खाक कर दिया है। थाना क्षेत्र की नई बस्ती निवासी हारून और नसीम दोनों सगे भाई है और परिवार सहित सहारनपुर के एक ईंट भटे पर मजदूरी करने गए हुए। परिजनों के अनुसार, हारून का 10 वर्षीय पुत्र जुनैद और नसीम की 11 वर्षीय पुत्री आनिया भटे के पास लगे मिटी के ढेर के समीप खेल रहे थे। इसी दौरान अचानक मिट्टी का ढेर भरभराकर गिर पड़ा और दोनों बच्चे उसके नीचे दब गए। हादसे में दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

सूचना मिलते ही सहारनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए, जहां गमगीन माहौल में परिजनों सपुर्द ए खाक कर दिया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# हाईस्कूल में बीएसएम का रहा जलवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बी.एस.एम. विद्यालय में कक्षा 10वीं के बोर्ड परीक्षा के प्रथम चरण के परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से पूरे स्कूल में उत्सव जैसा माहौल बन गया और हर चेहरे पर सफलता की चमक देखने को मिली। विद्यालय के छात्रों ने न केवल उच्च अंक प्राप्त किए बल्कि बोर्ड के टॉपर्स की सूची में भी अपना स्थान सुनिश्चित किया।

दसवीं कक्षा के छात्रों में इशांत शर्मा और केतन मलिक ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन किया। खुशी ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं छवि ने 93प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। एलिश मलिक ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। मसूमा जैदी ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं उर्वशी राठी व अग्रिम मलिक ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का मान बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने कहा कि यह सफलता हमारे छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थियों ने अनुशासन, लगन और निष्ठा से पढ़ाई करते हुए यह शानदार नतीजे दिए हैं। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।




विद्यालय की मैनेजर छाया सिंह और चैयरमेन सूर्यवीर सिंह ने अपनी प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे संस्थान का उद्देश्य छात्रों को न केवल शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्ट बनाना है बल्कि उन्हें नैतिक मूल्यों से भी संपन्न करना है। आज के परिणाम इस उद्देश्य की दिशा में हमारी सफलता के साक्ष्य हैं।

विद्यालय की उप प्रधानाचार्या आशु पंडित ने भी इस अवसर पर बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि समर्पण, अनुशासन और उत्कृष्ट शिक्षण पद्धति का संगम है। हमारे छात्रों ने यह साबित कर दिया कि बी.एस.एम. विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का पर्याय है। हम सभी छात्रों को दिल से बधाई देते हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

# सीबीएसई परीक्षा में जनपद शामली में अब्दुल्ला ने किया टॉप

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। सीबीएसई की 10वीं परीक्षा के परिणाम में अब्दुल्ला ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में पहला स्थान हासिल किया है। वह प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अकबर खान का पुत्र है।

इस साल के परिणाम में सिल्वर बैल्स पब्लिक स्कूल ने शानदार प्रदर्शन किया। अब्दुल्ला के अलावा, विद्यालय की छात्र रिदिमा गोयल ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर जगह बनाई। इसी तरह, बंतीखेडा के छात्र अर्नव ने भी 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और जनपद में दूसरे स्थान पर रहे। शामली के तीन छात्रों रुद्राक्ष गोयल, अक्षिता अग्रवाल और रौनक गर्ग ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। रिजल्ट घोषित होते ही शामली के स्कूलों में खुशी का माहौल था। मेधावी छात्रें ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी स फलता का जश्न मनाया। सीबीएसई बोर्ड की कोऑर्डिनेटर अंजलि दूबे ने कहा कि इस बार का रिजल्ट शानदार रहा है और बच्चों को उनकी मेहनत का उचित फल मिला है। मेधावी छात्रों की सफलता पर उनके परिवार और स्कूल प्रबंधन ने उन्हें बधाई दी और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। परीक्षा परिणाम के बाद छात्र-छात्रओं ने जमकर जश्न मनाया।



# इस्सोपुरटील में 50 बीघा फसल जलकर राख

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। आग से करीब 50 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। जिससे किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हो गया ।पीड़ित किसानों ने प्रदेश सरकार से मुआवजा की मांग की है।इन दिनों क्षेत्र में गेहूं की कटाई का कार्य चल रहा है और अधिकांश खेतों में फसल पककर तैयार खड़ी है। बुधवार को गांव इस्सोपुरटील निवासी किसान बिसंबर, राकेश, बिल्लू, राजपाल और कर्मसिंह केसोराम, महेंद्र, महिला कलावती, रामदास और भूपेंद्र के खेतों में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। तेज हवा के चलते आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने सूचना दमकल विभाग और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने भी आग बुझाने में भरसक प्रयास किया, लेकिन तब तक आग काफी फैल चुकी थी। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया , लेकिन तब तक किसानों की लगभग 50 की बीघा गेहूं की फसल जल जाने से भारी नुकसान हो चुका था।पीड़ित किसानों का कहना है कि उनकी पूरी मेहनत जलकर राख हो गई है। गेहूं की फसल तैयार खड़ी थी और कटाई से ठीक पहले इस तरह की घटना ने उन्हें आर्थिक रूप से तोड़ दिया है। किसानों ने प्रशासन से नुकसान का आकलन कराकर मुआवजे की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

# एसडीएस कॉवेंट स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत, जिया शर्मा बनी टॉपर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम में एसडीएस कॉन्वेंट स्कूल, झिंझाना का परीक्षाफल इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। इस वर्ष कुल 80 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें सभी सफल रहे। विद्यालय की छात्र जिया शर्मा ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। केशव गर्ग ने 93.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सिया सैनी ने 93.0 प्रतिशत एवं गुरमान सिंह ने 92.0 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। विषयवार अधिकतम अंकों में हिंदी में 99, गणित में 98, सामा. जिक विज्ञान में 99, विज्ञान में 97, कंप्यूटर में 99 तथा अंग्रेजी में 99 अंक रहे। 80 से 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले 18 विद्याथ र्ी रहे, जबकि 70 से 80 प्रतिशत अंक पाने वाले 28 विद्यार्थी रहे। अन्य सभी छात्र-छात्रएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यार्थियों ने अपनी सलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं अभिभावकों को दिया। इस अवसर पर विद्यालय चेयरमैन लोकेश तोमर, प्रबंधक श्रीपाल आर्य एवं प्रधानाचार्य सतीश कुमार भटनागर ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## माटी योजना में 12 को रोजगार दिलाने का लक्ष्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली में मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के तहत वर्ष 2026-27 के लिए 12 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस संबंध में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जुगल किशोर ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक उद्यमी योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत अधिकतम 10 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराने का प्रावधान है। उद्यमी अपनी आवश्यकतानुसार वर्कशेड, मशीन-उपकरण, भटी तथा कच्चे माल आदि के लिए परियोजना तैयार कर आवेदन कर सकते हैं।

# तीन वाहनों की भिड़ंत में आधा दर्जन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव खेड़ा अगान निवासी मुशर्रु और जाहिद पिकअप गाड़ी में चालक इलाक के साथ पारसी मंडी से गाय लेकर सहारनपर जा रहे थे।

इनके आगे एक अन्य वाहन (उड़ा) में कृष्ण मुरारी और भोला यादव सवार थे, जो बिहार से सुहारनपर की ओर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही वाहन गंगा अमृत हॉस्पिटल के पास कट के नजदीक पहुंचे, तभी अचानक एक बाइक सवार सामने आ गया। उसे बचाने के प्रयास में आगे चल रहे वाहन के चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे पिकअप गाड़ी से जोरदार टक्कर हो गई। इसी दौरान पीछे से आ रही डिजायर कार, जिसमें जुबैर खान निवासी यमुनानगर दिल्ली सवार थे, वह भी दोनों वाहनों से टकरा गई। एक साथ तीन वाहनों की टक्कर से हाईवे पर हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही थाना आदर्शमंडी पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया कि हादसे में घायल मशरूफ और जाहिद की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि अन्य घायलों का उपचार जारी है। बाद में पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर हाईवे पर यातायात सुचारु कराया।

# खेलो इंडिया महिला लीग आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

कांधला। खंड विकास क्षेत्र के गांव खंद्रावली के बाबू जवान सिंह इंटर कॉलेज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेलो इंडिया अभियान के अंतर्गत अस्मिता, महिलाओं को प्रेरित कर खेलों में उपलब्धि दिलाने सहित जिला स्तरीय महिला लीग का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हैंडबॉल, वॉलीबॉल एवं कबढी खेलों का आयोजन हुआ।कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के सहयोग से किया गया, जिसमें जनपद की विभिन्न टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता के सफल संच. ालन में नमन धीमान, राजदेव, फैसल चौहान, शिवम एवं छवि का विशेष योगदान रहा।




प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए बाबू जवान सिंह इंटर कॉलेज की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अजब सिंह इंटर कॉलेज की टीम द्वितीय स्थान पर रही। वहीं, शामली की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास कुमार एवं कॉलेज प्रबंधन समिति सहित आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को टी-शर्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### सड़क हादसे में युवक गंभीर घायल प्राथमिकी दर्ज

**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव रजाकनगर निवासी एक युवक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था। उपचार के बाद परिजनों द्वारा तहरीर देकर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। घायल के भाई राज. कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 29 जनवरी 26 की रात उसका छोटा भाई रोहित अपनी बाइक से सींगरा से वापस गांव घर लौट रहा था। जैसे ही वह मेरठ-करनाल रोड स्थित गुरुद्वारे के पास पहुंचा तो झिंझाना निवासी आशीष ने कार से उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजनों द्वारा तुरंत मेरठ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। पुलिस ने कार चालक के खिलाु मामले की जांच शुरू कर दी है।

### असहाय महिला व लावारिस युवती को परिवार से मिलाया

**थानाभवन।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत थाना थानाभवन पुलिस ने एक बार फिर संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए सराहनीय कार्य किया है। लावारिस अवस्था में भटक रही एक मंदबुद्धि महिला को सुरक्षित संरक्षण में लेकर उसके परिजनों से मिलाया गया। वही किशोरी के लापता होने की सूचना मिली, मिशन शक्ति टीम तुरंत हरकत में आ गई। टीम ने बिना देरी किए संभावित स्थानों पर सघन तलाश शुरू की और तकनीकी व पारंपरिक संसाधनों का सहारा लेते हुए तेजी से सुराग जुटाए। इसी सक्रियता का नतीजा रहा कि किशोरी को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। पूछताछ में किशोरी ने अपना मूल निवास बिहार तथा वर्तमान पता जगाधरी (यमुनानगर, हरियाणा) बताया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे सकुशल परि. जनों के सुपुर्द कर दिया गया। बेटी को सुरक्षित देखकर परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े और उन्होंने पुलिस टीम का दिल से आभार जताया।

### आंबेडकर जयंती पर अफ़कार इंडिया फाउंडेशन ने लोगों को किया जागरूक

**कांधला।** अफ़कार इंडिया फाउंडेशन द्वारा ब्लॉक क्षेत्र के गांव खंदरावली में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सतीश कुमार रहे। कार्यक्रम के दौरान युवाओं के साथ उनके अधिकारों को लेकर चर्चा की गई। संस्था के अंबेडकर युवा जन संगठन से जुड़े युवाओं ने अपने विचार रखे, जिनमें डॉ. अजय कुमार, नितिन कुमार, सुशील कुमार, मोनू कुमार, गौतम भारती व शनि कुमार शामिल रहे।कार्यक्रम का संचालन राहुल कुमार और विशाल ने संयु क्त रूप से किया। राहुल कुमार ने बाबा साहब के जीवन, शिक्षा और समानता के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला।एडवोकेट बिलाल ने नागरिक अधिकारों, शिक्षा के महत्व, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आरक्षण व्यवस्था और एससी-एसटी एक्ट की जानकारी दी। आबिद मजीदी ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए बच्चों को शिक्षित करने का आ]वान किया। इस दौरान गांव के सतपाल प्रधान सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### हवन-पूजन व भंडारे का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली कलेक्ट्रेट परिसर में पिछले करीब 20 दिनों से चल रहे मंदिर निर्माण कार्य के उपलक्ष्य में बुधवार को हवन-पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिका. रियों एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बुधवार को कलक्ट्रेट स्थित देवी मंदिर में मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा 10 अप्रैल को प्रमुख समाजसेवी अंकित गोयल द्वारा मुख्य यजमान के रूप में कराई गई थी। पूरे धार्मिक अनुष्ठान का संचालन रघुनाथ मंदिर के पंडित त्रयंबकम शर्मा ने विधि-विधान से संपन्न कराया। बुधवार को आयोजित हवन-यज्ञ के यमजान अंकित गोयल रहे। कार्यक्रम की पूर्णाहति में जिलाधिकारी अरविंद चौहान, एसपी एनपी सिंह, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, पूर्व विधायक राव वारिस सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में उद्यमी आलोक जैन, अशोक बंसल, आशीष जैन, अनुज गर्ग, शिखर मित्तल, आशीष अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अमित वि श्वकर्मा और अनुराग शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी सहभागिता की।

# खाई में जा चुकी बस, टला हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मेरठ-करनाल मार्ग हाईवे पर एक टूरिस्ट बस दूसरे वाहन को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में घुस गई। गनीमत रही कि बस नही पलटी। हादसे में करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए है जिनको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बुधवार को एक टूरिस्ट बस करनाल की ओर से मेरठ की ओर जा रही थी। बताया जाता है कि सवेरे करीब साढे 6 बजे जब बस शामली कोतवाली क्षेत्र के झाल गेट से आगे काबडौत पुल के निकट पहुंची तो इसी दौरान विप. रीत दिशा से आ रहे एक अन्य वाहन को बचाने के प्रयास में बस के चालक का संतुलन बिगड गया और बस बराबर स्थित खाई में जाकर घुस गई। खाई में नीचे खेत होने से बस पलटने से बाल बाल बच गई। जिससे एक बडा हादसा होने से बचान बाल बच गया। हादसे में किरण पत्नी सुजीतराम, रामचंद्र पुत्र शिव मंगल, राजेश पुत्र छत्रपाल, राम संजीव पुत्र धर्मराज, मंजीत पुत्र महेवर, राहुल पुत्र रुद्रराम और ठाकुरिया पत्नी नाहर सिंह निवासीगण गोंडा बस्ती घायल हुए। सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उपचार के बाद सभी यात्री अपने घर लौट गए।

## एसएन में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**शामली।** कैराना के एसएन जूनियर हाईस्कूल में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तीर्ण हुए बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बुधवार को कैराना के एसएन जूनियर हाईस्कूल में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान वर्ष 2025-26 में अपनी अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्च्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम नाटिका, भाषण, कहानी आदि प्रस्तुत किए। इस दौरान छात्र-छात्राऐं पुरस्कार पाकर उत्साहित नजर आये। कार्यक्रम में नई शिक्षा नीति तथा नारी सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर प्रधानाचार्य रवि कुमार, लियाकत अली, अरशद अली, शिवकुमार, रजाकत अली आदि मौजूद रहे।

## रास्ते पर कब्जे का आरोप

**शामली।** बुधवार को गांव लव्वादाऊदपुर निवासी संयोगिता शर्मा ने शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके पड़ोसी संदीप उु कल्लू, देवेन्द्र, योगेन्द्र, संदीप कुमार, बाबू, पंचम, शक्ति, सोनू, सुभाष और लाला उु कुलदीप समेत अन्य लोगों ने सरकारी रास्ते और पंचायत की जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है। इससे न केवल उनके परिवार बल्कि अन्य ग्रामीणों के आने-जाने का रास्ता भी बाधित हो रहा है।

# अतिक्रमण पर एक्शन से पहले ही बवाल, भड़के व्यापारी

## संकेत टकराव की आहट, समाधान अभी दूर

बैठक में भड़का आक्रोश यह दिखा गया कि अतिक्रमण हटाने का मुद्दा अब सिर्फ प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, बल्कि व्यापारियों के अस्तित्व से जुड़ा सवाल बन चुका है। ऐसे में बिना ठोस रोडमैप के आगे बढ़ना प्रशासन के लिए नई मुश्किलें खड़ी कर सकता है।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मुख्य बाजार से अतिक्रमण हटाने की तैयारी को लेकर नगर पालिका परिषद की बैठक बुधवार को हंगामे की भेंट चढ़ गई। जैसे ही कार्रवाई का मुद्दा उठा, व्यापारी भड़क गए और जोरदार विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते सभागार का माहौल गर्म हो गया और कई व्यापारी नाराज होकर बैठक बीच में ही छोड़कर बाहर निकल गए।

अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप की अध्यक्षता में चल रही बैठक में प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की जरूरत और मंशा स्पष्ट करने की कोशिश की, लेकिन व्यापारी अपनी समस्याओं पर अड़े रहे। उनका सु कहना था कि वर्षों से चल रहे कारोबार को बिना वैकल्पिक व्यवस्था के हटाना उनके रोजगार पर सीधा हमला है। हंगामे के चलते बैठक कुछ देर के लिए ठप हो गई। स्थिति बिगड़ती देख अधिशासी अधिकारी ने बाहर गए व्यापारियों को मनाकर दोबारा बैठक में बुलाया, जिसके बाद दूसरा दौर शुरू हो सका। इस दौरान व्यापारियों ने खुलकर अपनी आशंकाएं रखीं और पहले ठोस योजना व वैकल्पिक व्यवस्था की मांग उठाई। पालिका प्रशासन ने सभी पक्षों को सुनने के बाद भरोसा दिलाया कि कार्रवाई व्यापारियों की समस्याओं को ध्यान में रखकर ही की जाएगी। बावजूद इसके, बैठक में दिखा विरोध सु संकेत दे गया कि अतिक्रमण हटाने की राह आसान नहीं रहने वाली।

### बैठक में गरमाए मुद्दे, तीखी नोकझोंक

बैठक के दौरान पालिका प्रशासन और व्यापारियों के बीच जमकर नोकझोंक हुई। व्यापारी अमित सिंघल ने सुझाव दिया कि शामली बस स्टैंड से मुख्य चौक तक डिवाइडर बनवाया जाए, जिससे अतिक्रमण की समस्या स्वत: खत्म हो सकती है। वहीं व्यापारी विपुल जैन ने पालिका टीम के व्यवहार पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि कार्रवाई के दौरान टीम की भाषा अशोभनीय रही और व्यापारियों के साथ अभद्रता की गई। उन्होंने शहर में हुए डबल मर्डर का मुद्दा उठाते हुए कहा कि उस समय पुलिस ने व्यापारियों को असलहा रखने तक की सलाह दी थी। हम असलहा संभालें या दुकान चलाएं? बात कहकर इस सलाह को नकार दिया था। व्यापारियों ने मांग रखी कि पालिका स्पष्ट सीमा रेखा तय करे, जिसके भीतर ही व्यापारी अपना सामान रखें। साथ ही चेतावनी दी कि यदि सीमा के बाहर रेहड़ी-ठेली लगती है तो उसकी जिम्मेदारी पालिका प्रशासन की होगी। इस पर अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप ने सु कहा कि दुकानों के सामने बनी अवैध पेडियां हटाई जाएं और किसी भी सूरत में दुकानों के आगे ठेली नहीं लगने दी जाएगी।

### तेज धूप ने दिखाई गर्मी का अहसास

**शामली।** बुधवार को शहर का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। पिछले एक सप्ताह में जो तापमान लगातार बढ रहा है। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण अब सडकों पर निकला मुश्किल हो रहा है। बुधवार को सवेरे से ही तेज धूप का प्रकोप शुरू हो गया था, जो 26 डिग्री सैल्सियस था, वह अब बढ़कर 36 डिग्री सैल्सियस तक पहुंच चुका है। इस एक सप्ताह में तापमान में 10 डिग्री सैल्सियस की वृद्धि देखी गई है, जो आमतौर पर मौसम में बदलाव का संकेत देता है। बुधवार की दोपहर को गर्मी इतनी तीव्र थी कि लोग घरों से बाहर निकलने से बचते हुए दिखाई दिए। सड़कें सुनसान थीं, जबकि कुछ लोग धूप से बचने के लिए छांव में खड़े थे।

**कार्यालय उपजिलाधिकारी तहसील ऊन, जनपद शामली**

संख्या: 158 /र0का0-2026 दिनांक 15.04.2026

विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 24.04.2026 को तहसील ऊन में तालाबों का दस वर्षीय मत्स्य पालन हेतु आवंटन/नीलाम के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 में उल्लिखित प्रावधानों के अन्तर्गत ग्राम दुल्लाखेड़ी के ख0न0 597/0.2970, 564/0.7440, 705/0.1020 व भाटू के ख0न0 528/0.2560 व शामली शामला के ख0न0 618/0.7580, 620/0.4710, 185/0.4510 व पुरमाफी के ख0न0 338/0.0720, 331/0.2750 व चौसाना जदीद के 1154/0.3210, 1157/0.3070 व अलीपुरा के 159/0.5220, 161/0.4610 व चौसाना बिला अह0 के 310/0.5840, 218/0.1383, 1049/0.2590 व जिजौला के 295मि/0.4190 व गंगारामपुर के 113/0.7690 व बल्लामजरा के 55मि/1.3840, 262/0.8710 व बेहड़ा के 45/0.1740, 46/0.5800, 47/0.2050 हे0 का मत्स्य पालन हेतु आवंटन/नीलाम तहसील ऊन स्थित सभाकक्ष में किया जायेगा। पूर्वाहन 10:00 बजे से 12.00 बजे तक आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। तत्पश्चात नीलामी की कार्यवाही अपराह 1:00 बजे से तहसील स्थित सभागार में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति नियत समय एवं दिनांक पर शिविर में उपस्थित होकर आवंटन/नीलामी की कार्यवाही में भाग ले सकते हैं। यह नीलामी किसी कारणवश नियत दिनांक 24.04.2026 को नहीं हो पाती है तो उक्त नीलामी 04.05.2026 को होगी।

**उपजिलाधिकारी**
**ऊन।**

# विद्यार्थियों को आग से बचने की दी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर विभाग के वीर जवानो को श्रद्धाजंलि अर्पित कर जागरुकता एवं सुरक्षा संदेश अभियान चलाया गया। इस दौरान अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने स्कूलों में पहुंच विद्यार्थियों और अध्यापकों को आग व आग से बचाव की जानकारी देकर जागरुक किया।

देवबंद अग्निशमन विभाग के अधिकारियों और फायर कर्मियों ने फायर सर्विस सप्ताह के अंतर्गत अग्निशमन कर्मियों ने नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रैली निकाल लोगों को आग व आग से बचाव की जानकारी देते हुए जागरूक किया। देवबंद अग्निशमन अधिकारी रोहित कुमार सिंह के नेतृत्व में फायर कर्मियों ने श्री गुरुराम राय स्कूल और लाला पूरन चंद साहनी मेमोरियल इंटर कॉलेज में पहुंच बच्चों को आपात स्थिति में उचित कदम उठाने की जानकारी देते



हुए बताया कि किस प्रकार वह अपने घरों में गैस सिलेंडर और बिजली के उपकरणो की नियमित जांच कर उनका सुरक्षित उपयोग कर सकते हैं। इस दौरान स्कूल स्टॉफ शामिल रहा। इस दौरान अपने प्राणो की को न्योछावर करने वाले अग्निशमन कर्मियो के साहस और समपर्ण को नमन करते हुए श्रद्धाजंजि अर्पत की।

# स्थानांतरित हुए न्यायिक अधिकारियों को दी विदाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गुरूद्वारा साहिब में आयोजित कार्यक्रम में सिविल कोर्ट देवबंद से स्थानांतरित हुए न्यायिक अधिकारियों को भावभीनी विदाई दी गई।

गुरूद्वारा कमेटी की ओर से सिविल कोर्ट के एडीजे वीके वासवानी, एसीजेएम परविंदर सिंह और सिविल जज प्रिंस जिंदल को कृपाण व सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। एडीजे वीके वासवानी ने कहा कि देवबंद में गुजरा उनका दो वर्षो का कार्यकाल यादगार रहेगा। एसीजेएम परविंदर सिंह ने कहा कि उन्होंने यहां रहते हुए पूरा प्रयास किया कि जनता को न्याय दिलाएं। वाहेगुरू जी की कृपा से देवबंद का कार्यकाल शानदार रहा। उन्होंने देवबंद की संगत का आभार जताया। सिविल जज प्रिंस जिंदल ने कहा कि देवबंद की जनता ने उन्हें जो सम्मान व प्यार दिया है, वह हमेशा इसे याद रखेंगे। गुरूद्वारा



कमेटी के प्रधान सेठ कुलदीप कुमार व सचिव गुरजोत सिंह सेठी ने अधिकारियों की कार्यप्रणाली व ईमानदारी की प्रशंसा की। इस दौरान बालेंद्र सिंह, श्याम लाल भारती, सचिन छाबड़ा, गुरविंदर सिंह छाबड़ा, अजय मदान, ईश्वर सिंह, परमजीत सिंह, गुरजंट सिंह, एडवोकेट कर्मजीत सिंह, हर्षप्रीत मनचंदा, सन्नी सेठी, सिमरनजीत सिंह, युवराज अरोड़ा, प्रिंस कपूर आदि शामिल रहे।

# छात्राओं ने पदयात्रा निकाल विभिन्न स्लोगन के बीच नारी सशक्तिकरण का दिया संदेश

**देवबन्द।** नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने पदयात्रा का आयोजन किया। इसमें विभिन्न स्लोगन के बीच नारी सशक्तिकरण का मजबूत संदेश दिया गया।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. गौरव वालियान ने पदयात्रा का शुभारंभ करने के उपरांत कहा कि यह अभियान महिलाओं को राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में समान भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सभासद महक चौहान और रानी गंभीर के नेतृत्व में आयोजित पद यात्रा में नारी सम्मान देश का अभिमान, महिलाओं के अधिकार से देश होगा सशक्त आदि नारों के बीच नारी शक्ति का




बखान किया। यात्रा नगर के प्रमुख बाजारों और चौकों से होकर गुजरी। इस दौरान महाविद्यालय की छात्राओं के अलावा पांच लखपति दीदी एनएसएस, एनसीसी के वालांटियर भी शामिल रहे। संचालन नोडल अधिकारी डा. टीना और एनएसएस प्रभारी डा. शाहनजर ने किया।

# कलाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हमारा नैतिक दायित्व है: वत्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विश्व कला दिवस संस्कार भारती सहारनपुर के तत्वावधान में शिवांगुरी जनता स्कूल में आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि कला किसी भी राष्ट्र की संस्कृति की दर्पण होती है। इस दौरान निर्णय लिया गया कि आने वाले सत्र में विद्यालयों में नियमित कला कार्यशालाएं आयोजन किया जाएगा।

गांव अंबैहटा शेखां स्थित शिवांगुरी जनता स्कूल में विश्व कला दिवस संस्कार भारती सहारनपुर के तत्वावधान में आयोजित गोष्ठी में प्रांतीय मंचीय कला संयोजक लोकेश वत्स ने कहा कि विश्व कला दिवस हमें स्मरण कराता है कि लोक व शास्त्रीय कलाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हमारा नैतिक दायित्व है। कहा कि संस्कार भारती इसी उद्देश्य से कलासाधकों को मंच व सम्मान देने हेतु सतत कार्यरत है। जिला महासचिव स्तुति शर्मा ने कहा कि विद्यालय ही वह पहली प्रयोगशाला है जहां बाल मन में कला के बीज अंकुरित होते हैं। जिला अध्यक्ष मुकुल गुप्ता ने कहा कि सहारनपुर जनपद कला, संगीत व चित्रकला की समृद्ध परंपरा के लिए जाना जाता है। हमें अपनी स्थानीय विधाओं को संरक्षित कर राष्ट्रीय पहचान दिलानी है। ठाकुर वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि कला के प्रचार-प्रसार में संसाधनों की महती भूमिका है। हमारा प्रयास है कि प्रतिभावान कलाकारों को प्रशिक्षण, प्रदर्शन व आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाए।

# दारुल -उलूम- अशरफिया मदरसे की नई क्लासो की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवबंद।** दारुल उलूम अशरफिया की नई क्लासों की शुरुआत आज से शुरू हुई जिसमें देश और विदेश के बच्चों ने फॉर्म भरकर एडमिशन लिए मदरसे के संस्थापक डायरेक्टर हजरत मुफ्ती सालीम अशरफ कासमी ने अपनी पूरी टीम के साथ बच्चों के फॉर्म को चेक किया और पात्र छात्रों को हाफिज, कारी, मुफ्ती, आलिम, आदि कोर्स के लिए एडमिशन दिए इस अवसर पर सिद्धि की वेलफेयर सोसाइटी के फाउंडर मेंबर हाजी सुल. मान सिद्दीकी ने हजरत को मदरसे मै पहुंच कर मुबारक बाद पेश की हाजी सुलेमान सिद्दीकी के साथ लखनऊ से आए मोहम्मद अहमद उर्फ मम्मे भाई, रमीज सिद्दीकी, मशहूर सिद्दीकी, अमन सिद्दीकी, आदिल सिद्दीकी, और मदरसे के उस्तादों की पूरी टीम और देर से आए हुए एडमिशन लेने आए बच्चे उपस्थित थे।





# देवर पर दुष्कर्म के प्रयास व जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** एक महिला ने अपने देवर पर दुष्कर्म के प्रयास और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे वह भयभीत है। प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र की निवासी महिला ने बताया कि उसकी शादी 27 मई, 2023 को मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। विवाह के बाद से ही उसका वैवाहिक जीवन तनावपूर्ण रहा। महिला के अनुसार, उसका पति गलत संगति में रहता था और घर में अन्य महिलाओं को लाता था, जिसका विरोध करने पर उसे प्रताड़ित किया जाता था। महिला ने आरोप लगाया कि उसका देवर अक्सर उसके साथ अभद्र व्यवहार करता था और कई बार उसके कमरे में जबरन घुस आता था। उसने बताया कि 12 जनवरी, 2025 की रात लगभग 11:30 बजे, जब उसका पति घर पर नहीं था, तब देवर उसके कमरे में घुस आया और उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपी ने चाकू दिखाकर उसे और उसके छोटे बच्चे को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के अनुसार उसने किसी तरह शोर मचाकर खुद को बचाया, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के बाद ससुराल पक्ष ने उसे घर से निकाल दिया, जिसके बाद से वह अपने मायके में रह रही है। महिला का कहना है कि उसने 24 फरवरी, 2026 और 17 मार्च, 2026 को भी शिकायत दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# मुस्लिम इंटर कालेज में भव्य कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मुस्लिम इंटर कॉलेज में डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। सभी लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रौनक खत्री उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि मुदस्सिर जमा खान रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य मास्टर हारून ने की एवं सफल संचालन शब्बन जुनैदी ने किया। कार्यक्रम के संयोजक जईम सिद्दीकी रहे। मुदस्सिर जमा खान ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा ही देश का भविष्य हैं और उन्हें अपने मुस्तकबिल की ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

# अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के तहत कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** अग्निशमन सप्ताह के अंतर्गत विद्यार्थियों को आग से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया। प्राप्त समाचार के अनुसार महानिदेशक उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा मुख्यालय लखनऊ के आदेश और मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशन में क्षेत्र में अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आज प्रभारी अग्निशमन केंद्र केएस जादौन के नेतृत्व में विभिन्न स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह की थीम 'सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरुक समाज-आग की रोकथाम के लिए एक साथ' रखी गई है। इसी थीम पर स्कूलों में




निबंध लेखन तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी अग्निशमन केंद्र केएस जादौन ने विद्यार्थियों को आग से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग लगने की स्थिति में घबराना नहीं चाहिए और तुरंत फायर सर्विस को सूचना देनी चाहिए। बच्चों को अग्निशमन उपकरण चलाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। साथ ही आग से बचाव संबंधी पम्पलेटों का वितरण भी विद्यालयों में किया गया। ग्रीन लाइट सीनियर सेकंडरी पब्लिक स्कूल नांगल, कुंदन सिंह मैमोरियल सीनियर सेकंडरी स्कूल साहनपुर, ग्लोबल वालिया एकेडमी एवं मूलचंद एकेडमी सीनियर सेकंडरी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किए गए।


## सार्वजनिक सूचना

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है सहारनपुर शाकुम्बरी देवी बस आपरेटर्स एसोसिएशन, निकट रामलीला ग्राउण्ड, बेहट बस स्टैण्ड, सहारनपुर के पंजीकरण कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निग्न पदाधिकारी/सदस्य हैं-1. नासिर जमाल अध्यक्ष 2. शिव कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष 3. मामचन्द गोयल महासचिव 4. मी. आबिद सचिव 5. अनिल महेश्वरी कोषाध्यक्ष 6. आफताब पीरजादा सदस्य 7. मुकेश कुमार त्यागी सदस्य सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गए हैं। यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत एसोसिएशन के पंजीकरण के विरुद्ध किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 20 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर एसोसिएशन के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जाएगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की जा रही है।


# कृष्णा में विधिक साक्षरता शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के विधि विद्यार्थियों एवं प्राधयापकों का एक समूह विधि विभागाध्यक्ष प्रदीप राठौर के निर्देशन में बस द्वारा किसान इंटर कॉलेज, रावली रोड, मंडावली पहुंचा। समूह को महाविद्यालय संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, प्रबन्धा निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डा. परवेज़ अहमद खान, कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ, बिजनौर के विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों के समूह द्वारा किसान इंटर कॉलेज, रावली रोड, मंडावली में एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जागरुकता शिविर का शुभारंभ किसान इंटर कॉलेज, मंडावली के प्रधानाचार्य विरेंद्र सिंह के करकमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता डा. एमए खान के द्वारा किया गया। विभागाध्यक्ष प्रदीप राठौर ने विभिन्न विधिक पहलूओं से शिविर में विधि विद्यार्थियों द्वारा एवं किसान इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों को अवगत कराया कि किस प्रकार कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ, जिला विधिक सेवा प्रा. धिकरण के माध्यम से लोगों को नि:शुल्क विधिक सहायता प्रदान



कर रहा है उन्होंने यह भी बताया कि कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ, में लीगल एड क्लीनिक की स्थापना की गई है एवं प्रत्येक शनिवार लीगल एड क्लीनिक का आयोजन किया जाता है। जिसमें सभी प्रकार की समस्याओं हेतु नि:शुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है।

कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्रवक्ता अभिषेक प्रताप सिंह ने विधिक जागरुकता शिविर की उपयोगिता के सम्बंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की और विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न रोजगारपरक अवसरों से अवगत कराया। किसान इंटर कॉलेज, मंडावली के प्रधानाचार्य विरेंद्र सिंह ने यह बताया कि जिला विधिक सेवा प्रा. धिकरण का मुख्य उद्देश्य निर्धान लोगों को न्याय प्रदान करना है।

कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के विधि विद्यार्थियों द्वारा सायबर अपराध से बचाव हेतु एक लघु नाट्य प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में मसीहत, उमैद, तनिष्का, भावना, दामिनी, अक्सा नूर आदि रहे। जागरुकता शिविर में विधि विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं विभिन्न विषयों जैसे दहेज मृत्यु, भरण-पोषण, मोटर दुर्घटना दावे, उपभोक्ता फोरम, वैकल्पिक विवाद निस्तारण प्रणाली आदि के बारे में ग्रामीण जनता को विस्तार से अवगत कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिनव वैदिक विद्या मंदिर, स्वाहेड़ी बुजुर्ग के समस्त शिक्षकों, किसान इंटर कॉलेज, रावली रोड, मंडावली के प्रधानाचार्य विरेंद्र सिंह व अन्य प्रवक्तागण शिवकुमार, दीपिका सिंह, विशाल विक्रम सिंह, खुशबू रानी व मीनू कोठारी आदि का विशेष योगदान रहा। वरिष्ठ प्रवक्ता डा. एमए खान ने समस्त अतिथिगण को धन्यवाद प्रेषित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## स्मृति दिवस मनाया

**नजीबाबाद।** 14 अप्रैल 1944 मुम्बई बंदरगाह पर घटित भीषण अग्निकांड में 66 अग्निशमन कर्मियों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन दिवंगत अग्निशमन कर्मियों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए प्रतिवर्ष 14 अप्रैल अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। फायर स्टेशन नजीबाबाद पर प्रभारी अग्निशमन केंद्र नजीबाबाद कनही सिंह जादौन के नेतृत्व में परेड फालइन कर शहीद हुए कर्मियों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया तथा शहीद हुए कर्मियों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान फायर स्टेशन नजीबाबाद के समस्त कर्मचारी भी उपस्थित रहें। राजीव कुमार पांडेय, मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देशानुसार फायर स्टेशन नजीबाबाद से एक फायर रैली ग्राम महावतपुर बिल्लौच, सब्जी मंडी, मालगौदाम तिराहा, रेलवे स्टेशन पर पम्पलेट वितरण कर प्रचार-प्रसार किया गया।


## सार्वजनिक सूचना

मेरा UTTAR PRADESH STATE MEDICAL FACULTY LUCKNOW का DIPLOMA IN OPTOMETRY (2 YEARS) परीक्षा वर्ष मार्च 2017, अनुक्रमांक 140513020, रजि0 नं0 OPT/13123 तथा सर्टिफिकेट नम्बर 15006 है। रास्ते में कहीं गिरकर गुम हो गया है जो तलाश करने पर भी नहीं मिला है।

**अनुज कुमार** पुत्र सुदेशपाल
ग्राम सलेमपुर पोस्ट बचीटी
थाना नागल जिला सहारनपुर।


## शोभायात्रा पर बुलडोजर से पुष्पवर्षा

**हीमपुर दीपा।** ग्राम हीमपुर दीपा में डा. भीमराव अंबेडकर जयंती बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर शोभायात्रा निकाली गई, जो रविदास मंदिर से शुरू होकर ग्राम हीमपुर दीपा और रतनपुर खुर्द से होते हुए वापस रविदास मंदिर में पहुंची। इस बीच रतनपुर खुर्द निवासी अनिल लांबा द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर बुलडोजर पर चढ़कर झांकियों पर पुष्प वर्षा की गई। जिससे आपसी समरसता और समानता का भाव पैदा होता नजर आया। इस कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए हीमपुर दीपा पुलिस भी सुरक्षा के मद्देनजर कार्यक्रम में शामिल रही।

## मजदूरों पर अन्याय बर्दाश्त नहीं होगा

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) के मंडल अध्यक्ष रवि चौधरी ने मजदूरों पर हो रहे अत्याचार और शोषण को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली, नोएडा, फरीदाबाद और मानेसर के औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरों को न्यूनतम वेतन से कम मजदूरी दी जा रही है और उनसे रविवार का अवकाश भी छीना जा रहा है, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जब मजदूर अपने हक और अधिकारों की आवाज उठाते हैं तो सरकार और प्रशासन द्वारा उन्हें दबाने के लिए लाठीचार्ज और गिरफ्तारियों का सहारा लिया जा रहा है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) मजदूर भाइयों के इस संघर्ष का पूर्ण समर्थन करती है। यूनियन की ओर से सरकार से मांग की गई है कि मजदूरों की सभी जायज मांगों को तुरंत स्वीकार किया जाए और गिरफ्तार किए गए मजदूर साथियों को अविलंब रिहा किया जाए।

## पुलिस की कार्यप्रणाली का विरोध

**अफजलगढ़।** कालागढ़ मार्ग स्थित डाक बंगले भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन द्वारा वन विभाग व पुलिस कार्यप्रणाली के विरोध दिया जा रहा धरना जारी है। भाकियू टिकैत ब्लॉक बढ़ापुर राजीव चौहान ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ धरना स्थल पर पहुंचकर 16 अप्रैल को प्रदर्शन को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वन विभाग व पुलिस द्वारा भाकियू कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाध्यक्ष के आदेश पर हल्दौर ब्लॉक की टीम भी धरना स्थल पहुंची। ब्लॉक अध्यक्ष अरुण कुमार के नेतृत्व में चार गाड़ियों को काफिला अफजलगढ़ डाक बंगले पहुंचा। इस मौके पर वक्ताओं ने किसानों की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांगें दोहराई।


## सूचना

मैंने अपना नाम सईद SAID से बदलकर शहीद अहमद SHAHEED AHMED रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना वह पहचान जाए।

SHAHEED AHMED
S/O HAMID VILLAGE
SAKHAN KALAN POST
SAKHAN KHURD PS.
DEOBAND DISTT.
SAHARANPUR. U.P.

## सूचना

I Have Changed My Name From AAZAM To AZAM. I Would Like To Be Known By This Name In The Future.

Azam S/o Khalil Ahmad
R/o Sanpla Khatri Deoband
(Saharanpur)

# लखनऊ ने बेंगलुरु को जीत के लिए 147 रन का टारगेट दिया

**बेंगलुरु।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एसएसजी) ने आईपीएल-19 के 23वें मैच में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 147 रन का टारगेट दिया है। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। लखनऊ 20 ओवर में 146 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में बेंगलुरु ने एक ओवर में बिना नुकसान के 6 रन बना लिए हैं। फिल साल्ट और इम्पैक्ट प्लेयर विराट कोहली क्रीज पर हैं।

ओपनर मिचेल मार्श ने 40, मुकुल चौधरी ने 39 और आयुष बडोनी ने 38 रन की पारी खेली। रसिख सलाम ने 4 विकेट झटके। जबकि भुवनेश्वर कुमार को 3 विकेट मिले। क्रुणाल पंडया ने 2 विकेट झटके। जोश हेजलवुड को एक विकेट मिला। विराट कोहली इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे हैं। वे पहली बार इस रोल में नजर आए हैं। कोहली को सुयश शर्मा की जगह मैदान पर ला गया। 20वें ओवर में रसिख सलाम ने दो विकेट झटके। उन्होंने मुकुल चौधरी और आवेश खान को बोल्ड कर दिया। इस तरह लखनऊ की टीम 20 ओवर में 146 रन पर आलआउट हो गई। मुकुल ने 39 रन बनाए। 19वें ओवर की पहली बाल पर जार्ज लिंडे को जीवनदान मिला। यहां रोमारियो शेफर्ड से कैच ड्राप हो गया। हालांकि, वे इसका फायदा नहीं उठा सके। वे तीसरी बाल पर टिम डेविड को कैच थमा बैठे। अगली ही बाल पर भुवी ने मोहम्मद शमी को बोल्ड कर दिया, लेकिन हैट्रिक नहीं ले सके। आवेश ने बाल को लान्ग आन पर खेल दिया। 17वें ओवर में लखनऊ ने छठा विकेट गंवा दिया। ओवर की पांचवीं बाल भुवनेश्र कुमार ने लो फुल टास फेंकी। ऋषभ पंत ने फ्लिक किया, लेकिन गेंद हवा में खड़ी हो गई। फिल साल्ट ने आगे की ओर डाइव लगाई और बेहतरीन कैच पकड़ लिया। पंत 1 रन ही बना सके। 16वें ओवर में लखनऊ ने पांचवां विकेट गंवा दिया। ओवर की पांचवीं बाल रसिख सलाम ने स्लोअर बाउंसर फेंकी। आयुष बडोनी ने शाट खेला, लेकिन काट बिहाइंड हो गए। बडोनी ने 38 रन बनाए। बडोनी के बाद ;षभ पंत बैटिंग करने आए। वे पावरप्ले में रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। पहली पारी में 5 ओवर का खेल बाकी है। टीम ने 83 रन पर ही 4 विकेट गंवा दिए थे, यहां से मुकुल चौधरी और आयुष बडोनी ने टीम को संभाल लिया।

# पर्पल कैप तालिका: कम्बोज -प्रसिद्ध संयुक्त रूप से शीर्ष पर

**चेन्नई।** दे दनादन क्रिकेट इंडियन प्रमियर लीग (आईपीएल) 2026 जैसे -जैसे आगे बढ़ता जा रहा है अब हर दिन पर्पल और ऑरेंज कैप तालिका में बदलाव हो रहे है।



इसी क्रम में मंगलवार को चेन्नई सुपर किग्स (सीएसके) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच हुए मुकाबले के बाद अंशुल कम्बोज और प्रसिद्ध कृष्णा पर्पल केप तालिका में संयुक्त रुप से शीर्ष पर पहुंच गए है। सीएसके के मध्यम तेज गें. दबाज अंशुल कम्बोज अब तक एक भी मैच ऐसा नहीं खेले हैं जिसमें उन्हें विकेट न मिला हो। पांच मैचों में सिर्फ एक बार ऐसा हुआ जब वे दो या उससे अधिक विकेट नहीं ले सके। एमए चिदब. रम स्टेडियम में खेले कल खेले गए मुकाबले में कम्बोज ने केकेआर के खिलाफ 32 रन देकर 2 विकेट झटके इसी के साथ उनके इस सीजन में कुल 10 विकेट हो गए। अब वे प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात टाइटंस) के साथ संयुक्त रूप से टॉप पर पहुंच गए हैं। हालांकि बेहतर इकॉनमी रेट के चलते पर्पल कैप अभी भी कृष्णा के पास ही है। इस तालिका में रवि बिश्नोई द्धराजस्थान रॉयल्सऋ नौ विकेट के साथ तीसरे नंबर पर हैं। उनके बाद जोफ्रा आर्चर सात विकेट के साथ चौथे नंबर पर हैं। इसके बाद तीन गेंदबाज छह-छह विकेट के साथ मौजूद हैं, प्रिंस यादव (लखनऊ सुपर जायंट्स), जैकब डफी (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) और केकेआर के वैभव अरोड़ा, जिन्होंने सीएसके के खिलाफ एक विकेट हासिल किया। ऑरेंज कैप तालिका में शीर्ष पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। हाइनरिक् क्लासन (224 रन) और इशान किशन (213 रन) अब भी पहले और दूसरे स्थान पर हैं। राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी 200 रन के साथ तीसरे नंबर पर बने हुए हैं। अभी तक केवल यही तीन बल्लेबाज 200 या उससे ज्यादा रन तक पहुंच सके हैं। उनके बाद चौथे नंबर पर आरसीबी के रजत पाटीदार 195 रन के साथ हैं। वहीं पांचवें नंबर पर एक नया नाम जुड़ा है।

## महाराष्ट्र की पहली निशानेबाजी लीग पुणे में 17 से होगी शुरू

**पुणे।** महाराष्ट्र की पहली निशानेबाजी लीग 17 से 19 अप्रैल तक पुणे के अमनोरा पार्क स्थित छत्रगुंज नर्स स्कूल में आयोजित की जाएगी महाराष्ट्र राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित 'शूटिंग लीग ऑफ महाराष्ट्र', राज्य स्तर पर 'शूटिंग लीग ऑफ इंडिया' इकोसिस्टम की दिशा में एक अहम कदम है। हाल ही में 'शूटिंग लीग ऑफ कर्नाटक' की सफल शुरुआत के बाद, महाराष्ट्र संस्करण इस खेल के लिए एक प्रतिस्पर्धी लीग ढांचा तैयार करने की, पूरे भारत में लागू की जा रही रणनीति का अगला चरण है। महाराष्ट्र में इस खेल के इतिहास में पहली बार टीमों पर आधारित प्रारूप अपनाया जाएगा।

## धीमी ओवर गति के लिए अजिंक्य रहाणे पर 12 लाख रुपये का जुर्माना

**चेन्नई।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर चेन्नई सुपर किग्स के खिलाफ खेले गए मुक. ाबले में धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल के एक बयान के अनुसार, चूंकि आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत यह उनकी टीम का इस सीजन का पहला अपराध था ,जो धीमी ओवर गति से संबंधित है। इसलिए रहाणे पर 12 लाख जुर्माना लगा। आईपीएल के इस 22वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स को 32 रनों से हरा दिया। मेजबान टीम ने पांच विकेट पर 192 रनों के चुनौतीपूर्ण स्कोर का सफल बचाव किया। उन्होंने बेहतरीन स्पिन गेंदबाजी के दम पर केकेआर के लक्ष्य का पीछा करने की कोशिश को रोक दिया।

# निडर पंजाब के खिलाफ मुंबई को दिखाना होगा दमखम

**मुंबई।** वानखेड़े में मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स का मैच सिर्फ एक और आईपीएल मैच नहीं है। यह ऐसी शाम है जब रेप्युटेशन डगमगाती है और कॉन्फिडेंस बढ़ता है, और इंडियन क्रिकेट की पुरानी आदतें मानसून के जिद्दी गढ्डों की तरह सतह पर लौट आती हैं।



पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस यहां ऐसे पहुंचती है जैसे कोई हैवीवेट बॉक्सर अचानक अपने पैरों पर खड़ा न हो। लगातार तीन हार ने उन्हें खतरनाक फिनिशर से बेचैन सर्वाइवर बना दिया है और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से तीसरी हार के बाद, कप्तान हार्दिक पांड्या ने अप्रोच में बदलाव की बात कही है, यह मानते हुए कि फॉर्म से कहीं गहरी चीज को ठीक करने की जरूरत है। यह टैक्टिकल एडजस्टमेंट कम और चुपचाप यह मानना ज्यादा है कि मशीन खराब हो रही है। हार्दिक अब खुद को एक ऐसी बॉलिग यूनिट को एक साथ रखने की कोशिश करते हुए पाते हैं जो लीक करती है और जंग लगी बाल्टी की तरह चलती है। चिंता सिर्फ हार की नहीं है, बल्कि उसके तरीके की है-अचानक गिरने के बजाय धीरे-धीरे खत्म होना, और एक लीडरशिप ग्रुप जानी-पहचानी जगहों पर जवाब ढूंढ रहा है। सबसे ऊपर रोहित शर्मा हैं, जो अभी भी शानदार हैं, अभी भी खतरनाक हैं, उन्होंने चार मैचों में 137 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट बताता है कि पुरानी आदत अभी भी कायम है। उनके साथ, रयान रिकेल्टन ने आक्रामक शुरुआत करके उम्मीद दिखाई है, जबकि सूर्यकुमार यादव, जो शायद उन सभी में सबसे टैलेंटेड हैं, इस सीजन में अजीब तरह से संयमित हैं, जैसे कि धमाका करने की इजाजत का इंतजार कर रहे हों। तिलक वर्मा पर भी उम्मीदों का बोझ है, एक ऐसे युवा से कहा गया है जो तूफानों का मजा लेने के बजाय उन्हें शांत करे। हार्दिक खुद हर जगह और कहीं नहीं हैं, एक पल शेरफेन रदरफोर्ड की आतिशबाजी के साथ पारी खत्म करते हैं, और फिर अगले ही पल एक ऐसे बॉलिंग अटैक को संभालने के लिए लौट आते हैं जो उनकी बात मानने से इन्कार कर देता है। मिचेल सेंटनर कंट्रोल तो करते हैं लेकिन डराते नहीं हैं। नमन धीर और शार्दुल ठाकुर से उम्मीद है कि वे कमियों को पूरा करेंगे, लेकिन कमियां बहुत ज्यादा हैं। मयंक मार्कंडे बीच के ओवरों में पक्का करने की कोशिश करते हैं, लेकिन वानखेड़े ऐसे इरादों के लिए शायद ही कभी मेहरबान होते हैं। और फिर जसप्रीत बुमराह हैं। एक ऐसा नाम जिसने कभी बल्लेबाजों को डराकर रक्षात्मक चुप्पी साध ली थी, अब खुद को असहज जांच के दायरे में पाता है, चार मैचों में कोई विकेट नहीं, एक ऐसा आंकड़ा जो लगभग अस्वाभाविक लगता है। ट्रेंट बोल्ट भी नई गेंद से महंगे रहे हैं, जबकि व्यापक आक्रमण लय खोजने के लिए संघर्ष करता रहा है। पिच पर पंजाब किग्स खड़ी है, एक ऐसी टीम जो वर्तमान में ऐसा व्यवहार कर रही है जैसे उसने कोई ऐसा रहस्य खोज लिया हो जिसे लीग के बाकी खिलाड़ी भूल गए हैं। श्रेयस अय्यर शांत अधिकार के साथ उनका नेतृत्व करते हैं, जो हाल ही में उनकी बढ़त में पहले ही 69 रन के एंकर हैं। प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह बल्लेबाज कम, विध्वंसक दल ज्यादा रहे हैं - एक ने 20 गेंदों पर 57 रन बनाए, दूसरे ने 25 गेंदों पर 51 रन बनाए, जिससे पावरप्ले सार्वजिनक चेतावनी में बदल गए। कूपर कोनोली और नेहाल वढेरा स्थिरता प्रदान करते हैं जेवियर बार्टलेट और विजयकुमार वैशाख पेस और डिसिप्लिन देते हैं, जबकि अर्शदीप सिंह, कभी -कभी लीकेज के बावजूद, नई बॉल से उनके स्ट्राइक की उम्मीद बने हुए हैं। युजवेंद्र चहल, पुराने जादूगर, बैटर्स के उन्हें एक बार गलत समझने का इंतजार करते हैं-और फिर दो बार। वानखेड़े की पिच, किसी नेता के वादे की तरह सपाट, तबाही को न्योता देती है। पहली इनिग्स का एवरेज स्कोर लगभग 185 है और चेज करने वाली टीमें पिछले आठ में से पांच गेम जीत रही हैं, टॉस होने पर ऐसा लगता है जैसे आधा मैच पहले ही तय हो चुका है। धूप, पसीना और 30 सेल्सियस में पूरी तरह बैटिंग का मजा लें। और इसलिए कहानी और तीखी हो जाती है: मुंबई इंडियंस, न सिर्फ़ आउट ऑफ़ फ़ॉर्म है बल्कि खुले तौर पर अपनी पहचान बदलने के बारे में सोच रही है, बनाम पंजाब किग्स, एक ऐसी टीम जो बेफ़िक्रि होकर खेल रही है जैसे उसे लगता है कि अभी का उस पर कोई एहसान नहीं है। एक टीम सीजन के बीच में खुद को फिर से बनाने की कोशिश कर रही हैद्ध दूसरी टीम इससे होने वाली तबाही का मजा ले रही है।

# महात्रे के मुरीद हुए ब्रेविस

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किग्स ने टाटा आईपीएल 2026 में लगातार दो जीत दर्ज कीं, और कोलकाता नाइट राइडर्स को 32 रन से आसानी से हरा दिया।



सीएसके के डेवाल्ड ब्रेविस ने जियोस्टार एक्सपर्ट रविचंद्रन अश्विन और डेल स्टेन के साथ मिलकर आयुष म्हात्रे के धमाक. ेदार प्रदर्शन, कैप्टन रुतुराज गायकवाड़ के फॉर्म और क्या केकेआर में वापसी करने की काबिलियत है, इस पर अपने विचार साझा किए। ब्रेविस ने कहा, ष्यह मजेदार था, मैंने इसका मजा लिया। यहां भीड़ के सामने होना बहुत अच्छा था, बहुत खास। और हां, बस विकेट को जानने में समय बिताया। यह पिछली रात की तुलना में थोड़ा अलग था, लेकिन हां, बहुत मजा आया। मैदान पर डाइव लगाना, बल्ले से अच्छा स्विग करना और बस उसे महसूस करना बहुत अच्छा था। ऐसा लगता है कि मेरा थोड़ा कॉन्फिडेंस बढ़ गया है क्योंकि साइड स्ट्रेन के कारण बाहर रहना अच्छा नहीं था। लेकिन हां, मैं मजबूत महसूस कर रहा हूं और मुझे खुशी है कि हम जीत गए।ष टीम में साथी 'निडर खिलाड़ी' आयुष म्हात्रे के बारे में उन्होंने कहा, ष्म्हात्रे खास हैं, वह युवा हैं और जिस तरह से खेलते हैं, वैसे ही खेलते हैं। मेरी उनसे यही इच्छा है कि वह खुद के प्रति सच्चे रहें, मजे करें और चाहे कुछ भी हो जाए, ऐसे ही खेलें। आपके करियर में उतार-चढ़ाव आएंगे, लेकिन यह देखना शानदार है कि वह कैसे खेलते हैं। वह असल में बॉल-बाय-बॉल खेलते हैं, रिएक्ट करते हैं और उसे वहीं मारते हैं जहां उसे जाना चाहिए।ष रविचंद्रन अश्विन को उम्मीद है कि सीएसके के कैप्टन रुतुराज गायकवाड़ जल्द ही फॉर्म में आ जाएंगे उन्होंने कहा, ष्एक कैप्टन के तौर पर उन्हें कुछ जीत मिली हैं, इससे उन्हें इस टूर्नामेंट में सच में आसानी होनी चाहिए। सच कहूं तो, अगर मैं डगआउट में बैठा होता या रुतुराज गायकवाड़ होता, तो मुझे ज्यादा परेशानी नहीं होती। टी 20 एक ऐसा गेम है जहां आपको लगातार इंटेंट दिखाना होता हैद्ध बस एक छोटी सी चीज है जो मैं चाहूंगा। अगर आप आयुष म्हात्रे या संजू सैमसन को देखें, तो उन्होंने ग्राउंड में जाकर सही ऑप्शन चुने। जबकि रुतुराज थोड़ा ज्यादा लाइन के पार जा रहे हैं और जल्दी कैच आउट हो रहे हैं। अगर वह अपनी इनिग्स की शुरुआत में थोड़ा आराम से खेलते, बॉल को टाइम करते, और ज्यादा डाउन ग्राउंड खेलते तो यह उनके लिए अच्छा होता।

# ओटो विर्टानेने को हराकर अल्काराज ने बार्सिलोना ओपन में की विजयी शुरुआत

**बार्सिलोना।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अपने घरेलू क्ले टूर्नामेंट बार्सिलोना ओपन 2026 में ओटो विर्टानेस के खिलाफ जीत के साथ शुरुआत की है।



पुरुषों की विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर के खिलाड़ी अल्काराज ने मंगलवार को फिनलैंड के ओटो विर्टानेन के खिलाफ पहले दौर के मुकाबले में 6-4, 6-2 की शानदार जीत के साथ, 12 महीने बाद स्पेन की धरती पर वापसी की। उन्होंने पहले सेट के आखिर में कलाई की चोट से उबरते हुए, अपने पहले पेशेवर टेनिस मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 130वें नंबर के खिलाड़ी को आसानी से हरा दिया। विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर के खिलाड़ी अल्काराज का अगला मुकाबला चेकिया के टोमास माचाक से होगा, जिन्होंने कैटलन की राजधानी में सेबेस्टियन बाएज को 2-6, 6-4, 6-1 से हराकर पीछे से वापसी की। अल्काराज अगर अपना तीसरा बार्सिलोना खिताब जीत लेते हैं, तो वे विश्व रैंकिंग में पहले नंबर का अपना स्थान वापस हासिल कर सकते हैं, क्योंकि जानिक सिनर इस सप्ताह न तो बार्सिलोना में एटीपी 500 टूर्नामेंट में खेल रहे हैं, न ही म्यूनिख में।

# रोहित नेट्स प्रैक्टिस में नहीं गए

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस ने लंबा प्रैक्टिस सेशन किया, जिसमें रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी साफ दिखी। वह स्टेडियम नहीं गए, जिससे हर कोई उनकी फिटनेस और गुरुवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ टीम के आने वाले मैच के लिए उनकी उपलब्धता के बारे में अंदाजा लगा रहा है। जैसा कि पहले बताया गया था, रोहित हैमस्ट्रिंग में चोट से जूझ रहे हैं।



असल में, कोई भी हैमस्ट्रिंग चोट गंभीर होती है, लेकिन क्रिकबज को पता चला है कि इस बात का कोई पक्का सबूत नहीं है कि कोई गंभीर चोट है जिससे रोहित को बहुत सारे आईपीएल मैचों से बाहर रहना पड़ सकता है। रोहित सोमवार को आरसीबी के खिलाफ मुंबई इंडियंस के मैच के छठे ओवर में रिटायर्ड हर्ट हो गए थे, उन्होंने 13 गेंदों में 19 रन बनाए थे। रोहित का स्कैन हुआ, जिसके बारे में क्रिकबज ने सबसे पहले 13 अप्रैल को रिपोर्ट किया था, और पता चला है कि चोट का कोई सबूत नहीं है, यह बात मुंबई इंडियंस मैनेजमेंट के लिए राहत की बात होगी। एमआई गुरुवार को रोहित को खिलाकर कोई रिस्क लेगा या नहीं, यह बहस का मुद्दा है। हो सकता है कि मैनेजमेंट, रोहित की टीम में मौजूदगी को देखते हुए, चोट के बढ़ने के रिस्क से बचने के लिए सावधानी बरते। हालांकि, यह भी हो सकता है कि आखिरी फैसला खुद रोहित पर छोड़ दिया जाए। उनके अनुभव को देखते हुए, वही यह अहम फैसला लेने के लिए सबसे सही हैं। विल जैक्स जल्द आ सकते हैं इस बीच, पता चला है कि विल जैक्स जल्द ही टीम में शामिल होंगे, अगर वह पहले से नहीं आए हैं। कुछ संकेत थे कि इंग्लिश ऑलराउंडर मंगलवार को टीम को रिपोर्ट करेंगे, लेकिन प्रिंट में जाने तक कोई कन्फर्मेशन नहीं था। जैक्स के आने से एमआई के मिडिल ऑर्डर के साथ-साथ उनकी स्पिन बॉलिग भी मजबूत होगी - एक ऐसा एरिया जिसमें टीम ने इस सीजन में कुछ खास अच्छा नहीं किया है। जैक्स को हाल ही में हुए वर्ल्ड कप में चार बार प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था, उन्होंने अपनी ऑल-राउंड स्किल्स से इम्प्रेस किया था।

# क्या ग्रीन को ड्राप करना एक ऑप्शन है: फिंच

**चेन्नई।** पांच गेम एक भी जीत नहीं। एक मैच बारिश की वजह से रद्द हो जाने से एक पॉइंट। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच को छोड़कर, जो आखिरी बॉल तक चला, कोलक. ाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ऐसा नहीं लग रहा था कि वे आईपीएल 2026 में अपने कोई और मैच जीतेंगे।

उनका पेस अटैक कमजोर हो गया है। उनके दो मेन स्पिनर में से एक आउट ऑफ फॉर्म है। उनकी बैटिंग में फायरपावर नहीं दिखता। और, जैसा कि आरोन फिंच ने कहा, मंगलवार रात चेन्नई सुपर किग्स के खिलाफ उनकी कुछ टैक्टिक्स बहुत शक वाली थीं, भले ही सुनील नारायण के साथ बैटिंग ओपनिंग करने से पर्दे के पीछे कुछ सोच का पता चलता हो। लेकिन अगर यह जीत के लिए 193 रन के टारगेट पर होने और एक पॉजिटिव कदम के जवाब में था, तो अजिक्य रहाणे और अंगकृष रघुवंशी ने अपनी पार्टनरशिप में - 31 गेंदों में 50 रन - बहुत कम हिम्मत दिखाई। गेम के बाद ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइम आउट शो में फिच ने कहा, ष्निश्चित रूप से यह अच्छा नहीं था। केकेआर के बारे में बहुत सारे सवाल हैं, खासकर उस रन चेज में। उनकी कुछ टैक्टिक्स पर बहुत शक था।

हमने सुनील नारायण को टॉप ऑर्डर में भेजने के फैसले की तारीपफ की। आज यह काम नहीं आया (17 गेंदों में 24 रन), लेकिन यह कुछ अलग था। कम से कम उन्होंने कोशिश तो की।,लेकिन कुछ दूसरे फैसले थोड़े अजीब थे। और वे कभी भी दौड़ में नहीं थे। हमने रहाणे और रघुवंशी के साथ बैटिंग करने के बारे में बात की, कि यह कितना रुकावट डालने वाला फैक्टर हो सकता है। और उनकी पार्टनरशिप खराब नहीं थी, लेकिन उस पार्टनरशिप में अभी भी कोई फ़र्क नहीं है। वे बॉलिग नहीं लेते। वे उस पॉइंट पर नहीं पहुंचते जहां विरोधी टीम के कप्तान को अपनी टीम में बदलाव के बारे में कोई सीरियस फ़ैसला लेना पड़े।ष केकेआर के बॉलिग कोच टिम साउदी ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ष्जाहिर है कि आईपीएल में कोलकाता के लिए बैटिंग में उन्हें काफ़ी सफलता मिली है, इसलिए मुझे लगता है कि हमारे पास टॉप ऑर्डर में बहुत सारे ऑप्शन हैं, और फिर हमने सोचा कि हम इस गेम में कुछ अलग ट्राई करेंगे। मुझे लगता है, जाहिर है जब आप हार रहे होते हैं, तो आप कई अलग-अलग ऑप्शन देख सकते हैं। और हां, मुझे लगता है कि आईपीएल की यही खूबसूरती है, अपनी टीम की गहराई को परखना।



■ हमने रहाणे और रघुवंशी के साथ बैटिंग के बारे में बात की, यह कितना रुकावट डालने वाला फैक्टर हो सकता है

मंगलवार को, केकेआर ने नारायण और फिन एलन के साथ ओपनिग की। एलन ने 1 रन बनाया। अब उनके स्कोर 37, 28, 6, 9 और 1 हैं। कैमरन ग्रीन, जिन्होंने इस गेम में नंबर 6 पर बैटिंग की, इस सीजन में लगातार दो गेम में एक ही जगह पर बैटिंग नहीं की है, और उनके स्कोर 18, 2, 4, 32[ और 0 हैं। उनके पास बेंच पर टिम सीफर्ट हैं - साथ ही रचिन रवींद्र भी, जो ज्यादा फायरपावर का वादा नहीं करते हैं - लेकिन वह किसे रिप्लेस करेंगे? फिच ने कहा, ष्जब आपके पास डगआउट में इतना अनुभव होता है, तो आपको लगता है कि वे कम से कम सही समय पर सही फैसले तो लेंगे।

कैमरन ग्रीन के लिए नंबर 6 पर बैटिंग करना, उनके लिए एक अजीब पोजिशन है। मुझे नहीं लगता कि उन्होंने टी 20 क्रिकेट में ऐसा बहुत ज्यादा किया है। उन्होंने नहीं किया है। ग्रीन ने टी20 में 68 बार बैटिंग की है, जिसमें से उन्होंने सिर्फ़ नौ बार उस नंबर पर बैटिंग की है। आखिरी बार 2024 में था। लेकिन ग्रीन को ऑक्शन में 25-20 करोड़ रुपये में खरीदा गया था। वह आउट ऑफ़ टच हैं, लेकिन क्या उन्हें ड्रॉप करना भी एक ऑप्शन है? कोलकाता के पास सोचने के लिए 48 घंटे हैं क्योंकि उनका अगला मैच शुक्रवार को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ है।

# डेन्मार्क के बैडमिंटन लीजेंड एक्सेलसन ने संन्यास लिया

**बीजिंग।** डेनमार्क के लीजेंड बैडमिंटन खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन ने लगातार पीठ की चोट की वजह से 32 साल की उम्र में प्रोफेशनल बैडमिंटन से संन्यास लेने का ऐलान किया है।

दो बार के ओलंपिक चैंपियन ने सोशल मीडिया पर लिखा कि आज का दिन मेरे लिए आसान नहीं है। उन्होंने अपनी पुरानी चोट से जूझने के बारे में बताया। एंडोस्कोपिक सर्जरी, कई इंजेक्शन, नई ट्रेनिंग के तरीके, इलाज, और लंबे समय तक दर्द से छुटकारा पाने के लिए हर तरह की कोशिश करने के बाद, मुझे अपनी लंबे समय की सेहत पर ध्यान देने की सलाह दी गई है। एक्सेलसन के करियर में कई कामयाबियां रहीं, जिससे बैडमिंटन के जाने-माने खिलाड़ियों में से एक के तौर पर उनका नाम पक्का हो गया। उन्होंने बीडब्ल्यूएफ मेन्स सिगल्स वर्ल्ड नंबर 1 के तौर पर कुल 183 हफ्ते बिताए, जिसमें उन्होंने दो ओलंपिक गोल्ड मेडल, दो वर्ल्ड चैंपियनशिप टाइटल और तीन यूरोपियन चैंपियनशिप क्राउन जीते, साथ ही डेनमार्क को थॉमस कप जीतने में मदद की। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में अपने सफर के बारे में बताते हुए, बैडमिटन स्टार ने शुक्रिया और गर्व भी जताया। ष्जिस दिन से मैंने पहली बार रैकेट उठाया, मुझे पता था कि मेरा सपना दुनिया में बेस्ट बनना है। मैंने हर दिन, हर सेशन, हर मैच में उस लक्ष्य को पाने के लिए इस खेल को अपना सब कुछ दिया है। उन्होंने आगे कहा कियह मेरे लिए कभी सिर्फ़ एक करियर नहीं रहा। यह मेरी जिंदगी रही है और मैंने कोई कसर नहीं छोड़ी है। प्रोफेशनल बैडमिंटन से रिटायर होने का मतलब खेल को पूरी तरह से छोड़ना नहीं है।

# सीबीएसई कक्षा 10:प्राची गुप्ता 99.4 प्रतिशत अंक लेकर बनी जिला टॉपर

## अक्षत कुमार व ध्वनि खुराना दूसरे तथा वैभव व रौनक अरोडा जिले में रहे तीसरे स्थान पर, रेनबो के व्योम व आरव को 98.4 व पाइन वुड के वाशु व वैदेही को 97.8 प्रतिशत अंक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सीबीएसई कक्षा दस में प्राची गुप्ता ने 99.4 प्रतिशत अंक हासिल कर किये है, जबकि अक्षत कुमार व ध्वनि खुराना दूसरे तथा वैभव व रौनक अरोडा तीसरे स्थान पर रही। रेनबो स्कूल के व्योम मित्तल व आरव सिंह ने 98.4 प्रतिशत अंक हासिल किये है।

आशा मार्डन स्कूल की प्राची गुप्ता ने जिले का टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया है। दूसरे नंबर पर संयुक्त रूप से आशा मॉडर्न स्कूल के ही अक्षत कुमार और एथेनिया हाईस्कूल की ध्वनि खुराना रहीं। दोनों ने एक समान 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। तीसरे नंबर पर भी संयुक्त रूप से आशा मॉडर्न स्कूल के वैभव और एथेनिया हाईस्कूल के रौनक अरोड़ा रहे। दोनों ने एक समान 98.6 फीसदी अंक हासिल किए।

जिला टॉपर रही प्राची गुप्ता का कहना है कि दसवीं में अच्छे अंक लाने के लिए नौवीं से अच्छी तैयारी करना जरूरी है। प्राची ने बताया कि उसने सालभर नियमित रूप से पढ़ाई करते हुए यह सफलता हासिल की है। उसने अपनी सफलता का श्रेय कड़े परिश्रम, माता-पिता के आशीर्वाद और शिक्षकों से मिले मार्गदर्शन को दिया।

परीक्षा परिणाम घोषित होते ही रेनबो स्कूल में बच्चों ने जमकर जश्न मनाया। व्योम मित्तल व आरव सिंह ने 98.4, शौर्य प्रताप सिंह व आयु कौशिक ने 98.2, प्रेक्षा जैन ने 97.6, कृतिका सिंह ने 97.4, अन्वेषा अग्रवाल ने 9702, वाणी वर्मा ने 96.8, राधिका अरोडा, ध्रुव अग्रवाल व मिष्ठी ने 96.6, कृष्णा सिंह ने 96.4, रोहन























मनचंदा ने 96.2, निशित सिंह व धवल जैन ने 95.8, अध्ययन गुप्ता व दिपांशी अरोडा ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

विद्यालय प्रबंधक श्रीमती नरगिस मलिक, डायरेक्टर श्रीमती अमिता मलिक व प्रधानाचार्या श्रीमती आशु राठौर ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**■ अच्छा रहा बच्चों का परीक्षा परिणाम, रिजल्ट देखकर खिले चेहरे, मिठाई खिलाकर दी मुबारकबाद**

पाइनवुड स्कूल के वाशु गर्ग व वैदेही को 97.8, ग्रंथ ने 97.4, सिद्धांत व नंदनी को 97, अनन्या व शु को 96.8, अविरल को 96.2, धारिया गुप्ता व अयान को 95.4 ग्रंथ नौसरान को 95.2 व अनुष्का सिंघल को 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव जैन ने सफल बच्चों को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

गंगोह के सांगाठेडा निवासी वारिस पुत्र चौधरी जीशान एडवोकेट सदस्य जिला पंचायत ने गीता ज्ञान संस्कार अकैडमी से शानदार प्रदर्शन करते हुए 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

वारिस की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन का यह परिणाम अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी रूद्रसेन ने वारिस से फोन पर वार्ता कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# प्रोत्साहन के लिए जिला स्तरीय अस्मिता लीग कराने का निर्णय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ द्वारा विभिन्न जिलों में वॉलीबॉल तथा हैंडबॉल महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए जिला स्तरीय अस्मिता लीग आयोजित करने का निर्णय लिया।

जेवी जैन कॉलेज में एक बैठक कर यह निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से तय हुआ कि हैंडबॉल और वॉलीबॉल की महिला प्रतियोगिता जो कि उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के तत्वाधान में 24 अप्रैल को स्पोर्ट्स स्टेडियम में कराया जाएगा विजेता तथा उपविजेता खिलाड़ियों को टी शर्ट के अलावा प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

प्रतियोगिता में कोई भी महिला टीम भाग ले सकती है जिसमें हैंडबॉल टीम में कम से कम 10 खिलाड़ी और ज्यादा से ज्यादा 12 खिलाड़ी तथा वॉलीबॉल में कम से कम 8 खिलाड़ी ज्यादा से ज्यादा 12 खिलाड़ी होने आवश्यक है। टीम एंट्री के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम में एथलीट कोच लाल धर्मेंद्र प्रताप से संपर्क कर सकते हैं।

बैठक में मुस्तकीम अंसारी, लाल धर्मेंद्र प्रताप, मनीष कुमार, श्रीमती निशु राणा, आचार्य भीम मौजूद रहे। बैठक का संचालन डॉक्टर संदीप गुप्ता ने किया।

# जनसभा में पहुंचें कार्यकर्ता: चौ. नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी दो मई को उत्तराखंड के हरजौली गांव में जनसभा को संबोधित करेंगे।

चौ.नीरपाल सिंह यहां मीडिया से रूबरू हो रहे थे। उनहोंने कहा कि केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की 2 मई को उत्तराखंड में होने वाली पहली जनसभा को लेकर राष्ट्रीय लोक. दल के सभी कार्यकर्ता उत्साहित हैं। अपने नेता का भव्य स्वागत करने के लिए 2 मई का इंतजार कर रहे है। सभी रालोद कार्यकर्ता जयंत चौधरी की 2 मई को गुरुकुल नारसन के हरजौली गांव में होने वाली पहली जनसभा को सफल बनाने के लिए जी जान से जुट जाए। गांव गांव जनसंपर्क व नुक्कड़ सभाएं करके प्रोग्राम का प्रचार प्रसार करे। प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र पंत ने कहा कि जयंत चौधरी के उत्तराखंड आगमन से पार्टी में नई जान पड़ेगी। कार्यकर्ताओं में नई उर्जा का संचार होगा। राष्ट्रीय लोकदल उत्तराखंड में मजबूत होगा।

इसका लाभ 2027 विधानसभा चुनाव में मिलेगा। इस अवसर पर खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष रूपिन चौधरी, जितेंद्र बालियान, संजय इतोरिया उपस्थित रहे।

# लघु नाटिका से दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** लाला किशनचंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के जयंती समारोह के साथ ही मिशन शक्ति के तहत नारी वंदन कार्यक्रम भी आयोजित हुआ।

शुभारम्भ बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर प्राचार्य डॉ ऋषिपाल सिंह और मिशन शक्ति प्रभारी डॉ. अर्चना ने किया। राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ अभिलाष कुमार ने डॉ अंबेडकर के जीवन, व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं ने लघु नाटिका प्रस्तुत की। प्राचार्य डॉ ऋषिपाल सिंह ने उद्बोधन में डॉ. अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा आदि पर विचार रखे।

# ग्लोकल विवि. में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर संगोष्ठी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्वविद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति फाइनेंस सैयद निजामुद्दीन और अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति एकेडमिक प्रोफेसर डॉ. ओम कुमार हर्ष के संरक्षण और कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी की प्रेरणा से नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत एक प्रभावशाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ग्लोकल विश्वविद्यालय में आयोजित गोष्ठी में प्रख्यात वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रोफेसर डॉ. अतीका बानो, ग्लोकल लॉ स्कूल की डीन ने अपने वक्तव्य में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इससे महिलाओं की निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ेगी और समाज में समानता की भावना को बल मिलेगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस परिवर्तन का समर्थन करें और समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करें।



वहीं छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शोभा त्रिपाठी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल कानूनों से नहीं, बल्कि सामाजिक सोच में परिवर्तन से संभव है। यह अधिनियम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान करता है और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करता है। उन्होंने शिक्षा और जागरूकता को सशक्त समाज की नींव बताया।

अंत में आयोजकों ने सभी वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और इस प्रकार के कार्यक्रमों को भविष्य में भी आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर विभिन्न विभाग के छात्र-छात्राओं के साथ स्कूल ऑफ आर्ट्स एंड सोशल साइंस के डीन डॉ. वसीम अहमद और ग्लोकल लॉ स्कूल के सभी शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद भी रहे।

# बाबा साहेब व कांशीराम के सपने साकार करने होंगे: चन्द्रशेखर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर आजाद ने समाज से एकजुट होकर बाबा साहब और मान्यवर काशीराम के सपनों को पूरा करने का आहवान किया।

चंद्रशेखर आजाद ने यह बात माता रमाबाई महिला मित्र मंडल द्वारा सिद्धार्थ नगर में आयोजित भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव कार्यक्रम में कही। उन्होंने बाबा साहब डा.अंबेडकर के संघर्ष में जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए समाज से एकजुट होने का आहवान किया। कार्यक्रम का प्रारंभ महिला मित्र मंडल के सदस्यों के द्वारा बुद्ध वंदना की प्रस्तुति से किया गया। बाल कलाकारों की टीम ने हुकुमचंद वाल्मीकि के नेतृत्व में बाबा साहब के जीवन चित्रण का मंचन कर सबको मंत्र मुक्त कर दिया। महिला मित्र मंडल के सदस्यों ने अतिथियों को शॉल भेंट कर वह प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।



प्रमुख सदस्य संगीता तेग. वाल, कविता सिंह, किरण सिंह, पूनम लांबा, शशि मोरिया, रेनू दुधारा, उषा, अंजलि,, मो. निका सिंह विमला देवी ने शानदार प्रस्तुति दी और सभी अतिथि गणों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर संजय तेगवाल, सीताराम सहगल, डॉ महेश चंद्रा, डॉ अरविंद कुमार, डॉ अश्विनी, डॉ बृजपाल झागरोली, रवि कुमार बौद्ध आदि ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। संचालन बृजपाल सिंह ने किया।

# समता व बंधुत्व की नीव रखी: दानिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**तीतरो।** युवा कांग्रेस नेता दानिश खान ने कहा कि डा. भीमराव अम्बेडकर ने भारतीय संविधान में समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व की नींव रखी।

उन्होने कहा कि बाबा साहब ने न केवल भारतीय संविधान का निर्माण किया, बल्कि समाज में फैली असमानता, जातिवाद और अन्याय के खिलाफ भी आजीवन संघर्ष किया। उन्हें श्आधुनिक भारत का निर्माताश कहा जाता है। बाबा. साहेब का जीवन ज्ञान का प्रतीक है। उन्होंने शिक्षा के महत्व को समझा और दलितों, महिलाओं तथा पिछड़ों को उनके अधिकार दिलाने के लिए कड़ा संघर्ष किया। बाबासाहेब ने हमें एक अमर मंत्र दिया: शिक्षित बनो, संगठित रहो, और संघर्ष करो। यह संदेश आज भी हमें प्रेरित करता है। उनका मानना था कि जब तक समाज में समानता नहीं होगी, तब तक देश की स्वतंत्रता अधूरी है। आज, जब हम यह जयंती मना रहे हैं, तो हमारा कर्तव्य है कि हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारें। आइए, हम एक समतामूलक, शिक्षित और सशक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान दें।

# समस्याएं समाधान की मांग

**सहारनपुर।** जनपद में अखिल भारतीय आंगनवाड़ी कर्मचारी महासभा के बैनर तले आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रशासन से शिकायत दर्ज कराते हुए शीघ्र समाधान की मांग की ।

जिलाध्यक्ष पूनम शर्मा के नेतृत्व में कार्यकत्रियों ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रमाण पत्रों का सत्यापन तो कराया गया, लेकिन कई स्थानों पर विभागीय स्तर पर गलत प्रविष्टियां दर्ज कर दी गई हैं, जिससे अनेक कार्यकत्रियों को उनका देय भुगतान नहीं मिल पा रहा है। कार्यकत्रियों ने आरोप लगाया कि उनके कार्यों की अनदेखी की जा रही है।

# डॉटर कैफे टीम को 14 रन से हराया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** तीन दिवसीय क्रिकेट सीरिज के दूसरे मैच में चीता क्लब ने डॉटर कैफे टीम को 14 रनो से पराजित किया।

मल्हीपुर रोड स्थित ट्रफ स्टार क्रिकेट एकेडमी में आयोजित प्रतियोगिता में चीता क्लब के कप्तान शिवकुमार बलाल खेड़ी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते निर्धारित 25 ओवर में 9 विकेट खोकर 203 रन का लक्ष्य विपक्ष डॉटर कैफे के समक्ष रखा। जिसमें शानदार बल्लेबाजी करते कप्तान शिवकुमार ने 28, विपिन चौधरी 29, कमल त्यागी 22 जबकि सलमान ने 19 रन का योगदान अपनी टीम को दिया। डॉटर कैफे की तरफ से शानदार बोलिंग करते साजिद मलिक ने तीन विकेट जबकि प्रशांत शर्मा व यश त्यागी ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी डॉटर कैफे की टीम चीता क्लब तेज गेंदबा. जों के सामने रनों के लिए जुझती नजर आई। जिसके चलते 24.5 ओवर में 188 रन पर टीम ऑल आउट हो गई। 14 रन के अंतर से चीता क्लब ने मैच जीत सीरीज को बराबर कर लिया। चीता क्लब की तरफ से शानदार बोलिंग करते जनक अंबेहटी ने तीन महत्वपूर्ण विकेट लिए वही संजय बलाल खेड़ी ने दो विकेट लिए जबकि आरव शर्मा, सलमान खेडा, नितिन गुप्ता, प्रदीप वर्मा ने एक-एक विकेट लिया शानदार बोलिंग की बदौलत जनक लेग स्पिनर को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार क्रिकेट एकेडमी कोच आयुष चौधरी ने अपने हाथों से शील्ड देकर सम्मानित किया।

# चैलेंजर ट्रॉफी आज से होगी शुरू

**सहारनपुर।** जिले में महिला क्रिकेट को नई दिशा देने के उद्देश्य से 16 से 19 अप्रैल तक महिला चैलेंजर ट्रॉफी 2026 का आयोजन सोना क्रिकेट अकादमी (देव भूमि कॉलेज के पास) में किया जाएगा।

इस टूर्नामेंट की पहल सीनियर महिला क्रिकेट खिलाड़ी एवं उत्तर प्रदेश महिला क्रिकेट टीम की कोच भावना तोमर ने की है। टूर्नामेंट में सहारनपुर रेड, सहारनपुर ब्लू, मेरठ, गाजियाबाद और करनाल की टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता के सभी मुक. ाबले प्रतिदिन सुबह 8 बजे से खेले जाएंगे। भावना तोमर ने बताया कि सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन मोहम्मद अकरम महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने प्रयास कर रहे है।

# डा. आम्बेडकर को बताया प्रेरणा का अमूल्य स्रोत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मेयर डा.अजय सिंह व नगर विधायक राजीव गुंबर ने संविधान निर्माण बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें भारतीय समाज के लिये प्रेरणा का अमूल्य स्रोत बताया।

देहरादून रोड स्थिति संत गुरु रविदास छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम में मेयर डा.अजय सिंह ने कहा कि बाबा साहेब ने अपने विचारों और कार्यों के माध्यम से सामाजिक न्याय, समानता और मानव अधिकारों के लिए एक सशक्त आधार तैयार किया। उनके द्वारा निर्मित भारतीय संविधान देश की एकता, अखंडता और लो. कतांत्रिक मूल्यों का प्रमुख स्तंभ है। विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि आज का भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाबा साहेब के आदर्शों, समावेशी विकास, सामाजिक न्याय और सबके लिए समान अवसर को साकार करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई ने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलकर एक सशक्त, समरस और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। अनुसूचित आयोग के सदस्य महिपाल बाल्मीकि व राजेश जौहरी ने भी विचार रखे। मेयर अजय कुमार सिंह ने पार्क में घास काटने की मशीन व वाटर कूलर देने की घोषणा की।

कार्यक्रम में वार्डन योगेश, दिव्य प्रकाश भारती, मास्टर पवन कुमार, हिमांशु कुमार, पार्षद मोहर सिंह, सुभाष चंद संजीव कर्णवाल, अंकित जाटव, महामंत्री ललित कटारिया, सरदार सूपनीत सिंह, उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, योग चुग, प्रदीप शर्मा, गोपाल मेहंद. ीरत्ता, दीपक रहेजा, के के बत्रा, राजकुमार कालरा, कुलदीप पुंडीर, मंत्री नितिन परमार, विपिन आदि उपस्थित रहे।

# कैडेट्स को प्रमाण पत्र वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** 32यूपी बटालियन एनसीसी धामपुर में जूनियर डिविजन और जूनियर विंग के एनसीसी कैडेट्स को एक समारोह के दौरान बटालियन में प्रशासनिक अधिकारी के द्वारा ए प्रमाण पत्र वितरीत किए गए। विभिन्न विद्यालयों से बटालियन में आए सभी कैडेट्स प्रमाण पत्र प्राप्त कर खासे उत्साहित दिखाई दिए। इस मौके पर सूबेदार मेजर बलवंत सिंह का भी विशेष योगदान रहा। प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल ललित भट्ट ने सभी कैडेट्स को शुभकामनाएं दी तथा आगे भी कड़ी मेहनत करने को कहा। कुल 198 कैडेट्स को प्रमाण पत्र वितरीत किए गए। उधर बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल गणेश शंकर विद्यार्थी ने भी सभी कैडेट्स को शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर सेकेंड अफसर भूपेंद्र सिंह, हवलदार मनोज राय तथा अन्य पीआई स्टाफ मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

**गुरुवार, 16 अप्रैल 2026**

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## महंगाई की मार

भारत में महंगाई की स्थिति और आम जनमानस पर इसके व्यापक सामाजिक-आर्थिक प्रभावों का विश्लेषण एक अत्यंत गंभीर और बहुआयामी विषय है। जब हम वर्तमान आर्थिक परिदृश्य को देखते हैं, तो यह स्पष्ट होता है कि देश में सामा. जिक स्तर पर आर्थिक असंतुलन एक बड़ी चुनौती के रूप में उभरकर सामने आया है। रोजगार और आय के मोर्चे पर देश की एक बड़ी आबादी के लिए स्थितियां आज भी संतोषजनक नहीं कही जा सकतीं। यह एक विचित्र विरोधाभास है कि एक तरफ सरकार की ओर से लगातार यह दावा किया जाता है कि महंगाई पूरी तरह नियंत्रण में है और विकास की दरें सकारात्मक हैं, वहीं दूसरी ओर बाजार में आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। इस बढ़ती महंगाई का सीधा और सबसे क्रूर प्रहार आम आदमी की जेब पर पड़ रहा है, जिसे अपने घर चलाने के लिए जरूरी खर्चों में कटौती करनी पड़ रही है और कई तरह की मानसिक एवं आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसी भी विकासशील अर्थव्यवस्था में जब आय के साधन सीमित हों, तो आम नागरिक की सरकार से यही प्राथमिक अपेक्षा होती है कि कम से कम रोजमर्रा की जरूरी वस्तुएं उसकी पहुंच के भीतर रहें, ताकि परिवार के भरण-पोषण का संकट उत्पन्न न हो, लेकिन हाल के वर्षों का अनुभव यह बताता है कि आमदनी उस अनुपात में नहीं बढ़ी है, जिस गति से बाजार में वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बढ़ी हैं। सरकारी आंकड़ों पर गौर करें तो मार्च 2026 में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.4 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई, जबकि फरवरी में यह 3.2 प्रतिशत थी। हालांकि यह आंकड़ा पहली नजर में छोटा लग सकता है, लेकिन जब हम इसके घटकों का बारीकी से अध्ययन करते हैं, तो वास्तविकता अधिक जटिल नजर आती है। इस महंगाई वृद्धि के पीछे अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियां भी एक बड़ा कारक रही हैं। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और भू-राजनीतिक अस्थिरता के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रंखला प्रभावित हुई है, जिसका सीधा असर भारत जैसे आयात-निर्भर देशों की खुदरा महंगाई पर पड़ता है। विशेष रूप से अमेरिका, इस्राईल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव वैश्विक बाजार में अनिश्चितता पैदा कर रहा है। यदि यह युद्ध की स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो आने वाले दिनों में ईंधन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में और अधिक उछाल आने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। महंगाई का बढ़ना केवल एक आर्थिक आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह देश के सामा. जिक ताने-बाने को प्रभावित करने वाला कारक है। देश में आर्थिक असंतुलन की खाई और चौड़ी होती जा रही है। एक तरफ जहां कॉरपोरेट लाभ और उच्च आय वर्ग की संपत्ति बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर रोजगार की कमी और बढ़ती कीमतों ने निम्न और मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति को बुरी तरह प्रभावित किया है। जब आय स्थिर हो और क्रय शक्ति घट रही हो, तो आवश्यक वस्तुओं पर होने वाला मामूली सा खर्च भी एक बड़े वित्तीय संकट का रूप ले लेता है।

## पुराने संशोधनों को लागू किया जाए



तमाम विपक्षी दल महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन सरकार जिस तरह से इसे लागू करने की योजना बना रही है, वह पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित और जनता को गुमराह करने वाला कदम है, हम सभी महिला आरक्षण बिल के पक्ष में हैं, लेकिन सरकार जिस तरह से इसे लेकर आई है, वह राजनीति से प्रेरित है, हमने हमेशा इस बिल का समर्थन किया है, लेकिन हमारा आग्रह है कि पुराने संशोधनों को लागू किया जाए, सरकार परिसीमन और जनगणना के नाम पर चालें चल रही है, कार्यपालिका के जरिए संविधान की उन शक्तियों को हथिया रही है जो संसद और संस्थाओं के पास होनी चाहिए, इन्होंने पहले भी असम और जम्मू-कश्मीर के परिसीमन में हमें धोखा दिया है, इसलिए हम इस बिल के मौजूदा स्वरूप का एकजुट होकर संसद में विरोध करेंगे।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

# सही समय : महिला आरक्षण से बदलेगी भारतीय लोकतंत्र की तस्वीर





**शोभा करंदलाजे**

एक राज्यमंत्री के रूप में पहली बार शपथ लेते समय, मैंने उस खचाखच भरे कमरे में चारों ओर नजरें घुमाईं और गिनती की। वहां मौजूद महिलाओं की संख्या उंगलियों पर गिनी जा सकती थी। इस दृश्य ने केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि के रूप में ही नहीं, बल्कि इस बात के स्पष्ट संकेत के रूप में भी एक छाप छोड़ी कि सार्वजनिक जीवन में महिलाओं को अभी भी काफी लंबा सफर तय करना बाकी है।

मैं कर्नाटक के तटीय इलाके के पुत्तूर के पास स्थित एक छोटे से गांव से आती हूं। पारंपरिक रूप से यह एक समृद्ध इलाका है और यहां की महिलाओं ने हमेशा अपनी दृढ़ता एवं शक्ति का परिचय दिया है। मुझे पता है कि उस शक्ति को सार्वजनिक जीवन में लगाने का क्या मतलब होता है। खासकर, उस स्थिति में जब एक ऐसी राह पर चलना हो जिस पर पहले चंद लोग ही चले हों और हर महिला को वैसे ही जोश के साथ वैसा ही मौका नहीं मिला हो। नारी शक्ति वंदन अधिनियम पहले ही पारित हो चुका है। संसद में सितंबर 2023 में इस पर चर्चा हुई थी और संविधान में संशोधन किया गया था। लेकिन अब उस वादे को निभाने का सबसे मुश्किल काम सामने है।

### अपने लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाला लोकतंत्र

भारत में कुल 670 मिलियन महिलाएं हैं, लेकिन पिछले कई वर्षों में महज 15 प्रतिशत महिलाएं ही संसद में पहुंच पाई हैं। जो लोकतंत्र अपने आधे नागरिकों को निर्णय लेने की प्रक्रिया से लगातार बाहर रखे, उसे सच्चा लोकतंत्र तो नहीं कहा जा सकता। ऐसे लोकतंत्र को विकास की प्रक्रिया में ही माना जाएगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन कागज पर लिखे किसी कानून का तभी कोई महत्व होता है, जब उसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। जनगणना कराना बेहद जरूरी है। इसके बाद परिसीमन होना चाहिए और संसद तथा प्रत्एक राज्य की विधानसभा में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होनी चाहिए। जब कानून बनाने वाली प्रक्रियाओं में महिलाओं को शामिल किया जाता है, तो कानून बनाने का केन्द्रबिंदु ही बदल जाता है। पंचायती राज संस्थाओं में, जहां दशकों पहले महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया था, प्राथमिकताओं में स्पष्ट बदलाव देखने को मिलता है। पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा और बच्चों के पोषण के लिए अधिक बजट आवंटित किए गए। भ्रष्टाचार के प्रति कम सहनशीलता और समुदायों के प्रति अधिक जवाबदेही देखी गई। यह महज एक संयोग नहीं है। यह प्रतिनिधित्व का जीता-जागता उदाहरण है।

### दुष्चक्र को तोड़ना

मैंने अक्सर यह तर्क सुना है कि महिलाओं को अपनी योग्यता के बल पर आगे बढ़ना चाहिए। मैं इस भावना का सम्मान करती हूं। लेकिन इस आधार को खारिज करती हूं। योग्यता शून्य में नहीं पनपती। यह वहीं पनपती है, जहां अवसर मौजूद होते हैं। पीढ़ियों से, संरचनात्मक बाधाओं-सामा. जिक, आर्थिक और सांस्कृतिक-ने प्रतिभाशाली महिलाओं को राजनीति से बाहर रखा है। उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया में हमेशा उन्हीं लोगों को प्राथमिकता दी गई है जिनके पास सुस्थापित नेटवर्क एवं संपर्क तथा विरासत में मिली राजनीतिक साख रही है और जो घरेलू जिम्मेदारियों से मुक्त हैं। दूसरी ओर, महिलाओं को इनमें से कोई भी सुविधा हासिल नहीं है।

### आरक्षण से स्तर कम नहीं होता, बल्कि यह अड़चन को दूर करता है

जब बड़ी संख्या में महिलाएं पंचायतों में दाखिल हुईं, तो शुरू में उन्हें नजरअंदाज किया गया। आखिरकार, विभिन्न अध्ययनों में यह पाया गया कि उनके अपने समुदायों ने उन्हें उनके पुरुष समकक्षों की तुलना में अधिक प्रभावी, अधिक सुलभ व अधिक ईमानदार माना। जब महिलाओं को उचित अवसर दिया जाता है, तो वे केवल भाग ही नहीं लेती बल्कि नेतृत्व भी करती हैं।

### नीतिगत दृष्टि से इसके मायने

सरकार में रहते हुए अपने व्यापक अनुभवों से मैंने यह जाना है कि निर्णय लेने वाले स्थानों पर आपकी मौजूदगी ही इस बात को निर्धारित करती है कि किस विषय पर चर्चा होगी। महिला जनप्रतिनिधि मातृ स्वास्थ्य निधि में कटौती की आशंका होने पर इसके लिए आवाज उठाती हैं। वे उन नीतियों के लैंगिक प्रभाव को उजागर करती हैं, जिनका व्यवहार में सबसे बुरा असर महिलाओं पर पड़ सकता है। वे अपने निर्वाचन क्षेत्र की उन चिंताओं को सामने लाती हैं, जिनसे उनके पुरुष सहकर्मियों का सामना नहीं होता। संसद और राज्यों की विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का मतलब यह है कि पहली बार ए आवाजें अपवाद नहीं रहेंगी। ये आवाजें ढांचागत व्यवस्था का हिस्सा होंगी। स्थाई होंगी। इन्हें नजरअंदाज करना असंभव होगा।

### नारी शक्ति : सोच से कानून तक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह मानना रहा है कि भारत अपनी महिलाओं की पूर्ण और बराबरी की भागीदारी के बिना अपनी पूरी क्षमताओं का सदुपयोग नहीं कर सकता। यह महज एक बयानबाजी भर नहीं, बल्कि एक ऐसा .ढ़ विश्वास है जिसने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' से लेकर 'जन धन', 'उज्ज्वला' और 'प्रधानमंत्री आवास योजना' में महिलाओं की रिकॉर्ड भागीदारी वाली नीतियों को दिशा दी है। उन्होंने नारी शक्ति को केवल एक नारा नहीं, बल्कि विकसित भारत का आधार बताया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसी सोच की पूर्ण अभिव्यक्ति है। यह सोच महिला सशक्तिकरण को कल्याणकारी योजनाओं से आगे बढ़ाकर शासन की संरचना में समाहित करती है। सभी दलों के अपने साथियों से यह क्षण हम सभी का है। यह मौका किसी एक दल का नहीं, बल्कि एक संस्था के रूप में संसद का है।

सरकार के हर स्तर पर इस राष्ट्र की सेवा करने वाली एक महिला के रूप में, मैं सभी से अपील करती हूं और मेरा मानना है कि हम सभी भारत के लोकतंत्र को मजबूत और अधिक पूर्ण देखना चाहते हैं। भारत की महिलाओं के प्रति हमारा अब यह कर्तव्य है कि हम जनगणना कराने, परिसीमन के कार्य को पूरा करने और यह सुनिश्चित करने में तत्परता बरतें कि इस प्रक्रिया में एक भी दिन अनावश्यक रूप से बर्बाद न हो। मैं कार्यान्वयन, आरक्षित सीटों के चक्रण (रोटेशन), परोक्ष (प्रॉक्सी) उम्मीदवारों और सनसेट क्लॉज से जुड़ी चिंताओं से अवगत हूं। यह जायज बहसें हैं, लेकिन हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि इन पर तत्काल ध्यान दिया जाए। सिद्धांत सही है। हमें पूर्णता को परिवर्तनकारी कदमों के आड़े नहीं आने देना चाहिए।

**( लेखिका केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा श्रम और रोजगार राज्यमंत्री हैं )**

# शोषण व चाटुकारिता के भंवर में पत्रकारिता

**पाकिस्तान कब से भारतीय नौकरियों में हस्तक्षेप करके वेतनमान तय करने का परोक्ष-अपरोक्ष अधिकारी बन गया। दरअसल, न्यूज चैनलों ने अपनी विश्वसनीयता, अपनी गैरत, अपना राष्ट्र धर्म, अपनी भाषा, अपने विषय। सब कुछ पूंजीपतियों व सत्ता के चरणों में न्योछावर कर दिए हैं। 2014 के बाद से एक भी जन सरोक. ारों के विषयों पर कभी भी चैनलों ने बहस नहीं की। उस पर एक दल विशेष के कार्यकर्ताओं को शो में बुलाकर बेमतलब के टाइमपास विषयों पर बहस, अब एक ट्रेंड बन गया है। जब भी सत्ता पर कोई बात आ रही होती है।**



**पवन सिंह**

भारत के न्यूज चैनल्स मक्कारी, झूठ और चाटुकारिता से सनी जो पत्रकारिता कर रहे हैं, वह अब सीधे-सीधे राष्ट्र के प्रति युद्ध छेड़ने की परिभाषा में आती है। न्यूज चैनलों ने इस देश के भीतर वह माहौल खड़ा कर दिया है जो कभी भी न तो सीआईए कर पाई और न ही आईएसआई। पूरे देश के सामाजिक ढांचे को न्यूज चैनलों ने तबाह कर दिया है। समुदायों के बीच नफरत की खेती जिस तरह से भारतीय न्यूज चैनलों ने की है, ऐसा आपको विश्व में कहीं देखने को नहीं मिलेगा। आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षिक, धार्मिक, व्यावहारिक, हर एक प्लेटफार्म को भारतीय मीडिया ने नष्ट कर दिया है। भारतीय मीडिया ने खुल्लम खुल्ला देश के भीतर एक आतंकवादी जैसा हमला किया, जिसने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत को बेहद कमजोर कर दिया है। जिस देश में भारतीय न्यूज चैनलों जैसा अस्तित्व हो, वहां किसी भी देश को दुश्मनों की जरूरत नहीं है। नोएडा में हुए श्रमिक असंतोष का ठीकरा पाकिस्तान के सिर फोड़ना, भारतीय मीडिया के घटिया स्तर को दिखाता है। भारतीय मीडिया 2014 के बाद से जनता के सरोकारों से पूरी तरह से कट चुका है। जो लोग भी न्यूज चैनल्स देखते हैं वह झूठ, मक्कारी, नफरत के जहर को अपने व अपनी पीढ़ियों के भीतर जज्ब करते हैं। क्या पाकिस्तान ने भारतीय पूंजीपतियों से कहा था कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा में जाकर उद्योग लगाओ और श्रमिकों को 10 हजार से 13 हजार का वेतन दो। क्या पाकिस्तान की इतनी हैसियत हो चुकी है कि वह भारत के उद्योगपति को दिशा-निर्देश दे सके। यह कैसी असंवेदनशील पत्रकारिता है कि हमें जिन श्रमिकों के हितों के लिए खड़ा होने की जरूरत थी, हम उनके गुस्से, उनकी लाचारी, उनकी विवशता, उनकी गरीबी, उनके संघर्ष, उनके दर्द, उनकी भूख के साथ न खड़े होकर, सत्ता और पूंजीपतियों के समर्थन में नंगे खड़े हो गए। भारत एक परपीड़न में आनंद की अनुभूति लेने वाला देश है। असमानता और जातीय भेदभाव से गौरवान्वित महसूस करने वालों का मुल्क है। धार्मिकता की बीमारी ने 90 प्रतिशत भारतीय समाज को जड़ बुद्धि कर रखा है। यह सब मिलकर भारत को एक कबीलियाई जैसा देश बनाते हैं। जहां समान न्याय और समानता की बात सोचना, रात में सूर्योदय होने जैसा है। लाइट, कैमरा, एक्शन। में चेहरा पेंट करवाकर, खुद लाखों रुपये का वेतन पैकेज पाने वाली खबरांग्नाओं को यह एहसास है कि 13 हजार के वेतन में, कैसे जिया जा सकता है? प्राप्त आंकड़ों के अनुसार देश में करीब 88 प्रतिशत श्रमबल अनौपचारिक व असंगठित क्षेत्र में है। वर्ष, 2022-23 में 57 प्रतिशत स्वरोजगार व 22 प्रतिशत दैनिक श्रमिक हैं, मतलब काम आया न आया टाइप्स। वर्ष, 2020 के आंकड़ों के आधार पर श्रमिकों के कार्यबल को अगर देखें भारत के 476.67 मिलियन श्रमिकों में से 41.19 प्रतिशत कृषि क्षेत्र में, 26.18 प्रतिशत उद्योग व 32.33 प्रतिशत सेवा क्षेत्र में कार्यरत हैं। असंगठित क्षेत्र में करीब 88 प्रतिशत श्रमिक हैं। चलिए जब श्रमिकों पर लिखा ही है तो आपको संविदा कर्मियों को संक्षिप्त सच भी बता ही देते हैं। तथाकथित लोकप्रिय सरकारें व यशस्वी नेता जो साल दर साल अपना वेतन, भत्ते, सुविधाएं। भेज थपथपा कर बढ़ा लेते हैं, वो कभी भी न तो श्रमिकों और न संविदा कर्मियों के दर्द व विवशता के लिए सामने आते हैं। वर्ष, 2030 तक संविदा कर्मियों की संख्या करीब 1 करोड़ पार कर जाएगी। विगत 12 वर्षों में, संविदा कर्मचारी क्षेत्र 14-16 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ा है। एक अनुमान के अनुसार, राज्य और केंद्रीय सरकारों में कार्यबल का लगभग 47 प्रतिशत हिस्सा संविदा या अनु. बंध पर है। वर्ष, 2023 में, 54 लाख संविदा श्रमिक औपचारिक रोजगार में शामिल हुए। क्या पाकिस्तान ने कहा था कि भारत में 13 हजार से 16 हजार वेतनमान पर, नेताओं की प्लेसमेंट एजेंसियों के द्वारा खाने-कमाने-लूटने-चूसने का ढांचा खड़ा किया जाए? अगर यह पाकिस्तानी इशारे पर हुआ है तो यह सरकार पर सवालिया निशान लगाया है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जबरन धर्मांतरण और उत्पीड़न के आरोपों से हिला कॉरपोरेट तंत्र



**प्रो. आर.के. जैन**

कॉरपोरेट दफ्तरों की जगमगाहट, कांच की ऊंची इमारतों का मोहक आभास और प्रोफेशनलिज्म के बड़े-बड़े दावे यदि इनके भीतर भय, शोषण और दबाव का अंधकार पलता हो, तो यह किसी एक कंपनी की चूक नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की गहरी असफलता का संकेत है। अप्रैल 2026 में नासिक स्थित एक आईटी इकाई (टीसीएस) से सामने आया प्रकरण इसी कड़वी सच्चाई को उजागर करता है, जहां महिला कर्मियों के सपनों को सुनियोजित ढंग से रौंद दिया गया। रोजगार, सम्मान और आत्मनिर्भरता की आकांक्षा लेकर आई इन महिलाओं को अपने ही कार्यस्थल पर ऐसे असहनीय दबावों का सामना करना पड़ा, जो किसी भी सभ्य समाज के मूल्यों के सर्वथा विपरीत हैं।

यह मामला केवल यौन शोषण के आरोपों तक सीमित नहीं है इसके भीतर भय, मानसिक उत्पीड़न, धार्मिक आस्था पर दबाव और अधिकारों के खुले दुरुपयोग की कहीं अधिक गंभीर परतें छिपी हुई हैं। सामने आई शिकायतों के अनुसार, कुछ वरिष्ठ कर्मचारियों ने महिला कर्मियों पर अनुचित प्रस्तावों, अश्लील टिप्पणियों और निजी संबंध बनाने के लिए निरंतर दबाव डाला। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो उन्हें पदोन्नति रोकने, नौकरी समाप्त करने और उनके निजी जीवन को बदनाम करने की धमकियां दी गईं। सत्ता और पद के बल पर किया गया यह आचरण केवल अनैतिकता की पराकाष्ठा नहीं, बल्कि स्पष्ट रूप से कानूनन दंडनीय अपराध है, जो किसी भी

**कार्यस्थल केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और विश्वास का वातावरण होना चाहिए। यदि इस घटना से भी ठोस सबक नहीं लिया गया, तो यह महज एक और मामला बनकर रह जाएगा और यह किसी भी समाज की सबसे बड़ी विपफलता होगी।**



कार्यस्थल की गरिमा, सुरक्षा और विश्वास को पूरी तरह ध्वस्त कर देता है। यह प्रकरण और भयावह तब बनता है, जब स्पष्ट होता है कि यह छिटपुट घटनाएं नहीं, बल्कि लंबे समय से सक्रिय संगठित तंत्र का परिणाम था। पुलिस जांच और शिकायतों के अनुसार, आठ महिला कर्मचारियों की नौ एफआईआर्स में सामने आया कि टीम लीडर्स सहित वरिष्ठों ने 2022 से 2026 तक करीब चार वर्षों तक सुनियोजित ढंग से उन्हें निशाना बनाकर दबाव में रखा। पुलिस ने फरवरी से 40 दिन तक महिला पुलिसकर्मियों के जरिए अंडरकवर ऑपरेशन चलाकर साक्ष्य जुटाए। आरोप हैं कि निजी तस्वीरें-वीडियो से ब्लैकमेल करना, नमाज पढ़ने और गोमांस खाने को मजबूर करना, जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव और मानसिक रूप से तोड़नाकृए सब उसी तंत्र के औजार थे। यह स्थिति दिखाती है कि जब शक्ति का दुरूपयोग संस्थागत रूप ले लेता है, तो पीड़ितों के लिए आवाज उठाना कठिन और जोखिम भरा हो जाता है। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे चिंताजनक पक्ष मानव संसाधन विभाग की भूमिका पर उठते सवाल हैं। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (पोश) के तहत हर संगठन में आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) और समयबद्ध, निष्पक्ष जांच अनिवार्य है। इसके बावजूद आरोप हैं कि शिकायतों को नजरअंदाज किया गया, ईमेल और लिखित आवेदन दबाए गए, और पीड़ितों को चुप रहने के लिए मजबूर किया गयाकृयहां तक कि एक एचआर असिस्टेंट जनरल मैनेजर को भी अनदेखी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। जिस विभाग पर कर्मचारियों की सुरक्षा और न्याय की जिम्मेदारी होती है, यदि वही निष्क्रिय या सहभागी दिखे, तो यह कानून की अवहेलना के साथ विश्वास का गंभीर हनन भी है। चार वर्षों तक लगातार उठती शिकायतों के बावजूद कार्रवाई का अभाव यह स्पष्ट करता है कि समस्या कुछ व्यक्तियों तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की गहरी खामियों में जड़ें जमाए हुए थी। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (पोश) के दिशा-निर्देश स्पष्ट करते हैं कि 24 घंटे के भीतर संज्ञान लिया जाए और 90 दिनों में जांच पूरी हो, परंतु यहां इन प्रावधानों की खुलेआम अनदेखी की गई। यह मात्र लापरवाही नहीं, बल्कि कानूनी दायित्वों से बचने की प्रवृत्ति का संकेत देता है। ऐसे मामलों में देरी न केवल पीड़ित के मानसिक आघात को गहरा करती है, बल्कि आरोपियों के हौसले भी बढ़ाती है। जीरो टॉलरेंस की नीति का हवाला तब खोखला लगता है, जब सवाल उठता है कि वर्षों तक शिकायतें दबने और पीड़ितों की आवाज अनसुनी रहने के दौरान यह लागू क्यों नहीं हुई। टीसीएस द्वारा उच्च प्रबंधन स्तर पर जांच (सीओओ के निर्देशन में) के आदेश और आरोपियों का निलंबन आवश्यक कदम हैं, पर पर्याप्त नहीं, क्योंकि नेसेंट इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एम्प्लॉइज सीनेट ने श्रम मंत्रालय से पोश कंप्लायंस ऑडिट की मांग की है। जवाबदेही केवल निचले स्तर तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, उसे उन सभी स्तरों तक तय होना चाहिए जहां लापरवाही या मिलीभगत रही हो। कॉर्पोरेट संस्थानों की साख मुनाफे या छवि से नहीं, बल्कि कर्मचारियों की सुरक्षा, सम्मान, पारदर्शिता और विश्वास से बनती है।

यह घटना किसी एक कंपनी तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे आईटी क्षेत्र में कार्यस्थल की सुरक्षा पर गहरे और असहज प्रश्न खड़े करती है। क्या आधुनिक दफ्तर वास्तव में सुरक्षित हैं, या केवल बाहर से सजे-धजे और आकर्षक दिखते हैं? क्या महिलाओं और अन्य कर्मचारियों को अपने अधिकारों के लिए आज भी संघर्ष करना पड़ेगा? यह प्रकरण स्पष्ट करता है कि जब तक शिकायत तंत्र मजबूत, पारदर्शी और निष्पक्ष नहीं होगा, तब तक किसी भी कानून का प्रभाव सीमित और अधूरा ही रहेगा। कर्मचारियों के भीतर यह विश्वास होना चाहिए कि उनकी आवाज न दबेगी, न अनसुनी होगी, बल्कि उसे गंभीरता से सुना जाएगा और उन्हें समयबद्ध न्याय अवश्य मिलेगा। अब समय केवल औपचारिक प्रतिक्रिया का नहीं, बल्कि ठोस और निर्णायक सुधार का है। इस प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यापक जांच होनी चाहिए, दोषियों को कठोर दंड मिले और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (पोश) के अनुपालन की स्वतंत्र ऑडिट पूरे आईटी क्षेत्र में कराई जाए। साथ ही मानव संसाधन तंत्र को स्पष्ट रूप से जवाबदेह बनाना और कर्मचारियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना आवश्यक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



गैघाटा। करोला गांव के कई मतदाता जिनका नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया है, चुनाव के बाद की स्थिति को लेकर चिंतित होते हुए।

## अंडमान सागर में नाव डूबी, 250 रोहिंग्या-बांग्लादेशी लापता, मलेशिया जा रहे थे

**ढाका।** अंडमान सागर में एक नाव डूबने से करीब 250 रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिक लापता हो गए हैं। यूएन रिफ्यूजी और माइग्रेशन एजेंसी के मुताबिक, यह हादसा पिछले हफ्ते खराब मौसम और ओवरलोडिंग के कारण हुआ। यह ट्रालर बांग्लादेश से मलेशिया जा रहा था। बांग्लादेश कोस्ट गार्ड ने 9 अप्रैल को अपने एक जहाज के जरिए 9 लोगों को बचाया, लेकिन बाकी लोगों का अब तक कोई पता नहीं चल पाया है। रोहिंग्या समुदाय 2017 में म्यांमार में हुई हिंसा के बाद बड़ी संख्या में बांग्लादेश में शरण लेने को मजबूर हुआ था। म्यांमार की सरकार उन्हें नागरिकता नहीं देती। वहीं, बांग्लादेश के शरणार्थी कैंपों में खराब हालात के चलते कई लोग मलेशिया जैसे देशों में बेहतर जिंदगी की तलाश में खतरनाक समुद्री सफर करते हैं।

## हंगरी के पीटर मग्यार ने यूरोपीय संघ की निधि जारी करने के लिए रखीं शर्तें


**बुडापेस्ट।** हंगरी की नवनिर्वाचित टिस्जा पार्टी के नेता पीटर मग्यार ने बुधवार को कहा कि उन्होंने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन के समक्ष अटकी हुई यूरोपीय संघ की निधि को जारी करने के लिए चार शर्तें रखी हैं। मग्यार ने हंगरी के हाल ही में संपन्न संसदीय चुनावों में जीत हासिल की है। उन्होंने बताया कि सुलेएन के साथ भ्रष्टाचार विरोधी सुधारों को लागू करने पर चर्चा की गई है, ताकि हंगरी के लिए रुकी हुई निधि का रास्ता साफ हो सके। इन शर्तों में सरकारी मीडिया के संचालन को निलंबित करना, शैक्षणिक माहौल की स्वतंत्रता को बहाल करना और सभी मंचों पर हंगरी के हितों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना शामिल है। मग्यार ने सोमवार को कहा था कि उन्होंने 20 अरब यूरो यानी लगभग 23 अरब डॉलर की अटकी हुई यूरोपीय संघ की निधि की वापसी को लेकर आयोग के साथ पहले ही बातचीत कर ली है।

# होर्मुज के बाद अब ट्रम्प की मलक्का स्ट्रेट पर नजर

## इंडोनेशिया से रक्षा करार किया, अमेरिकी सैन्य विमानों को इंडोनेशियाई इलाके में जाने की इजाजत

**वाशिंगटन।** हार्मुज स्ट्रेट में इस समय हालात काफी तनाव भरे हैं। अमेरिका वहां ईरान से जुड़े जहाजों की गतिविधियों पर सख्ती कर रहा है। इसी बीच अमेरिका और इंडोनेशिया के बीच 13 अप्रैल को एक नया रक्षा समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत अब अमेरिकी सैन्य विमानों को इंडोनेशिया के हवाई क्षेत्र में ज्यादा आसानी से आने-जाने की इजाजत मिल गई है।

इसे आधिकारिक तौर पर दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने का कदम बताया जा रहा है, लेकिन इसकी टाइमिंग को लेकर सवाल उठ रहे हैं। यह डील ऐसे समय हुई है जब यूएस ने ईरान पर दबाव बढ़ाने के लिए होर्मुज में नाकाबंदी शुरू कर दी है। इसके बाद तेल सप्लाई लगभग ठहर गई और कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि अमेरिका ने मलक्का स्ट्रेट पर नजर रखने के लिए यह करार किया है। मलक्का स्ट्रेट दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री रास्तों में से एक है। यह वही रास्ता है जो हिंद महासागर को पूर्वी एशिया से जोड़ता है और दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री रास्तों में से एक है। यहां से करीब 40 प्रतिशत वैश्विक व्यापार और लगभग 30 प्रतिशत तेल



■ यह डील ऐसे समय हुई है जब यूएस ने ईरान पर दबाव बढ़ाने के लिए होर्मुज में नाकाबंदी शुरू कर दी है

सप्लाई गुजरती है। इसकी भौगोलिक स्थिति इसे खास बनाती है। फिलिप चौनल पर इसकी चौड़ाई 3 किलोमीटर है, जो इसे बड़ा बाटलनेक बनाती है। यह होर्मुज से करीब नौ गुना ज्यादा संकरा है। मलक्का स्ट्रेट पर इंडोनेशिया, मलेशिया और सिंगापुर का कंट्रोल है। इस रास्ते से दुनिया का बहुत बड़ा व्यापार गुजरता है। यही वजह है कि इस इलाके में कोई भी हलचल सीधे तौर पर वैश्विक व्यापार को प्रभावित कर सकती है। यूएस-इंडोनेशिया डील के बाद एक्सपर्ट्स का मानना है कि अमेरिका इंडो-पैसिफिक में बड़े समुद्री रास्तों को सुरक्षित करने की रणनीति पर काम कर रहा है। अमेरिकी एक्सपर्ट्स और पूर्व सैनिकों ने कहा है कि दुनिया के चोकपाइंट्स पर यूएस अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। अगर हार्मुज को तेल की सप्लाई का मुख्य रास्ता माना जाता है, तो मलक्का को पूरी दुनिया के ट्रेड की लाइफलाइन कहा जा सकता है। यहां से तेल के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनें और बाकी सामान भी बड़ी मात्रा में एक जगह से दूसरी जगह पहुंचते हैं। चीन के लिए तो मलक्का को सबसे बड़ी रणनीतिक कमजोरी माना जाता है। चीन के करीब 80 प्रतिशत तेल आयात इसी रास्ते से आते हैं। ये इंडस्ट्रियल इकानमी और एक्सपोर्ट सिस्टम के लिए बेहद जरूरी है। इसी वजह से चीन लंबे समय से इस पर अपनी निर्भरता को एक कमजोरी मानता है। यही कारण है कि पूर्व चीनी राष्ट्रपति हू जिंताओ ने इसे 'मलक्का डिलेमा' कहा था। हाल में चीन ने इलाके के आसपास समुद्री मैपिंग और मानिटरिंग गतिविधियां बढ़ाई हैं।

# इजरायल-लेबनान ने तीन दशक बाद की सीधी बातचीत

## हिजबुल्लाह के प्रभाव को समाप्त करने को लेकर 'रुख में समानता' देखने को मिली



■ अगली वार्ता की तिथि और स्थान उपयुक्त समय पर घोषित किए जाएंगे: अधिकारी

**बेरूत/यरूशलम।** इजरायल और लेबनान के बीच हुई प्रत्यक्ष वार्ता के बाद दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने हिजबुल्लाह के मुद्दे पर समान सोच उभरने के संकेत दिए हैं और दक्षिणी लेबनान में जारी संघर्ष के समाधान की इच्छा जताई है।

अमेरिका में इजरायल के राजदूत एचियल लेइटर ने कहा कि वार्ता में हिजबुल्लाह के प्रभाव को समाप्त करने को लेकर 'रुख में समानता' देखने को मिली। उन्होंने कहा कि लेबनान सरकार ने स्पष्ट किया है कि वह हिजबुल्लाह के प्रभुत्व से बाहर निकलना चाहती है। लेइटर ने वार्ता को 'सकारात्मक और उपयोगी संवाद' बताते हुए कहा कि दोनों पक्षों ने यह महसूस किया कि वे इस मुद्दे पर एक ही दिशा में सोच रहे हैं, जो आगे की बातचीत के लिए उत्साहजनक है। लेबनान की राजदूत नादा हमादेह मोवाद ने युद्धविराम की तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हुए देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा को प्राथमिकता बताया। उन्होंने विस्थापित लोगों की सुरक्षित वापसी और संघर्ष से उत्पन्न मानवीय संकट को कम करने के लिए ठोस कदम उठाने की भी मांग की। इजरायल ने दोहराया कि उसका संघर्ष लेबनान राष्ट्र से नहीं, बल्कि हिजबुल्लाह से है, और वह भविष्य में संबंध सामान्य करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है। अधिकारियों के अनुसार, अगली वार्ता की तिथि और स्थान उपयुक्त समय पर घोषित किए जाएंगे।

### 17 देशों ने की लेबनान पर इजरायली हमलों की निंदा

**मास्को।** सत्रह देशों ने लेबनान पर इजरायली हमलों की निंदा की और पश्चिम एशिया में तनाव कम करने की प्रक्रिया में लेबनान को शामिल करने का आह्वान किया। यह जानकारी स्पुतनिक ने उन देशों द्वारा जारी एक संयुक्त बयान के हवाले से दी। इस दस्तावेज पर ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, क्रोएशिया, साइप्रस, डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, ग्रीस, आइसलैंड, लक्जमबर्ग, माल्टा, नॉर्वे, पुर्तगाल, स्लोवेनिया, स्पेन, स्वीडन और यूनाइटेड किंगडम के विदेश मंत्रियों ने हस्ताक्षर किए। ब्रिटेन के विदेश कार्यालय द्वारा मंगलवार को जारी बयान में कहा गया कि हम क्षेत्रीय तनाव में कमी लाने के प्रयासों में लेबनान को शामिल करने का आह्वान करते हैं और सभी पक्षों से एक स्थाई राजनीतिक समाधान की दिशा में काम करने का आग्रह करते हैं। हम हिजबुल्लाह द्वारा इजरायल पर किए गए हमलों की कड़ी निंदा करते हैं जिन्हें तत्काल बंद करना चाहिए। हम लेबनान पर इजरायल द्वारा किए गए बड़े पैमाने पर हमलों की भी कड़ी निंदा करते हैं। बयान में आगे कहा गया कि देशों ने दोनों पक्षों की हिंसा की निंदा की इजरायल के साथ सीधी बात. चीत के लिए लेबनान की पहल का स्वागत किया और लेबनान की क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की। इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच तनाव दो मार्च को तब शुरू हुआ जब लेबनानी आंदोलन ने ईरान के खिलाफ अमेरिकी-इजरायली सैन्य अभियान के बीच इजरायली क्षेत्र पर रॉकेट से हमला करना फिर से शुरू कर दिया।

## ईरान में मिशन अभी पूरा नहीं हुआ: मोसाद प्रमुख

**मास्को।** इजरायली खुफिया सेवा (मोसाद) के निदेशक डेविड बार्निया ने कहा कि ईरान में एजेंसी का मिशन तभी समाप्त होगा जब ईरान में राजनीतिक शासन बदल जाएगा। द टाइम्स ऑफ इजरायल अखबार ने मंगलवार को बार्निया के हवाले से कहा कि हमारा मिशन अभी पूरा नहीं हुआ है। हमने यह नहीं सोचा था कि लड़ाई खत्म होते ही यह मिशन तुरंत पूरा हो जाएगा। हमने तेहरान में हुए हमलों के बाद भी अपने अभियान को जारी रखने और परिणाम हासिल करने के लिए गहन योजना बनाई थी। यह मिशन तभी पूरा होगा जब इस कट्टरपंथी शासन को हटा दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 11 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ईरान के साथ दो सप्ताह के युद्धविराम समझौते की घोषणा करने के बाद, ईरान और अमेरिका ने पाकिस्तान के इस्लामाबाद में वार्ता शुरू की। 12 अप्रैल को अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने घोषणा की कि ईरान और अमेरिका वार्ता के दौरान किसी समझौते पर नहीं पहुंच सके और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल बिना किसी समझौते के वापस लौट गया।

# शाहबाज शरीफ सऊदी अरब, कतर और तुर्की की यात्रा पर जाएंगे

■ अगले दो दिनों में' पाकिस्तान में कुछ नए घटनाक्रम सामने आ सकते हैं: ट्रम्प

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सप्ताहांत में सऊदी अरब, कतर और तुर्की की चार दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह यात्रा अमेरिका-ईरान चर्चा के पहले दौर के बाद हो रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को संकेत दिया था कि 'अगले दो दिनों में' पाकिसतान में कुछ नए घटनाक्रम सामने आ सकते हैं।

यह यात्राएं पाकिस्तान के लिए एक बड़ी वित्तीय मजबूती के साथ हो रही हैं। वॉशिंगटन में विश्व बैंक-आईएमएफ की स्प्रिंग मीटिंग्स के दौरान वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने कहा कि सऊदी अरब ने 3 अरब डॉलर की अतिरिक्त जमा राशि देने का वादा किया है और पिछली 5 अरब डॉलर की जमा राशि की अवधि भी बढ़ा दी है। औरंगजेब ने कहा कि इस मदद से पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूती मिलेगी, उसके बाहरी खाते सुदृढ़ होंगे और आईएमएफ समर्थित कार्यक्रम के अनुपालन में सहायता मिलेगी। सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष के अंत तक लगभग 18 अरब डॉलर का भंडार रखना है, जो 3-3 महीने के आयात कवर के बराबर है। उन्होंने पाकिस्तान की हाल ही में किए गए 1.4 अरब डॉलर के यूरोबॉन्ड भुगतान का उल्लेख किया और इसे 'सामान्य घटना' करार दिया। उन्होंने आगामी विदेशी दायित्वों को पूरा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को भी दोहराया। उन्होंने इस सहयोग को सुगम बनाने के लिए क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और वित्त मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल्ला अल-जदान सहित सऊदी नेतृत्व के साथ-साथ पाकिस्तान की राजनीतिक और आर्थिक टीमों को भी श्रेय दिया। वित्त मंत्री ने कहा कि सऊदी वित्तीय सहायता और आईएमएफ व विश्व बैंक जैसे संस्थानों से मिली अंतर्राष्ट्रीय पहचान का संयुक्त प्रभाव पाकिस्तान को आर्थिक स्थिरता के लिए आत्मविश्वास और गति प्रदान करता है।

## रूस-चीन संबंध वैश्विक स्थिरता लाने में निभाते हैं महत्वपूर्ण भूमिका: लावरोव

**मास्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बुधवार को कहा कि रूस और चीन के बीच संबंध वैश्विक मामलों में स्थिरता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बीजिग में चीनी राष्ट्रपति शी जिन. पिंग के साथ एक बैठक में लावरा. `व ने कहा कि रूस-चीन संबंध विश्व मामलों में एक स्थिरता लाने वाली भूमिका निभाते हैं। ए शेष विश्व और वैश्विक बहुसंख्यक के लिए अधिक से अधिक महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं, जो समस्याएं या उथल-पुथल नहीं, बल्कि सतत विकास के लिए शांत परिस्थितियां चाहते हैं। लावरोव के अनुसार, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी नेता के बीच सहयोग की बदौलत दोनों देशों के संबंध उन झटकों के प्रति उच्च लचीलापन प्रदर्शित करते हैं, जिन्होंने दुनिया को आर्थिक और भू-राजनीतिक दोनों रूप से अपनी चपेट में ले लिया है और दुर्भाग्य से ये अंतर्विरोध तेजी से सैन्य आयाम अख्तियार कर रहे हैं। इसके अलावा, लावरोव ने चीनी राष्ट्रपति को विदेश मंत्री वांग ई के साथ अपनी बातचीत और पुतिन की चीन यात्रा की तैयारियों के बारे में जानकारी दी।

# रूस ने ईरान के संवर्धित यूरेनियम भंडार समाधान की पेशकश दोहराई

**बीजिंग।** रूस ने बुधवार को ईरान के संवर्धित यूरेनियम के भंडार के समाधान में सहायता करने की अपनी पेशकश को दो. हराया है। यह पेशकश ऐसे समय में आई है जब अगले कुछ दिनों में अमेरिका और ईरान के बीच नए दौर की वार्ता की संभावना जताई जा रही है।



■ यदि अमेरिकी हमले नहीं होते, तो ईरान होर्मुज स्ट्रेट को बंद नहीं करता

रूसी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि रूस ईरान के अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम को ईंधन-ग्रेड सामग्री में बदलने या उसे इस तरह से संग्रहीत करने में मदद कर सकता है जिससे ईरान के 'शांतिपूर्ण संवर्धन के अधिकार' का उल्लंघन न हो। रूस की यह पेशकश अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान के साथ युद्ध समाप्त होने वाला है और अगले दौर की बात. चीत जल्द हो सकती है। लावरोव ने अपनी चीन यात्रा के दौरान ईरान के रुख का बचाव करते हुए कहा कि यदि अमेरिकी हमले नहीं होते, तो ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद नहीं करता। उन्होंने खाड़ी में तनाव कम करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच निरंतर बातचीत का आग्रह किया। अमेरिका-ईरान वार्ता में विवाद का मुख्य बिदु ईरान का अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम का भंडार है, जिसे परमाणु हथियारों के निर्माण की संभावना के रूप में देखा जाता है। कूटनीति को फिर से शुरू करने के लिए एक और प्रमुख मांग मिसाइल क्षमताओं को खत्म करने की है। सीएनएन ने व्हाइट हाउस के अधिकारियों के हवाले से कहा कि अमेरिका ने मांग की है कि ईरान संवर्धन रोके और जमीन के नीचे जमा किए गए अनुमानित 460 किलोग्राम अत्यधिक समृद्ध यूरेनियम को सौंप दे। पिछले सप्ताहांत इस्लामाबाद में हुई बात. चीत के दौरान दोनों पक्षों ने संवर्धन को रोकने पर चर्चा की थी।

## रूस-चीन ने पश्चिम एशिया आदि मुद्दों पर की चर्चा

**मास्को।** रूस और चीन ने पश्चिम एशिया की स्थिति, फिलिस्तीन मुद्दे, यूरोपीय संघ के सैन्ईकरण और नाटो में संकट पर चर्चा की। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बुधवार को कहा कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि फलस्तीन, गाजा और वेस्ट बैंक को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। लाव. रोव ने कहा कि फिलिस्तीन, गाजा और वेस्ट बैंक को अंधेरे में नहीं रहना चाहिए और उन्हें पृष्ठभूमि में नहीं धकेलना चाहिए। हमने आज चीनी प्रतिनिधिमंडल के साथ यह बात बहुत स्पष्ट कर दी। रूसी विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने चीनी पक्ष के साथ पश्चिम एशिया की स्थिति, यूरोपीय संघ के सैन्ईकरण और नाटो में संकट पर भी चर्चा की।

# चीन ने बिना हथियार बेचे ईरान को बनाया मजबूत

## मिसाइल बनाने की टेक्निक दी, अमेरिका ने बैन लगाया, तो बीजिंग ने छुपकर मदद पहुंचाई

**बीजिंग/तेहरान।** पिछले करीब दो दशकों से चीन और ईरान के रिश्तों में संतुलन बना हुआ था। चीन, ईरान को सीधे हथियार बेचने की बजाय परोक्ष (इनडायरेक्ट) तरीके से मदद करता रहा। जंग शुरू होने के बाद अमेरिकी अधिकारियों का ध्यान फिर से इस पर गया है। खुफिया एजेंसियां जांच कर रही हैं कि क्या चीन ने ईरान को कंधे पर रखकर दागी जाने वाले मिसाइल भेजी हैं। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक अभी तक सबूत पक्के नहीं हैं।

अगर यह सही निकला, तो मिडिल ईस्ट में चीन की रणनीति में बड़ा बदलाव माना जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा है कि अगर यह सच साबित होता है तो चीन से आने वाले सामान पर 50 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया जाएगा। चीन ने आरोप को झूठ बताया और कहा कि टैरिफ लगाए गए तो वह जवाबी कार्रवाई करेगा। चीन ने 1980 के दशक में ईरान को बड़े पैमाने पर हथियार बेचे थे, लेकिन पिछले 10 साल में यह लगभग बंद हो गया। इसकी सबसे बड़ी वजह अंतर्राष्ट्रीय दबाव है। 2006 के बाद संयुक्त राष्ट्र



■ 2006 के बाद संयुक्त राष्ट्र ने ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर सख्त प्रतिबंध लगाए

ने ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर सख्त प्रतिबंध लगाए। इनके तहत किसी भी देश के लिए ईरान को सीधे हथियार देना मुश्किल हो गया। अमेरिका ने भी आर्थिक और व्यापारिक पाबंदियां लगाईं, जिससे ईरान को सैन्य मदद देने वाले देशों को नुकसान हो सकता है। इसी कारण चीन ने अपनी रणनीति बदल दी। उसने सीधे हथियार देने की बजाय 'डयूल-यूज' यानी ऐसी तकनीक और सामान देना शुरू किया, जिनका इस्तेमाल सिविल और सैन्य दोनों कामों में हो सकता है। इस तरीके से चीन सीधे हथियार बेचने से बच जाता है, लेकिन ईरान की सैन्य क्षमता को मजबूत करने में मदद करता रहता है। 1980 में ईरान-इराक युद्ध शुरू हुआ। उसी समय चीन में आर्थिक सुधार हो रहे थे। सरकारी कंपनियों से कहा गया कि वे सरकार पर निर्भर न रहें, बल्कि खुद कमाई कर मुनाफा कमाएं। इसका असर डिफेंस सेक्टर पर भी पड़ा। पहले जो कंपनियां सिर्फ देश के लिए हथियार बनाती थीं, उन्हें अब बाहर के देशों को हथियार बेचने की छूट मिल गई। 1982 से 1987 के बीच चीन ने ईरान को मिसाइल, लड़ाकू विमान, टैंक, बख्तरबंद गाड़ियां और राइफल्स बेचीं। दिलचस्प बात यह थी कि चीन ने इराक को भी हथियार बेचे। दोनों दुश्मन देश एक-दूसरे पर चीनी हथियारों से हमला कर रहे थे। चीन के लिए यह पूरी तरह व्यापार का मामला था।

# ट्रम्प ने पोप लियो पर फिर हमला किया

## कहा: ईरान ने पिछले दो महीनों के दौरान 42000 निर्दोष प्रदर्शनकारियों को मार डाला

**वाशिंगटन।** वेटिकन के साथ निरंतर विवाद के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को पोप लियो पर हमला तेज करते हुए कहा कि ईरान ने पिछले दो महीनों के दौरान कम से कम 42,000 निर्दोष प्रदर्शनकारियों को मार डाला है और इसलिए, उसके पास परमाणु हथियार नहीं होना चाहिए। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर कहा कि क्या कोई कृपया पोप लियो को बताएगा कि ईरान ने पिछले दो महीनों में कम से कम 42,000 निर्दोष, पूरी तरह से निहत्थे प्रदर्शनकारियों को मार डाला है। ऐसी स्थिति में ईरान के पास परमाणु बम होना 'बिल्कुल अस्वीकार्य' है। अमेरिका में जन्मे



पोप लियो पर यह हमला ट्रम्प द्वारा अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से अपनी एक एआई निर्मित तस्वीर हटाने के एक दिन बाद आया है। उस तस्वीर में ट्रम्प को पोप की वेशभूषा में दिखाया गया था जैसे कि वह स्वर्ग से उतरे हों और एक बीमार व्यक्ति को ठीक कर रहे हों। ट्रम्प को भारी विरोध के बाद यह तस्वीर वापस लेना पड़ा था। पोप के प्रति ट्रम्प का यह तीखा रुख तब सामने आया है जब पोप लियो ने शनिवार को वेटिकन सिटी के सेंट पीटर्स बेसिलिका में शाम की प्रार्थना के दौरान कहा था कि ईरान युद्ध के चारों ओर 'सर्वशक्तिमान होने का भ्रम' व्याप्त है। पोप ने कहा था कि स्वयं की मूर्तिपूजा और धन का मोह अब बहुत हुआ! शक्ति का प्रदर्शन बहुत हुआ! युद्ध अब बंद होना चाहिए! सच्ची शक्ति जीवन की सेवा करने में दिखाई देती है। ट्रम्प ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि पोप लियो अपराध के प्रति नरम हैं और विदेश नीति के लिए भयानक हैं- मुझे ऐसा पोप नहीं चाहिए, जो यह सोचता हो कि ईरान का परमाणु हथियार रखना ठीक है। अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने ट्रम्प का बचाव करते हुए पोप से 'नैतिकता के मामलों तक सीमित रहने' को कहा। उल्लेखनीय है कि वेंस स्वयं एक कैथोलिक हैं। वेंस ने फॉक्स न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि वेटिकन के लिए यह सबसे अच्छा होगा कि वह नैतिकता के मामलों और कैथोलिक चर्च में जो चल रहा है, उस तक सीमित रहे और अमेरिका के राष्ट्रपति को अमेरिकी सार्वजिनक नीति तय करने दे।

# 'बाहुबली: द इटरनल वॉर' का एनेसी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में चयन

■ 'बाहुबली: द इटरनल वॉर' अपनी रिलीज से काफी पहले ही दुनिया भर में चर्चा बटोर रही है

**मुंबई।** बाहुबली: द इटरनल वॉर का एनेसी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में चयन किया गया है। बाहुबली फ्रैंचाइजी, जिसमें 'बाहुबली: द बिगिनिंग' और 'बाहु. बली: द कंक्लूजन' जैसी दो मेगा ब्लॉकबस्टर फिल्में शामिल हैं, भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े ब्रांड्स में से एक है।

यह दुनिया भर में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय सामग्री में से एक है और इसकी अपनी एक अलग पहचान है। जहां थिएटरों में इसने रिकॉर्ड तोड़े और नए बेंचमार्क सेट किए, वहीं अब मेकर्स इसे 'बाहुबली: द इटरनल वॉर' के साथ एक नए लेवल पर ले गए हैं, जिसके टीजर ने ही ग्लोबल लेवल पर लहर पैदा कर दी है। अब एक और बड़ा ग्लोबल इम्पैक्ट डालते हुए, इस फिल्म को प्रतिष्ठित एनेसी इंटरनेशनल एनिमेशन फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया है। 'बाहुबली: द इटरनल वॉर' अपनी रिलीज से काफी पहले ही दुनिया भर में चर्चा बटोर रही है।

## अड़ीवी शेष की 'डकैत-एक प्रेम कथा' यूएस टॉप 10 में शामिल

**मुंबई।** अड़ीवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप अभिनीत फिल्म डकैत – एक प्रेम कथा का शानदार सफर जारी है। इस फिल्म ने वैश्विक और घरेलू बाजारों में दमदार प्रदर्शन दर्ज किया है। रिलीज के पांचवें दिन, फिल्म ने यूएसए बॉक्स ऑफिस चार्ट में 7वां स्थान हासिल किया और मंगलवार तक टॉप 10 में बनी रही, जो इसकी बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय लोकप्रियता और विदेशी दर्शकों के बीच मजबूत वर्ड-ऑफ-माउथ को दर्शाता है।

